अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com
उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र
आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



दैनिक
# राष्ट्रीय प्रस्तावना
गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 10 | लखनऊ, सोमवार, 21 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### मोदी चार दिन की यात्रा पर ब्रिटेन और मालदीव जायेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को चार दिन की यात्रा पर ब्रिटेन और मालदीव जायेंगे जहां वह मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के समारोह में 'मुख्य अतिथि' होंगे। श्री मोदी यात्रा के पहले चरण में 23 जुलाई को दो दिन की ब्रिटेन यात्रा पर रवाना होंगे और इसके बाद दूसरे चरण में वह 25 जुलाई को दो दिन की यात्रा पर मालदीव जायेंगे। विदेश मंत्रालय ने रविवार को बताया कि श्री मोदी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर के निमंत्रण पर ब्रिटेन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। यह प्रधानमंत्री की ब्रिटेन की चौथी यात्रा होगी। ब्रिटेन में श्री मोदी अपने समकक्ष के साथ भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं पर व्यापक चर्चा करेंगे। वह क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री की राजा चार्ल्स तृतीय से भी मुलाकात की उम्मीद है।

### राजनीति में संवाद और सौहार्द की जरूरत: उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने रविवार को देश के राजनीतिक दलों से आपसी सौहार्द, सम्मान और गरिमा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजनीति टकराव नहीं, संवाद का माध्यम है। मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद नहीं होने चाहिए। उपराष्ट्रपति निवास में आयोजित राज्यसभा इंटर्नशिप प्रोग्राम (आरएसआईपी) के आठवें बैच के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने टीवी बहसों में बढ़ती कटुता, व्यक्तिगत हमलों और अनुचित भाषा पर चिंता जताई। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहज़े में कहा, ल्कानों को थकान नहीं हो रही क्या? कान पक गए हैं ना इस टिप्पणी से उन्होंने राजनीतिक विमर्श की गिरती गुणवत्ता की ओर इशारा किया।

### हिमाचल में आपदाओं पर अमित शाह गंभीर, विशेषज्ञों की केंद्रीय टीम गठित

शिमला। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हिमाचल प्रदेश में बार-बार हो रही प्राकृतिक आपदाओं को देखते हुए एक बहु-क्षेत्रीय केंद्रीय टीम के गठन का निर्देश दिया है। इस टीम में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (गक्ख्इ), केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (एउटक्र) रुड़की, भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (क्र्ह्ख्र) पुणे, भूविज्ञानी और आईआईटी इंदौर के विशेषज्ञ शामिल होंगे। टीम प्रदेश में आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति और नुकसान का वैज्ञानिक आकलन करेगी।

# लोक कल्याण के भाव के साथ यात्रा करें शिवभक्त : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री की चेतावनी, श्रद्धा को बदनाम करने वालों से सख्ती से निपटेगा प्रशासन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● मुख्यमंत्री ने पश्चिमी यूपी में कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा, शिवभक्तों की श्रद्धा का किया सम्मान



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में कांवड़ यात्रा के पवित्र अवसर पर शिवभक्तों का स्वागत कर उनकी श्रद्धा को सम्मान दिया। मुख्यमंत्री योगी ने मेरठ में स्वयं सड़क पर उतरकर कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की। इससे पहले मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद सहित कुछ जिलों में भी हेलिकॉप्टर से कांवड़ियों पर पुष्प बरसाकर भावनात्मक श्रद्धा को नमन किया। मेरठ में मुख्यमंत्री योगी ने कांवड़ यात्रा की आड़ में उपद्रव करने वालों और यात्रा को बदनाम करने वालों को किसी भी कीमत पर न बख्शने की चेतावनी दी।

मेरठ में एक पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सावन मास में आप सभी का हृदय से अभिनंदन करता हूं। देश के विभिन्न राज्यों से लाखों शिवभक्त हरिद्वार से पावन गंगाजल लेकर भगवान शिव के विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक कर रहे हैं। बाबा औघड़नाथ मंदिर, पुरा महादेव मंदिर, दुग्धेश्वरनाथ मंदिर जैसे पवित्र स्थलों पर श्रद्धालु अपने भाव व्यक्त करेंगे। यह अत्यंत आनंददायक है कि इस यात्रा में युवा, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी शामिल होकर सामाजिक समता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि कुछ असामाजिक तत्व इस पवित्र यात्रा को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं।

यह शरारती तत्व सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से कांवड़ यात्रा को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कि हर कांवड़ संघ और हर शिवभक्त का कर्तव्य है कि वे ऐसे उपद्रवियों की पहचान कर उन्हें बेनकाब करें और प्रशासन को तत्काल सूचना दें। योगी ने कहा कि पूरे मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और यात्रा पूरी होने के बाद उपद्रवियों की पहचान कर उनके पोस्टर सार्वजनिक किए जाएंगे। कांवड़ यात्रा को बदनाम करने वालों और यात्रा की आड़ में उपद्रव करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### सरकार ने की सुरक्षा और सुविधा की पुख्ता व्यवस्था

मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि कांवड़ यात्रा के सफल और सुरक्षित संचालन के लिए सरकार, प्रशासन, स्वयंसेवी संगठनों और धार्मिक संस्थाओं ने व्यापक व्यवस्था की है। श्रद्धालुओं को न तो कोई असुविधा हो और न ही यातायात या सुरक्षा से जुड़ी कोई समस्या इसके लिए पूरा प्रशासन तैनात है। जगह-जगह पंडाल लगाए गए हैं, स्वागत शिविर बनाए गए हैं और पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा व विश्राम की पूरी व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने शिवभक्तों से आग्रह किया कि वे यात्रा के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। किसी सड़क, चौराहे या सार्वजनिक स्थल को गंदा न करें। यह यात्रा जितनी पवित्र है, उसकी गरिमा उतनी ही बनी रहनी चाहिए। शिवभक्तों को चाहिए कि वे लोक कल्याण के भाव के साथ यात्रा करें और दूसरों की असुविधा का भी ध्यान रखें।

### मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री योगी ने पूर्ववर्ती सरकारों पर हमला करते हुए कहा कि वर्ष 2017 के पहले ऐसी पवित्र यात्राओं को प्रोत्साहन नहीं मिलता था, बल्कि उन्हें बाधित किया जाता था। आज जब श्रद्धा को सम्मान देने वाली सरकार है, तो हर शिवभक्त का भी कर्तव्य बनता है कि वह इस परंपरा को शांति और गरिमा के साथ आगे बढ़ाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किसी को उपद्रवियों की जानकारी मिले तो वह स्वयं कानून हाथ में लेने के बजाय प्रशासन को सूचना दें। हम सबका दायित्व बनता है कि इस पवित्र यात्रा की गरिमा बनी रहे। भगवान शिव लोकमंगल के देवता हैं, उनकी कृपा सब पर समान रूप से बरसती है। ऐसे में इस यात्रा को किसी भी प्रकार की हिंसा या अव्यवस्था से दूर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

# श्रीनिवासन और सुदर्शन वेणु से मिलकर खुशी हुई: मोदी



एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि टीवीएस मोटर कंपनी के श्री वेणु श्रीनिवासन और श्री सुदर्शन वेणु से मिलकर उन्हें अपार खुशी हुई। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर आज एक पोस्ट में कहा,'मैं कच्छ की सुंदरता को दर्शाने और मोटरसाइकिल सवारों को वहाँ जाने के लिए प्रोत्साहित करने के उनके प्रयास की सराहना करता हूँ।' दरअसल टीवीएस मोटर कंपनी के अध्यक्ष वेणु श्रीनिवासन और उनके पुत्र सुदर्शन वेणु ने शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री 'रण उत्सव 2025' कॉफी टेबल बुक भेंट की। श्री मोदी ने आज सुबह इस मुलाकात से जुड़ी तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर री-पोस्ट की। उन्होंने कच्छ की खूबसूरती को दर्शाने के लिए वेणु श्रीनिवासन के प्रयासों की सराहना की।टीवीएस के अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को टीवीएसएम रण उत्सव 2025 कॉफ़ी टेबल बुक भेंट की। उल्लेखनीय है कि इस साल फरवरी में टीवीएस मोटर कंपनी ने गुजरात पर्यटन के साथ साझेदारी में रण उत्सव में एक असाधारण मोटरसाइकिलिंग अनुभव का आयोजन किया जिसमें क्षेत्र की संस्कृति, प्राकृतिक दृश्यों और विरासत को प्रदर्शित किया गया।

# सरकार ऑपरेशन सिंदूर समेत सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार : रिजिजू

एजेंसी



● जेपी नड्डा की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक, 51 दलों के 54 सदस्यों मे लिया भाग

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा की अध्यक्षता में रविवार को सर्वदलीय बैठक हुई, जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता शामिल हुए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार ऑपरेशन सिंदूर समेत सभी मुद्दों पर निर्धारित नियमों के तहत चर्चा के लिए तैयार है। 17 विधेयकों पर चर्चा होगी। राजनीतिक दलों की अलग-अलग विचारधारा हो सकती है, लेकिन सदन अच्छी तरह से चले, यह सरकार के साथ विपक्षी दलों की भी जिम्मेदारी है। सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने मीडिया से बातचीत में कहा कि संसद सत्र शुरू होने से पहले सभी दलों के फ्लोर नेताओं की एक बैठक हुई। आज 51 दलों के 54 सदस्यों ने बैठक में भाग लिया। 40 लोगों ने अपनी पार्टियों की ओर से अपनी राय रखी। यह बहुत रचनात्मक थी। सभी राजनीतिक नेताओं ने अपनी पार्टियों की स्थिति और उन मुद्दों के बारे में बताया, जो वे इस सत्र में लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ऑपरेशन सिंदूर समेत सभी मुद्दों पर निर्धारित नियमों के तहत चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों की अलग-अलग विचारधारा हो सकती है, लेकिन सदन अच्छी तरह से चले यह सरकार के साथ विपक्षी दलों की भी जिम्मेदारी है। किरेन रिजिजू ने कहा कि छोटे राजनीतिक दलों, खासकर जिनके पास 1-2 सांसद हैं, को बोलने के लिए कम समय मिलता है, क्योंकि समय उनकी संख्या के अनुसार आवंटित किया जाता है। लेकिन हमने इसका संज्ञान लिया है। हम छोटे दलों को पर्याप्त समय आवंटित करने पर सहमत हुए हैं। हम इसे लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति के समक्ष रखेंगे और फिर हम इस मुद्दे को कार्य मंत्रणा समिति में उठाएंगे।

बैठक में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, शिरोमणि अकाली दल से हरसिमरत कौर, भाजपा के अर्जुन राम मेघवाल, कांग्रेस से गौरव गगोई, एआईएडीएमके से थंबी दुरई पहुंचे। एनसीपी-एसपी से सुप्रिया सुले, शिवसेना से श्रीकांत शिंदे, डीएमके से टीआर बालू, आरजेडी से प्रेमचंद्र गुप्ता, जेडीयू से संजय झा, समाजवादी पार्टी से प्रोफ़ेसर राम गोपाल यादव, कांग्रेस से प्रमोद तिवारी और के. सुरेश बैठक में पहुंचे। इसके अलावा सर्वदलीय बैठक में चंद्रशेखर आजाद, अनुप्रिया पटेल, रामदास आठवले, तिरुचि शिवा सहित कई नेता पहुंचे। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि इस बार हमें पहले से ज़्यादा उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी सदन के ज़रिए देश को संबोधित करेंगे। पहलगाम पर सरकार को अपनी बात रखनी होगी। आज अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से जो बयान आ रहे हैं, वो किसी न किसी तरह से भारत की गरिमा पर, भारतीय सेना के शौर्य पर सवाल खड़े करते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति को जवाब सिर्फ़ प्रधानमंत्री ही दे सकते हैं। दूसरी बात, आज वोट के अधिकार को लेकर अहम सवाल उठ रहे हैं। जिस तरह से चुनाव आयोग विभिन्न राजनीतिक दलों से बात करने से कतरा रहा है, तो सरकार का मुखिया होने के नाते प्रधानमंत्री का फ़र्ज़ है कि वो सदन के अंदर सरकार का पक्ष रखें।

# जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों पर अमल करें अधिकारी : एके शर्मा

● मंत्री एके शर्मा ने नगर निगम की 50 करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास व लोकार्पण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मुरादाबाद। ऊर्जा विभाग के अधिकारी जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दिये गये सुझावों पर अमल करें। यह बातें उप्र सरकार में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने रविवार को मुरादाबाद में ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ जिले में हो रहे विद्युत तंत्र सुदृढ़ीकरण एवं अन्य विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान कही।

मंत्री एके शर्मा रविवार को जनपद मुरादाबाद प्रवास पर पहुंचे। नगर विकास मंत्री ने सबसे पहले नगर निगम की करोड़ों की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इसके बाद सर्किट हाउस सभागार में विद्युत विभाग और नगर विकास विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक को संबोधित किया। बैठक में नगर निगम मुरादाबाद के महापौर विनोद अग्रवाल, नगर विधानसभा से विधायक रितेश गुप्ता, कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह, विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान, महानगर भाजपा अध्यक्ष गिरीश भंडूला, नगर निकायों के अध्यक्ष, पार्षद व सभासद सहित ऊर्जा विभाग के अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने नगर निगम मुरादाबाद की 50 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। एके शर्मा ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा, 5-डी मोशन थिएटर, होलोग्राफिक प्रोजेक्टर शो, हनुमान वाटिका, स्पंदन का उद्घाटन किया। बुद्धि विहार में बन रही भव्य हनुमान वाटिका का भी शिलान्यास किया।

# सिर्फ आर्य समाज मंदिर का प्रमाणपत्र विवाह का वैध सबूत नहीं : उच्च न्यायालय

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने एक महिला के अनुकंपा नियुक्ति के मामले में दिए अहम फैसले में कहा कि सिर्फ आर्य समाज मंदिर का प्रमाणपत्र विवाह का वैध सबूत नहीं माना जाएगा। अदालत ने यह भी कहा कि महज स्टांप पेपर पर पति पत्नी के बीच तलाक नहीं हो सकता है। इन टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने महिला की अनुकंपा नियुक्ति पाने की याचिका खारिज कर दी। न्यायाधीश मनीष माथुर की एकल पीठ ने यह फैसला महिला की याचिका पर दिया। महिला ने अपने कथित पति की मृत्यु के बाद उसकी जगह खुद को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने का दावा किया था, जिसे कृषि विभाग ने बीते 5 अप्रैल को खारिज कर दिया था। दावे को खारिज करने के इसी आदेश को महिला ने याचिका में चुनौती दी थी। महिला का कहना था की उसने कृषि विभाग में कार्यरत व्यक्ति के साथ, उसकी पहली पत्नी से कथित तलाक होने के बाद वर्ष 2021 में आर्य समाज मंदिर में विवाह किया था। इसके लिए महिला ने सिर्फ आर्य समाज मंदिर से जारी विवाह का प्रमाणपत्र पेश किया। इसके अलावा वह सेवारत व्यक्ति का पहली पत्नी के साथ तलाक होने की कोई कानूनी डिक्री (फैसला) पेश नहीं कर सकी।

अदालत ने कहा कि महिला के कथित पति का पहली पत्नी के साथ तलाक का दावा सिर्फ एक स्टांप पेपर पर आधारित है, जिसमें दोनों के बीच तलाक होने की बात कही गई है। ऐसे किसी स्टांप पेपर को रिकार्ड पर पेश भी नहीं किया गया। जबकि, विवाहित जोड़े के बीच तलाक सिर्फ हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13 के प्रावधानों के तहत ही प्रभावी हो सकती है। ऐसे में तलाक को साबित करने के लिए अदालत का आदेश जरूरी है।

# कानपुर की बेटी वैष्णवी मिश्रा हुई सम्मानित प्रमाण पत्र मेडल पाकर खिल उठा चेहरा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कानपुर नगर। किसान की बेटी वैष्णवी मिश्रा ने सीबीएसई बोर्ड में 93% हाई स्कूल में नंबर लाकर अपने गांव क्षेत्र तहसील एवं जिले का नाम रोशन किया था उसी के अवसर पर ज्योति महिला समिति की पदाधिकारियों द्वारा वैष्णवी मिश्रा को हाई स्कूल में 93% अंक प्राप्त करने के अवसर पर जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर कानपुर में समिति की संस्थापिका प्रीति अवस्थी अध्यक्ष सरिता गुप्ता सचिव सीता मिश्रा कोषाध्यक्ष रेखा श्रीवास्तव आदि पदाधिकारियों के द्वारा वैष्णवी मिश्रा पुत्री संजय मिश्रा जोकि कानपुर बिल्हौर तहसील के एक छोटे से नदिहा बुजुर्ग गांव की निवासी हैं वैष्णवी मिश्रा जिनके माता-पिता से बात हुई तों बताया कि बेटी को पढ़ा लिखाकर देश व समाज सेवा में भेजना चाहते हैं वैष्णवी मिश्रा से बात हुई तो उसने भी बताया कि वह आईपीएस या फिर आईएएस बनकर देश एवं समाज की सेवा करना चाहती हैं वैष्णवी मिश्रा ने बताया कि हाई स्कूल में 93% नंबर आए हैं इंटर में बहुत मेहनत करूंगी ताकि रिजल्ट और अच्छा आ सके ताकि अपने गांव क्षेत्र तहसील जिले एवं विद्यालय का नाम रोशन कर सकूं माता-पिता गुरु हीं ईश्वर हैं मेडल प्रमाण पत्र पाकर खिल उठा चेहरा वैष्णवी मिश्रा के सम्मानित होने के अवसर पर पं0 उत्तम शुक्ला द्वारा सम्मानित किया गया व मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं बधाई दी।

### बिहार में रोजगार मेले में उमड़ी भीड़ पर राहुल का सरकार पर हमला

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिहार में एक रोजगार मेले में उमड़ी बेरोजगार युवकों की भारी भीड़ को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर हमला करते हुए कहा कि बिहार के युवा अब लच्छेदार बातों की फ़ेर में आने वाले नहीं है बल्कि उन्हें रोजगार की गारंटी चाहिए और यह काम कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया गठबंधन ही कर सकता है। श्री गांधी ने कहा कि बेरोजगार युवकों यह भीड़ बताती है कि बिहार के काबिल युवाओं के लिए सरकार रोजगार मुहैया नहीं कराई पा रही है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा 'महारोज़गार मेला में उमड़ा यह जनसैलाब सिर्फ़ एक भीड़ नहीं, एक संदेश है कि बिहार का युवा अब भाषणों पर नहीं, रोज़गार से अपना भविष्य चाहता है।

# प्रदेश के हर मंडल में बनेगी 'आदर्श गोशाला'

● योगी सरकार का गो-कल्याण पर फोकस, पशुपालन और गो-संरक्षण को बढ़ावा देने की बड़ी पहल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के हर मंडल में 'आदर्श गोशाला' बनाने का फैसला किया है। इसके तहत प्रथम चरण में आठ मंडलों में एक गोशाला को आत्मनिर्भर और एक ब्लॉक को प्राकृतिक खेती हेतु चयनित कर मॉडल क्लस्टर के रूप में विकसित किया जाएगा। यह योजना गो-संवर्धन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में प्रदेश के प्रथम चरण में 8 मंडलों की 8 गोशालाओं को 'आदर्श गोशाला' के रूप में चुना जा रहा है। इनमें अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर, चित्रकूट, बरेली, आगरा, कानपुर और झांसी शामिल हैं। इन गोशालाओं को मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा, जो अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगी।

बरेली की 'खंगवा श्याम सृष्टि मंगलम् गोशाला' बनेगी पहली आदर्श आत्मनिर्भर गोशाला उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि बरेली मंडल के मझगवां ब्लॉक स्थित ''खंगवा श्याम सृष्टि मंगलम् गोशाला'' को प्रदेश की पहली आदर्श गोशाला घोषित किया गया है। इसमें इंटर-लॉक्ड वेस्ट-फ्री शेड डिजाइन अपनाया जाएगा, जिससे चारे की बर्बादी में कमी आएगी। यहां से मंडल-स्तरीय आत्मनिर्भर गोशाला मॉडल की शुरुआत हुई है।

गो-आधारित प्राकृतिक कृषि को बढ़ावामुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'ग्राम-ऊर्जा मॉडल' के तहत गोशालाओं को ग्रामीण विकास का केंद्र बनाया जाएगा। मझगवां ब्लॉक को पूरी तरह गो-आधारित प्राकृतिक कृषि क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इससे किसानों को रासायनिक खादों पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। पूर्व सरकारों की उपेक्षा के बाद योगी सरकार में नई पहलउत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि पहले की सरकारों द्वारा गो-संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर बहुत ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों पर अब इसे प्राथमिकता मिल रही है। गोशालाओं के माध्यम से ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की योजना पर तेजी से काम किया जा रहा है।

# योगी सरकार जीरो पावर्टी अभियान के चिन्हित परिवार के सदस्यों को देगी स्किल ट्रेनिंग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- पहले चरण में चिन्हित निर्धन 300 परिवार के मुखिया को देगी ट्रेनिंग

लखनऊ। योगी सरकार जीरो पावर्टी अभियान के तहत चिन्हित निर्धन परिवारों के सदस्यों को न केवल गारंटीड स्किलिंग प्रोग्राम से जोड़ेगी बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार भी दिलाएगी। योगी सरकार का उद्‍देश्य निर्धन परिवार को रोजगार से जोड़कर उन्हें एक निश्चित आय उपलब्ध कराना है ताकि उनका जीवन स्तर सामान्य हो सके। अभियान के तहत योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश में कोई भी परिवार ऐसा न हो जिसे गरीबी के कारण दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष करना पड़े। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने रविवार को यह बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जीरो पावर्टी अभियान योगी सरकार की उन योजनाओं में से है, जो गरीबों को वास्तविक सशक्तिकरण की ओर ले जा रही है। यह पहल न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रही है, बल्कि सामाजिक समरसता और समान अवसर की दिशा में भी एक सशक्त कदम साबित हो रही है। योगी सरकार का यह प्रयास भविष्य में पूरे देश के लिए एक आदर्श मॉडल बन सकता है, जहां सरकार और उद्योग जगत मिलकर गरीबी के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहे हैं। इसी के तहत योगी सरकार



ने जीरो पावर्टी अभियान के तहत चिन्हित परिवार के मुखिया को गारंटीड स्किलिंग प्रोग्राम से जोड़ा जाएगा। इसके तहत पहले फ़ेज में अभियान के तहत चिन्हित 300 निर्धन परिवार के मुखिया को स्किल ट्रेनिंग की जाएगी। इसके बाद प्रदेश भर में अभियान के तहत चिन्हित सभी परिवार के मुखिया को स्किल ट्रेनिंग दी जाएगी। यह ट्रेनिंग उत्तर प्रदेश कौशल विकास विभाग की ओर से दी जाएगी। इससे एक हजार ट्रेनिंग पार्टनर भी जुड़ेंगे। यह ट्रेनिंग पूरी तरह से व्यावसायिक और रोजगारोन्मुखी होगी, जिसमें प्रतिभागियों को उन क्षेत्रों में दक्ष बनाया जाएगा, जहां नौकरी की संभावनाएं अधिक हैं। इसके बाद उन्हें सीधे नौकरी से जोड़ा जाएगा। मुख्य सचिव ने बताया कि परिवार के मुखिया को 360 डिग्री फार्मूले के तहत संपूर्ण प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें ऑफिस, टॉयलेट क्लीनिंग, गेस्ट अटेंडेंट, हाउसकीपिंग, हॉस्पिटैलिटी जैसे सात प्रकार की ट्रेनिंग शामिल हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें लैंग्वेज स्किल की भी शिक्षा दी जाएगी ताकि वे कॉर्पोरेट सेक्टर में आत्मविश्वास के साथ काम कर सकें। यह ट्रेनिंग कार्यक्रम सुनिश्चित करेगा कि प्रशिक्षण का स्तर गुणवत्ता युक्त और उद्योग की जरूरतों के अनुसार हो। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग पूरी होने के बाद होटल ताज, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), एल एंड टी लिमिटेड, मेदांता, अडानी ग्रुप जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में नौकरी दिलाई जाएगी। यह पहली बार है जब कोई सरकार सीधे गरीबों को स्किल ट्रेनिंग देकर प्राइवेट सेक्टर की टॉप कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराने जा रही है। वहीं योगी सरकार की ओर से यह भी सुनिश्चित किया गया है कि प्रशिक्षित मुखिया को कम से कम 18,400 रुपये मासिक वेतन मिले, जिससे वे अपने परिवार का सम्मानजनक तरीके से भरण-पोषण कर सकें। योगी सरकार की गारंटीड स्किलिंग प्रोग्राम और गारंटेड प्लेसमेंट प्रोग्राम को देश, प्रदेश और विदेश के उद्योग जगत का भी व्यापक समर्थन मिला है।

# कैब ड्राइवरों का सड़क पर लेटकर प्रदर्शन योगी सरकार-मुर्दाबाद के नारे लगाए

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के विभूति खंड में कैब ड्राइवरों ने कैब कंपनियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया है। ड्राइवर ओला, उबर, इन ड्राइव और रैपिडो मुर्दाबाद, योगी सरकार ड्राइवरों का उत्पीड़न बंद करो, होश में आओ के पोस्टर बैनर लेकर पहुंचे। सड़क पर लेटकर योगी सरकार और कैब कंपनियों के खिलाफ नारेबाजी की। यूपी में कैब कंपनियों के लिए एग्रीगेटर पॉलिसी लागू करने की मांग की। ड्राइवरों का कहना है कि कैब कंपनियां राइड पर कम पेमेंट करती हैं। इसे बढ़ाने के लिए कई बार मांग की जा चुकी है। सुनवाई नहीं हो रही है। अब सामूहिक रूप से आत्मदाह करेंगे। भारतीय कैब कंट्रोल बोर्ड के अस्थाई अध्यक्ष जाहिद प्रधान ने कहा कि एग्रीगेटर पॉलिसी के हिसाब से प्रति किलोमीटर किराया 22 रुपए से अधिक होना चाहिए, लेकिन अभी 8 से 10 रुपए तक है। ड्राइवर अपना परिवार नहीं चला पा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से भी मिल चुके हैं। ज्ञापन दे चुके हैं। गांधी प्रतिमा पर प्रदर्शन भी किया गया है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब हम सब लोग एकजुट होकर अपने तरीके से प्रदर्शन करेंगे और सामूहिक रूप से आत्मदाह भी करेंगे। योगी सरकार का विरोध करेंगे, क्योंकि सरकार के कान में जूं नहीं रेंग रही है। कैब ड्राइवर मोहम्मद शरीफ ने कहा कि किराया 8 प्रति किलोमीटर मिल रहा है। ओला-उबर के चलते हम लोग परेशानी झेल रहे। घनश्याम ने कहा कि किराया बहुत कम है। किराए की कोई लिमिट नहीं है। कंपनी हमसे ₹4000 टैक्स हर तीसरे महीने लेती है। पुलिस वाले हर सड़क-चौराहे पर चालान करते हैं। कागज होता भी है तभी कार्रवाई हो जाती है। फहीम खान ने कहा कि सरकार भी हमसे कमा रही है। कंपनी भी हमसे कम रही है, लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ड्राइवर विपिन राय ने कहा कि 1 साल का 16000 टैक्स देते हैं। 5000 से अधिक का फिटनेस होता है। ड्राइवर अपने परिवार का पालन पोषण भी नहीं कर पा रहे हैं। रामचंद्र उपाध्याय ने कहा कि पहले कमाई बहुत थी, लेकिन अब पैसे अच्छे नहीं मिलते हैं। आज की डेट में स्थिति यह है कि खाने के लाले पड़ गए हैं। बच्चों की फीस नहीं जमा कर पा रहे हैं।सबसे अधिक टैक्स यूपी में है। हम लोग कॉमर्शियल गाड़ी चलाते हैं टैक्स भी देते हैं, लेकिन प्राइवेट गाड़ियों में पुलिस की मिली भगत से टैक्सी गाड़ियां चल रही है। हम आत्मदाह के लिए मजबूर हैं। सीएनजी यहां बहुत महंगी है। टैक्स भी अन्य राज्यों से अधिक है। हम लोगों की भी सुनवाई होनी चाहिए।

## मथुरा में बांके बिहारी कॉरिडोर का भारी विरोध, व्यापारी और सेवायत खफा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। मथुरा-वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर परियोजना के खिलाफ स्थानीय लोग, सेवायत और व्यापारी सड़कों पर उतर आए हैं। परियोजना को लेकर विरोध तीव्र हो गया है।सेवायतों ने ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को कल मंदिर में दर्शन के दौरान नाखुशी झेलनी पड़ी। गोस्वामी समुदाय की महिलाओं ने काली पट्टी बांध नारेबाजी करते हुए मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन किया, जिसके बाद उन्हें मंदिर के गेट नंबर 4 से बाहर निकालना पड़ा। 17 जुलाई को बांके बिहारी कॉरिडोर के विरोध में मथुरा की महिलाओं ने खून से पीएम मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखे। महिलाओं ने कहा कि लल्ला यानि श्रीकृष्ण के लिए स्थानीय नाम की जगह को नहीं छोड़ेंगे।राज्य सरकार का दावा है कि 500 करोड़ रुपये की परियोजना मंदिर में बढ़ती भीड़ नियंत्रित करने और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। सुप्रीम कोर्ट ने मई में परियोजना को मंजूरी दे दी थी। मंदिर के फंड से 5 एकड़ जमीन अधिग्रहण करने का आदेश दिया था। सरकार का कहना है कि कॉरिडोर 2022 में मथुरा में समागम में हुई भगदड़ जैसी घटनाओं को रोकने में मदद करेगा जिसमें सिर्फ दो भक्तों की मृत्यु हो गई थी। स्थानीय लोग और सेवायत इस परियोजना को वृंदावन की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत के लिए खतरा मानते हैं। उनका कहना है कि कॉरिडोर के लिए 250 से अधिक इमारतों को तोड़ा जाएगा, जिससे सैकड़ों परिवार बेघर हो जाएंगे और व्यापारियों की आजीविका खतरे में पड़ जाएगी। गोस्वामी समुदाय जो सदियों से बांके बिहारी मंदिर में पूजा-अर्चना और सेवाएं संभालता आया है, इस परियोजना और मंदिर प्रबंधन के लिए बनाए गए नए ट्रस्ट के खिलाफ है। प्रदर्शनकारियों ने न केवल सड़कों पर प्रदर्शन किया बल्कि कुछ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजकर परियोजना को रद्द करने की मांग की है। व्यापारी नेता गोविंद खंडेलवाल ने कहा, यह केवल मुआवजे का सवाल नहीं है, बल्कि वृंदावन की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को बचाने का है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस परियोजना को लेकर अडिग हैं। सरकार ने दावा किया है कि कॉरिडोर से बांके बिहारी मंदिर को राधा रमण और मदन मोहन मंदिर जैसे अन्य धार्मिक स्थलों से जोड़ा जाएगा, जिससे तीर्थयात्रियों को सुविधा होगी।

## ऑपरेशन सिंदूर की मार से पाकिस्तान से ज्यादा गांधी परिवार 'कराह' रहा : केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा में विपक्ष के हल्के नेता राहुल गांधी को भारत की चिंता कम, पाकिस्तान की फ़िक्र ज़्यादा रहती है। तभी, ऑपरेशन सिंदूर की मार से पाकिस्तान से ज्यादा तो गांधी परिवार 'कराह' रहा है।उप मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि भारतीय सेना का बार-बार अपमान कंग्रेस इसलिए करती है ताकि पड़ोसी भाईजान पाकिस्तान को खुश किया जा सके।दरअसल, सत्ता की बेदख़ली ने कंग्रेस की मति मार दी है। इसलिए वह दुनिया के ऐसे भ्रमित नेताओं की ओट लेने को मजबूर है जो अपने बयानों पर स्थिर नहीं रहते हैं। अपने गांधी की तरह क़तई वह भी अस्थिर चित्त वाले हैं। सच यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व ने केवल पाकिस्तान ही नहीं बल्कि दुनिया के उन नेताओं की भी नींद उड़ा दी है जो अपने को तुर्रमखां समझते थे।

# आरओ/एआरओ परीक्षा के लिए चाक-चौबंद तैयारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- एआई, सीसीटीवी और सोशल मीडिया से होगी निगरानी
- 27 जुलाई को 75 जिलों के 2382 केंद्रों पर एक पाली में होगी परीक्षा, 10.76 लाख अभ्यर्थी होंगे शामिल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 27 जुलाई को प्रस्तावित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/एआरओ) परीक्षा-2023 को पूरी तरह शुचितापूर्ण, पारदर्शी और निर्बाध तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से अभूतपूर्व व्यवस्थाएं की गई हैं। परीक्षा के दौरान कोई भी गड़बड़ी, लीक या अनुचित साधनों का प्रयोग परीक्षा को दूषित न कर सके, इसके लिए प्रौद्योगिकी, गोपनीयता, प्रशासनिक निगरानी और कड़े सुरक्षा उपायों की पूरी व्यवस्था की गई है।

इसमें एआई के उपयोग से लेकर सीसीटीवी और सोशल मीडिया के जरिए भी निगरानी सुनिश्चित की जा रही है। 27 जुलाई को सभी 75 जनपदों में यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक एक पाली में आयोजित होने जा रही। इस परीक्षा में 10.76 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए समस्त जनपदों में 2,382 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। हर जिले में जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है जो परीक्षा की संपूर्ण व्यवस्था की निगरानी करेंगे और आवश्यकतानुसार त्वरित निर्णय ले सकेंगे। परीक्षा की गोपनीयता बनाए रखने के लिए प्रश्नपत्र दो अलग-अलग सेट में दो अलग-अलग मुद्रकों से तैयार कराए गए हैं। परीक्षा के दिन प्रश्नपत्र का चयन कंप्यूटर आधारित रैंडमाइजेशन से ठीक परीक्षा शुरू होने से 45 मिनट पूर्व किया जाएगा। सभी प्रश्नपत्र आठ मल्टीपल जंबल्ड सीरीज में होंगे, जिन पर यूनिक एवं वैरिएबल बारकोड अंकित होंगे। इन्हें त्रिस्तरीय लॉक वाले गोपनीय ट्रंक बॉक्स में रखा जाएगा, जो पांच स्तरीय टेम्पर्ड प्रूफ पैकिंग से सुरक्षित होंगे। इस गोपनीयता के साथ-साथ पूरी प्रक्रिया की निगरानी लाइव सीसीटीवी स्ट्रीमिंग के जरिए होगी, जिसे केंद्र, जिला और आयोग स्तर से देखा जा सकेगा। अभ्यर्थियों की पहचान और केंद्र निर्धारण भी पूरी तरह डिजिटल और सुरक्षित रखा गया है। केंद्र आवंटन की प्रक्रिया कंप्यूटर रैंडमाइजेशन से की गई है, ताकि किसी प्रकार की पक्षपात की संभावना न रहे। ई-प्रवेश पत्र को ओटीआर (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) आधारित आठ स्तरीय सत्यापन प्रक्रिया से जोड़ा गया है, जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, श्रेणी, हाईस्कूल वर्ष और रोल नंबर जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं। प्रवेश के समय बॉयोमेट्रिक सत्यापन और फ़ेस रिकग्निशन तकनीक के माध्यम से पहचान सुनिश्चित की जाएगी, जबकि डबल लेयर फ्रिस्किंग की जिम्मेदारी पुलिस बल और कार्यदायी संस्था साझा रूप से निभाएंगे। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर हर कोण से निगरानी रखने के लिए एक सेक्टर मजिस्ट्रेट, एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, दो सह केंद्र व्यवस्थापक तथा प्रशिक्षित अंतरीक्षक तैनात किए जाएंगे। इनमें से 50 प्रतिशत अंतरीक्षक केंद्र व्यवस्थापक द्वारा और शेष 50 प्रतिशत जिलाधिकारी या जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नियुक्त किए जाएंगे। अंतरीक्षकों की ड्यूटी का निर्धारण भी कंप्यूटर रैंडमाइजेशन से किया जाएगा, जिससे निष्पक्षता बनी रहे। इसके अलावा सोशल मीडिया पर किसी भी अफवाह, लीक या अनुचित गतिविधि की निगरानी के लिए विशेष सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल भी गठित किया गया है। परीक्षा केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

## एटीएम कार्ड स्वैपिंग गैंग के पांच आरोपित गिरफ्तार

लखनऊ। यूपी एसटीएफ ने रविवार को एटीएम बूथ के बाहर खड़े लोगों का एटीएम बदलकर ठगी करने वाले गिरोह के पांच आरोपितों को गोसाईगंज इलाके से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक धर्मेश कुमार शाही ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान प्रतापगढ़ निवासी ज्ञानेंद्र शुक्ल, उमेश यादव, रोशन सिंह, प्रयागराज निवासी शिव प्रकाश सिंह और विपेंद्र सिंह के पास से अलग-अलग बैंकों के 75 एटीएम कार्ड, एक कार और पांच हजार रुपये समेत अन्य चीजें बरामद हुई है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उन लोगों को एक संगठित गिरोह है, जो यूपी, एमपी, हरियाणा, दिल्ली और एनसीआर आदि राज्यों से एटीएम कार्ड बदलकर लोगों के खाते से पैसा निकालने का काम करते हैं। वह लोग पैसा निकालने वाले युवक के पीछे खड़े होकर किसी तरह उनका गोपनीय नंबर देख लेते हैं। इसके बाद उन्हें धक्का देकर या अन्य किसी बहाने से उनका एटीएम बदलकर दूसरे एटीएम बूथ पर जाकर पैसा निकाल लेते हैं। यह काम बहुत दिनों से किया जा हा है।

## गंदगी और अतिक्रमण से परेशान लोग सड़क पर उतरे

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के उत्तर विधानसभा के चार वार्डों की पहचान वाले फैजुल्लागंज की बदहाली ने स्थानीय निवासियों में आक्रोश पैदा कर दिया है। गांव में नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है। जगह-जगह कूड़े के ढेर जमा है। सुअरों का जमावड़ा लगा रहता है। शिवाला पार्क की टूटी बाउंड्री और अतिक्रमण के बीच गंदगी का अंबार लगा है। दो साल पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा लगवाया गया ओपन जिम भी गंदगी के बीच उपेक्षित पड़ा है। पार्क में जाने से लोग बीमार हो रहे हैं। स्थानीय निवासी राम औतार ने बताया कि गांव ने स्थानीय होने के कारण विधायक डॉ. नीरज बोरा को वोट देकर जिताया। वे आधा किलोमीटर दूर प्रियदर्शनी कॉलोनी में बैठते हैं। लेकिन गांव की दुर्दशा देखने नहीं आए। न ही कोई विकास कार्य करवाया। बुखार फैलने से गुस्साए ग्रामीणों ने सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी के नेतृत्व में नगर निगम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द विशेष सफाई अभियान नहीं चलाया गया तो वे नगर आयुक्त का पुतला फूंकेंगे। लोगों का कहना है कि गांव में खराब व्यवस्था के बीच कोई सुनने को तैयार नहीं है। ऐसे में गांव के लोगों के लिए अव्यवस्था मुसीबत बन गई है।

# लखनऊ में शूटिंग कर उत्साहित है साउथ के कलाकार

- बीके फ़िल्म की टाइगर सफारी की शूटिंग जारी
- मुख्य भूमिका में अभिनेता शिथिल पुजारी और अभिनेत्री निमिका रत्नाकर व डांसिंग स्टार धर्मेश का है दमदार अभिनय

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। साउथ की प्रसिद्ध फ़िल्म केजीएफ सीरिज के डायलॉग राइटर जुड़े राइटर चंद्रमौली की बतौर निर्देशक, बीके फ़िल्म की मूवी टाइगर



सफारी की शूटिंग लखनऊ में जारी है।

फ़िल्म के लाइन प्रोड्यूसर संतोष वर्मा ने बताया कि गैंगस्टर पृष्ठभूमि पर आधारित इस फ़िल्म साउथ इंडिया के लगभग 100 लोग की टीम के साथ विगत 2 जुलाई से लखनऊ के विभिन्न स्थानों पर शूटिंग जारी है। शनिवार को कैसरबाग के महमूदाबाद हाउस में शूटिंग के दौरान संतोष वर्मा ने बताया कि इस फ़िल्म में मुख्य भूमिका में अभिनेता शिथिल पुजारी और अभिनेत्री निमिका रत्नाकर के डांसिंग स्टार धर्मेश साथ साथ साउथ के ही सुशान्त पुजारी, अच्युत कुमार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नज़र आएंगे।

सभी कलाकार लखनऊ में शूटिंग कर के बड़े ही उत्साहित है। यहाँ की मेहमान नवाज़ी से खुश होकर प्रोडूसर विनोद कुमार म्यूजिक डायरेक्टर सचिन बसरूर, म्यूजिक प्रिया माली और एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर किशोर कुमार ने अपने अनुभव साझा किया।

लखनऊ में शूटिंग के दौरान बहुत सारे कलाकरो को कास्ट करने वाली मनाल अकील 'समरीन' और प्रोजेक्ट डिजाइनर सोनिया ने बताया शूटिंग के दौरान साउथ के कलाकारों का व्यवहार तारीफ के काबिल रहा। सोनिया ने बताया कि लोकल सपोर्ट के लिए सभी कलाकार सराहना के योग्य है और उन सब की भूमिका भी सराहनीय रही है।

## यूपी में उपभोक्ताओं को लग सकता है बड़ा झटका, 30% तक बढ़ सकती है बिजली दरें

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ी खबर सामने आ रही है। प्रदेश में बिजली की दरों में 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो सकती है। नियामक आयोग उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) 21 जुलाई को लखनऊ में इस संबंध में जनसुनवाई करेगा। इसके बाद 25 जुलाई को राज्य ऊर्जा सलाहकार समिति की बैठक प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि अगस्त के पहले सप्ताह में नई दरों की घोषणा हो सकती है। जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीईआरसी) और इसकी वितरण कंपनियों ने चालू वित्तीय वर्ष में करीब 19,600 करोड़ रुपये के घाटे का हवाला देते हुए बिजली दरों में वृद्धि की मांग की है। कंपनियों ने एनुअल रेवेन्यू रिक्वायरमेंट (एआरआर) में घाटा दिखाकर दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव पेश किया है। इस समय नियामक आयोग द्वारा एआरआर और दर संशोधन के प्रस्तावों पर सुनवाई की प्रक्रिया चल रही है। आयोग जनसुनवाई में उपभोक्ताओं के सुझाव और आपत्तियां भी दर्ज करेगा। इसके बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा। अगर प्रस्तावित 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी लागू होती है तो घरेलू, व्यवसायिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं पर सीधा असर पड़ेगा। पहले से ही महंगाई से परेशान जनता को बिजली बिल में भी झटका लगना तय माना जा रहा है। यूपीपीसीएल और वितरण कंपनियों का कहना है कि घाटे की भरपाई और बेहतर बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए दरों में वृद्धि जरूरी है। अगर दरें नहीं बढ़ाई गईं तो बिजली आपूर्ति व्यवस्था गड़बड़ा सकती है।

## लापता बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी

लखनऊ। रहीमाबाद थाना अंतर्गत पोखर गांव में रविवार सुबह एक लापता बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी फैल गई। बुजुर्ग के मुंह से झाग निकल रहा था और बगल में ही एक सुसाइट नोट भी मिला। जिसमें लिखा था कि आपने मेरी बहुत सेवा की, अब मैं इस दुनिया को छोड़कर जा रहा हूं... इसके बाद पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल, आशंका जताई जा रही है कि बीमारी से तंग आकर बुजुर्ग ने आत्मघाती कदम उठा लिया। रहीमाबाद इंस्पेक्टर आनंद कुमार के मुताबिक, काकोरी थाना अंतर्गत फूलबाग निवासी दयाराम वर्मा (75) पत्नी रामावती और बेटे हरिओम के साथ रहते थे। एक लम्बे समय से वह बीमार चल रहे थे, शहर के एक अस्पताल से उनका इलाज चल रहा था। बेटे हरिओम ने बताया कि शुक्रवार को पिता दयाराम बगैर बताए घर से कहीं चले गए थे। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटे। परिजनों से काफी खोजबीन की। बावजूद इसके उनका कहीं पता नहीं लग सका। इसके बाद बेटे ने काकोरी थाने में पिता की गुमशुदगी दर्ज कराई। रविवार सुबह रहीमाबाद के पोखर गांव के पास ग्रामीणों ने दयाराम को मृत हालत में देख पुलिस को सूचना दी।

# भाजपा दलितों और गरीबों की दुश्मन बन गई है: राजेन्द्र पाल गौतम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

## 2027 में कांग्रेस की सरकार बनेगी तभी दलितों को अत्याचारों से मिलेगा निराकरण: राजेन्द्र पाल

लखनऊ। आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति/जनजाति विभाग कांग्रेस के चेयरमैन राजेन्द्र पाल गौतम ने पत्रकार बन्धुओं को सम्बोधित किया। प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन श्री तनुज पुनिया जी सांसद, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ0 सीपी राय जी पूर्व मंत्री, पूर्व मंत्री राज बहादुर सिंह एवं डॉ0 मसूद अहमद, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रो0 आर.बी. बौद्ध, प्रदेश प्रवक्ता पुनीत पाठक, मुख्य रूप से मौजूद रहे। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति/जनजाति विभाग कांग्रेस के चेयरमैन श्री राजेन्द्र पाल गौतम जी ने कहा कि भाजपा दलितों और गरीबों की दुश्मन बन गई है। उत्तर प्रदेश में भाजपा की सत्ता आने के बाद न सिर्फ दलितों का उत्पीड़न और उनके खिलाफ अपराध बढ़े हैं बल्कि उन्हें सामाजिक रूप से हाशिए पर ढकेलने का काम भी किया गया है। उनके मान-सम्मान और अस्मिता को कुचलने का एवं उनके हर प्रतीक का जो उनके स्वाभिमान से जुड़ा है उसे क्षत विक्षत करने का काम किया जा रहा है। असल में यह लोग अपनी खीझ मिटा रहे हैं। यह इस बात से परेशान हैं कि हजारों साल से इनके गुलाम रहे दलित क्यों अपना हक मांग रहे, क्यों पढ़ लिख कर इनकी बराबरी में बैठना चाह रहे हैं। भाजपा सरकार के यह मनुवादी लोग दलितों की प्रगति को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। 2027 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद दलितों को मिलेगा इन अत्याचारों से निरकारण। राजेन्द्र गौतम ने कहा कि एक तरफ एनसीआरबी 2023 की रिपोर्ट के अनुसार उ0प्र0 दलितों के प्रति अपराध में एक नंबर पर था और प्रदेश में दलितों के खिलाफ अपराध घटने के बजाए बढ़ गए हैं। दुर्भाग्य यह है कि केन्द्र सरकार




ने उसके बाद एनसीआरबी के आंकड़े ही नहीं जारी किए। सवाल गंभीर है कि भाजपा के शासनकाल में ऐसे दौर में जब आएदिन दलितों पर जुल्म की इंतेहाँ हो रही है उन पर पेशाब करने जैसी विकृत घटनाएं हो रही हैं, ऐसे दौर में भाजपा सरकार दलितों का मान-सम्मान, स्वाभिमान एवं उनकी सुरक्षा तो नहीं करपा रही हाँ आंकड़ों को छुपाकर सच पर पर्दा डलाने की कोशिश जरूर कर रही है। दलितों के खिलाफ अपराध के 51656 केस भारत में वर्ष 2022 में दर्ज किए गए थे जिसमें सबसे ज्यादा मुकदमे 12287 (23.78) प्रतिशत उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए थे। राजेन्द्र गौतम ने कहा कि भारत में समानता बन्धुत्व स्थापित करने वाले संविधान रचायिता बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेड़कर की प्रतिमाएं पिछले सालों में जगह-जगह तोड़ी जा रही हैं। मानसिक रूप से विकृत लोग जो सोच से मनुवादी हैं जिन्हे समानता पसंद नहीं है ऐसे लोग बाबा साहब की प्रतिमाओं पर कालिख लगाते हैं उन्हें क्षत विक्षत करते हैं और योगी सरकार तमाशा देखती है। अगर हाल फिलहाल की घटनाओं पर नजर डाले तो अभी 30 जून 2025 को जनपद सुलतानपुर में आराजक तत्वों द्वारा डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा को छठवीं बार क्षतिग्रस्त किया गया। दिनांक 25 जून 2025 को जनपद बरेली में दो जगहों पर बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा तोड़ी गई। बरेली में पिछले 2 वर्षों में डॉ0 अम्बेडकर की प्रतिमाओं को तोड़ा और क्षतिग्रस्त किया गया है। दिनांक 30 जून 2025 को जनपद बस्ती में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा को आराजक तत्वों द्वारा खंडित किया गया है। दिनांक 24 अप्रैल 2025 को जनपद जालौन में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा तोड़ी गई है। श्री गौतम ने कहा कि यह सिर्फ एक बानगी है योगी शासनकाल के पिछले आठ वर्षों में पूरे प्रदेश में सैकड़ों जगहों पर बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमाएं लगातार तोड़ी जा रही हैं। राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि वो सामाजिक अपराध जो लगभग-लगभग खत्म हो गए थे वह आज पुनः फिर योगी सरकार में दिखाई देने लगे हैं। 21वीं शताब्दी में भी उ0प्र0 में दलितों को घोड़ी चढ़ने से रोका जा रहा है उनकी बारात को दबंग अपने मोहल्लों से निकलने नहीं देना चाहते मारपीट की जाती है, उन्हें बेइज्जत किया जाता है। सिर्फ इसलिए कि समाज के कुछ लोगों की कुंठित मानसिकता उन्हें अपने को समाज के बहुजन आबादी से श्रेष्ठ बताती है। इन घटनाओं में तेज वृद्धि हुई है। पिछले कुछ महीनों में ही कई घटनाएं घट चुकी हैं जैसे दिनांक 22 जून 2025 को एटा जनपद के एक गांव में दलित की बारात को ठाकुरों ने अपनी गली से निकलने को लेकर बारातियों एवं पुलिस से मारपीट एवं पथराव किया। दिनांक 03 जून 2025 को अमरोहा जिले के रहदरा गांव में दलित बारात पर हमला किया गया। दिनांक 16 अप्रैल 2025 जनपद आगरा में दलित की बारात में डीजे को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने बारात पर हमला कर दिया और बारातियों की पिटाई की। दिनांक 06 मार्च 2025 को सहारनपुर जिले में दबंगों द्वारा दलित दूल्हे को न सिर्फ घुडचढ़ी करने से रोका बल्कि मारपीट कर बारात का रास्ता बंद कर दिया। राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि इन अत्याचारों के साथ तो दलित जी भी लेता मगर योगी सरकार ने जो सबसे बड़ा जुल्म किया वो है निशुल्क शिक्षा के केन्द्रों का बंद करना। पिछले कुछ वर्षों में 50 हजार से ज्यादा सरकारी विद्यालय बंद किए गए और आगे भी सरकार की मंशा इन्हें और ज्यादा बंद करने की है। श्री गौतम ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में सब शिक्षित हो इस पुनीत मंशा के साथ न सिर्फ निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था कराई बल्कि थोड़ी-थोड़ी दूर पर सरकारी विद्यालय खुलवाए जिससे सबसे ज्यादा फायदा दलित लड़कियों को मिला। राजेन्द्र पाल गौतम ने योगी सरकार से पूछते हुए कहा कि ऐसा क्या हुआ कि दलित निशाने पर आ गए हैं? आखिर ऐसा क्या हुआ कि संविधान में बदलाव की बात होने लगी? ऐसा क्या हुआ कि आरक्षण को खत्म करने की बात की जाने लगी? ऐसा क्या हुआ कि दलितों के हकों उनकी अस्तिमा उनके सम्मान को पूरी तरह से खत्म करने का प्रयास किया जाने लगा? राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार को इन सवालों के जवाब देने पड़ेंगे उन्हें बताना पडेंगा कि क्यों जातीय कुंण्ठा से ग्रस्त दबंग और मनुवादी लोग क्यों इस सामाजिक न्याय की लड़ाई को समाप्त कर देना चाह रहे है और प्रदेश की योगी सरकार उन्हें ऐसा करने दे रही है?

# बाबा तुरंतनाथ मंदिर की 30वीं शोभायात्रा निकली



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** छोटे चौराहा स्थित बाबा तुरंतनाथ मंदिर से सावन माह में 30वीं शोभायात्रा निकाली गई। इस यात्रा में धार्मिक और राजनीतिक विषयों का संगम देखने को मिला।

शोभायात्रा में दो झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र बनीं। पहली 'ऑपरेशन सिंदूर' झांकी में नारी सुरक्षा का संदेश दिया गया। दूसरी 'बुलडोजर बाबा' झांकी में जेसीबी मशीन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रूप में एक बुजुर्ग को दिखाया गया। उनके साथ दो बाउंसर भी थे। श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव और जय श्रीराम के नारे लगाए। साथ ही योगी सरकार के समर्थन में भी नारे सुने गए। आयोजक दिवाकर शुक्ला ने पुलिस प्रशासन पर भीड़ प्रबंधन और यातायात नियंत्रण में सहयोग न करने का आरोप लगाया। उन्होंने एसपी की कार्यशैली की प्रशंसा की। लेकिन अन्य पुलिसकर्मियों के व्यवहार से कांवड़िये नाराज दिखे।



शोभायात्रा ने धार्मिक भावनाओं के साथ समसामयिक राजनीतिक मुद्दों को भी प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया।

## ऊंचे डीजे पर पुलिसिया कार्यवाही से नाराज कांवड़ियों ने लगाया जाम



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**सुरसा ( हरदोई )।** हरदोई-बिलग्राम रोड स्थित निकट मलिहामऊ गांव रविवार को पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की है। एसपी को ट्रैक्टर-ट्राली पर लगा मानक से ऊंचा डीजे दिखा। उन्होंने तुरंत सुरसा थाना पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। जगतपुरवा गांव से सकाहा मंदिर जा रहे कांवड़ियों की ट्राली पर लगे डीजे को सुरक्षा कारणों से पुलिस कस्टडी में लिया गया।

इस कार्रवाई से नाराज होकर कांवरियों ने बोल बम के जयकारों के साथ सुरसा तिराहे पर जाम लगा दिया। जाम की वजह से हरदोई, कानपुर और कन्नौज मार्ग पर यातायात बाधित हुआ। सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं से सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है।

एसपी ने सुरसा एसएचओ को भी इस मामले में लापरवाही बरतने पर फटकार लगाई है।

# चोरी की बाइक सहित युवक गिरफ्तार



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरियावाँ ( हरदोई )।** पुलिस अधीक्षक जनपद हरदोई द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम, चोरी, लूट व नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 20 जुलाई, 2025 को थाना हरियावां पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/ वाहनों की चेकिंग के दौरान अभियुक्त राममिलन पुत्र बृजकिशोर निवासी ग्राम मसफना थाना हरियावां जनपद हरदोई को एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना हरियावां पर मु0अ0सं0 155/25 धारा 317(2)/317(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया। वही थाना प्रभारी वीर बहादुर सिंह ने बताया है कि गिरफ्तार अभियुक्त के अन्य साथियों द्वारा उपरोक्त मोटरसाइकिल को जनपद गौतमबुद्धनगर से चोरी किया गया थाए जिसको अभियुक्त राममिलन द्वारा कम दाम पर खरीदा गया। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सार्थक प्रयास जारी है। इस गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक रमेश चंद्र वर्मा, अंकुर कुमार, अभिन्न कुमार, अंकुश पाण्डेय की टीम शामिल रही। वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

- अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी।
- गौतमबुद्ध नगर से कम दाम पे खरीदी गई थी बाइक।

### श्री बुद्धेश्वर नाथ मंदिर से सैकड़ों भक्तों ने कावड़ यात्रा निकाली



**बघौली ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** रविवार को ग्राम सभा महरी से रविवार को सैकड़ों शिव भक्तो ने ग्राम मे प्रचीन ब्रह्मदेव के स्थान पर स्थित शिव मंदिर श्री बुद्धेश्वर नाथ मंदिर महरी से आज सैकड़ों शिव भक्त गंगा स्नान कर व गंगा जल भरने के लिए राजघाट के लिए रवाना हुए जिसमे भक्त टेक्टर से जाएगे और कल सुबह कावड़ भर कर पद यात्रा करके अपने गाव के प्रचीन ब्रह्मदेव के स्थान पर स्थित शिव मंदिर श्री बुद्धेश्वर नाथ मंदिर महरी में चढ़ाया जायेगा गंगा जल ले जाने के लिए भक्तों में काफी उत्साह देखने को मिला सभी भक्त डीजे पर बाबा भोलेनाथ के भजनों पर जमकर झूमे बम बम भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए सभी भक्त रवाना हुए।

## गाली गलौज व मारपीट करने वाली 2 महिलाएं गिरफ्तार



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरियावाँ ( हरदोई )।** पुलिस द्वारा बताया गया है कि एक महिला द्वारा थाना हरियावां पर तहरीर दी गयी थी कि अभियुक्ता प्रेमा पत्नी प्रकाश निवासी ग्राम कपूरपुर शहजादे थाना हरियावां जनपद हरदोई, रामबेटी पत्नी जागेश्वर निवासी ग्राम सिकंदरपुर मिश्र थाना हरियावां जनपद हरदोई व 02 अन्य द्वारा वादिनी के साथ गाली-गलौज व मारपीट की गयी है। इस संबंध में वादिनी की तहरीर के आधार पर थाना हरियावां पर मु0अ0सं0 154/25 धारा 333/115 (2)/352/76 बीएनएस पंजीकृत किया गया।थाना हरियावां पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद अभियुक्ता प्रेमा पत्नी प्रकाश निवासी ग्राम कपूरपुर शहजादे थाना हरियावां जनपद हरदोई, रामबेटी पत्नी जागेश्वर निवासी ग्राम सिकंदरपुर मिश्र थाना हरियावां जनपद हरदोई को गिरफ्तार किया गया है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सार्थक प्रयास जारी है। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। इस गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक धनपाल सिंह, कमल नारायण यादव, महिला पुलिस संध्या पाण्डेय, अर्चना की टीम शामिल रही। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, गांव में बिक रही कच्ची शराब पीने का था आदी'

**कछौना ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली कछौना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक ने घर के अंदर छप्पर में दुपट्टे के सहारे फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताते चलें कि कछौना कोतवाली क्षेत्र के ग्रामसभा गाजू के मजरा गोठवा में पप्पू (32) पुत्र राम प्रसाद ने रविवार की दोपहर घर के अंदर छप्पर में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक शराब का आदी था। घटना के समय घर में कोई नहीं था। बच्चे बाहर खेल रहे थे मृतक का बड़ा लड़का जब घर के अंदर गया मृतक को फंदे से लटकते देख रोने चिल्लाने लगा जिससे आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। मृतक के भाई ने बताया कि गांव में बिक रही अवैध कच्ची शराब न बनती तो मेरा भाई शराब का आदी नहीं होता। हम सभी लोग खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। गांव के एक लड़के ने हमे सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## हरदोई में गंगा का जलस्तर बढ़ा

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** हरिद्वार से 54,182 क्यूसेक और नरोरा से 38,740 क्यूसेक पानी छोड़े जाने से गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। रविवार को राजघाट गेज स्थल पर जलस्तर 123.92 मीटर तक पहुंच गया है। चेतावनी बिंदु 125.31 मीटर निर्धारित है। गर्रा नदी का जलस्तर भी बढ़कर 127.25 मीटर हो गया है। इससे तटवर्ती गांवों में बाढ़ की आशंका उत्पन्न हो गई है। जिलाधिकारी अनुनय झा ने सभी संबंधित अधिकारियों को अलर्ट कर दिया है। शारदा नहर के अधिशाषी अभियंता अजय चौधरी ने बताया कि लोगों को पहले ही चेतावनी जारी कर दी गई है। प्रशासन ने सुरक्षा के लिए कई कदम उठाए हैं। जल पुलिस और राजस्व विभाग की टीमें सतर्क हैं। बाढ़ चौकियां सक्रिय कर दी गई हैं। नावों और राहत सामग्री की व्यवस्था की जा रही है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार अभी खतरे की स्थिति नहीं है। हालांकिए क्षेत्र की निगरानी बढ़ा दी गई है।

### मदारा-पिंडारी मार्ग पर मिला अज्ञात शव

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** सांडी थाना क्षेत्र के पिंडारी-मदारा मार्ग पर



रविवार सुबह 10 बजे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। शव सुनसान जगह पर पड़ा हुआ था। मृतक ने केवल अंडरवियर और बनियान पहन रखा था।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस दोपहर 12 बजे मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के गांवों में पूछताछ कर मृतक की पहचान करने का प्रयास किया। मृतक के आसपास के गांव का न होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस में रखवा दिया है। मामले की जांच जारी है। थाना प्रभारी राकेश यादव ने बताया पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पहचान होने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### युवती के साथ छेड़छाड़ आरोपी गिरफ्तार

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** मझिला थाना क्षेत्र में 11 जुलाई को एक महिला ने युवक के विरुद्ध घर में घुसकर छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। 11 जुलाई को पीड़िता द्वारा थाना मंझिला पर तहरीर दी गयी कि अभियुक्त आलोक पुत्र महेश निवासी ग्राम चन्दूपुरवा थाना मंझिला द्वारा उसके साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार किया गया। इस संबंध में पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना मंझिला पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। उपनिरीक्षक ब्रजेश कुमार और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

### पुत्री सहित विवाहिता लापता, अज्ञात पर रिपोर्ट

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** मझिला थाना क्षेत्र में पति से विवाद के बाद मायके में रह रही विवाहिता के पुत्री सहित लापता हो गई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पिता के अनुसार उसने करीब बारह वर्ष पूर्व पुत्री का विवाह किया था। लेकिन पति से अनबन होने के कारण उसकी पुत्री अपने बेटी के साथ उसके घर में रह रही थी। 10 जुलाई की शाम करीब 4 बजे उसकी पुत्री अपनी बेटी के साथ चारा लेने खेत गई थी लेकिन लौट कर वापस नहीं आई। कोई अज्ञात उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर कहीं ले गया है। उसकी पुत्री अपनी बेटी को भी साथ लेकर गई है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### सकल जीव नारायण मानी सेवा करन हेतु हम ठानी

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** नारायण सेवा समूह द्वारा मौनी बाबा मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया इस मौके पर नारायण सेवा समूह के सदस्यों ने पूड़ी सब्जी का प्रसाद वितरित किया करुणा शंकर त्रिपाठी व प्रियम मिश्रा ने बताया नारायण सेवा समूह निरंतर एक भंडारा और एक वस्त्र वितरण का कार्यक्रम कर रहा हैञ्जो बिना किसी सरकारी मदद क़े अपने सभी साथियो क़े सहयोग से ये कार्यक्रम कर रहे है शीत लहर क़े दौरान कंबल स्वेटर आदि वितरण भी संस्था करेंगी इस मौके अर्चना सिंह नीतू सिंह मिथलेश मिश्रा रामशंकर शुक्ला ब्रजपाल सिंह सावित्री कटियार डी पी सिंह नितिन मिश्रा



अभिनव सिंह मनमोहन सिंह सुमेर सिंह पूर्णिमा मिश्रा जय शंकर मिश्रा मिथलेश मिश्रा चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी राम आसरे रस्तोगी ब्रह्म दयाल बाजपेई सोमेश सिंह अरुण सिंह नरेश कुमार सतीश शुक्ला राजीव दीक्षित जुगुल किशोर गुप्ता तारकनाथ शर्मा रमेश गुप्ता संजय मिश्रा राम स्नेही द्विवेदी संदीप अग्रवाल शम्भू दयाल आदि लोग मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने मेधावी छात्रों से किया संवाद

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने मेधावी छात्र.छात्रा सम्मान समारोह में अपने जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि विधायक पति के निधन के बाद उपचुनाव में जीत हासिल की। शुरुआत में लोगों की भीड़ और समस्याओं से घबराहट होती थी। गांव में लोगों के घेरने पर घर भागने का मन करता था।

राज्यमंत्री ने कहा कि धीरे.धीरे लोगों के बीच गई जनभावनाओं को समझाए और समस्याओं के समाधान में जुट गईं। अब लोगों के सुख.दुख में शामिल होना अच्छा लगता है। उन्होंने छात्रों को भी इसी तरह उन सभी विषयों को पढ़ने की सलाह दीए जिनमे मन नहीं लगता। कहा कि गहराई में उतरने व समझ आने पर कोई भी विषय प्रिय लग सकता है। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती और पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने विशेष सुझाव दिए। उन्होंने छात्रों को मोबाइल की लत से दूर रहने और ध्यानपूर्वक पढ़ाई करने को कहा। मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने धैर्य और रचनात्मकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में सेंट जेम्स, जयपुरिया, सेंट जेवियर्स और कैंब्रिज सहित 12 से अधिक स्कूलों के मेधावी छात्र.छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को सम्मान पत्र, मेडल, ट्रॉफी और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

## हरियाली तीज के अवसर पर हुआ भव्य कार्यक्रम का आयोजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** सावन के हरियाली तीज के अवसर पर कुबेर लाल जन सेवा संस्थान की संस्थापिका एवं अध्यक्षा निरमा देवी एवं संस्थान के सभी सदस्यों ने कुबेर निवास प्रगति नगर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सभी महिलाओं ने हरे रंग के वस्त्र पहनकर व सोलह श्रंगार कर सावन के गीत गाकर सावन का आनंद लिया। मातृ शक्तियों ने एक उमंग भर देने वाला माहौल बना दिया। कार्यक्रम में चार चांद तब लगे जब गाने बजाने के साथ साथ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमे जीतने वाले को पुरस्कार का वितरण किया गया। और फिर सावन के माह मे झूले का एक अलग ही मजा है, इसी के साथ ही महिलाओ व बच्चों ने जमकर झूले का आनंद लिया। कुबेर लाल जनसेवा संस्थान की संस्थापिका निरमा देवी ने महिलाओं को सुहाग का सामान उपहार में दिया। इस मौके पर अमिता मिश्रा 'मीतू' सुमन सिंह, प्रीति तिवारी, काजल गुप्ता, अनामिका गुप्ता, साधना शुक्ला, सोहिनी द्विवेदी, चेतना माहेश्वरी, कमला गुप्ता, आकांक्षा गुप्ता, काजल गुप्ता, नितिन गुप्ता, सुमित श्रीवास्तव अमित गुप्ता, आदि लोग उपस्थित रहे।

## युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आकाश सिंह ने की कबाड़ियों पर पुष्प वर्षा

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** बाबा मंदिर से कावड़ियों की एक विशाल ब दिव्य झांकियां के साथ बाबा मंदिर के स्थाई निवासी भोले बाबा की कावड़िया भरने राजघाट के लिए प्रस्थान किया जिसमें युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आकाश सिंह ने सभी मोहल्ले के कावड़ियों पर पुष्प वर्षा की जिसमें जिला अध्यक्ष आकाश सिंह ने कहा प्रदेश नेतृत्व से कहा गया है सभी कांवड़ियों का सम्मान कर पुष्प वर्षा कर वह जलपान की व्यवस्था भी युवा मोर्चा की कार्यकर्ताओं करना जो आज की कड़ी में हम लोग कर रहे हे इस कावड़ यात्रा में सम्मिलित होने वाले युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी अनुज मिश्रा नगर अध्यक्ष अभिषेक सिंह गोविंदा मयंक सिंह सचिन यादव आकाश कश्यप रवि गुप्ता अभिषेक सिंह कपिल गुप्ता आदि लोग शामिल हुए।



## कई केसों का खुलासा करने पर पुलिस टीम को व्यापारी नेताओ ने सम्मानित किया



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**माधौगंज ( हरदोई )।** पुलिस द्वारा महिला की हत्या व महिला के साथ लाखो रुपयों की टप्पेबाजी का खुलासा करने से प्रसन्न उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने पुलिस टीम अंगवस्त्र व फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। व्यापारी नेता नवल माहेश्वरी ने कहा कि क्षेत्र की आपराधिक घटना को अंकुश लगाने के लिए पुलिस टीम ने उच्चाधिकारियों के निर्देशन में खुलासा कर बेहतर कार्य किया है। पदाधिकारियों ने थानाध्यक्ष विजय कुमार, उपनिरीक्षक जय प्रकाश मिश्र, उपनिरीक्षक आशीष त्यागी, दीवान सन्दीप, आरक्षी गौतम पोरवाल आदि को मिठाई खिलाकर अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह दिया। थानाध्यक्ष ने व्यापारियों से आग्रह किया कि सोने चांदी के आभूषण की दुकान पर सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय रखें। सन्दिग्ध व्यक्ति की जानकारी तत्काल पुलिस को दे। इस मौके प्रमोद जैन, उमेश माहेश्वरी, राहुल सिंह, अजय गुप्ता, नरेश कुशवाहा, दिनेश गुप्ता, नीरज गुप्ता सभासद प्रिंस बाथम आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## युवक को पीटने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम धनवार में खेत में जानवर ले जाने से मना करने पर एक युवक को मारपीट कर घायल करने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। घायल के पीड़ित पिता अशोक अवस्थी के अनुसार 16 जुलाई को उसका पुत्र प्रशांत अवस्थी खेत में खाद डलवाकर घर आ रहा था। रास्ते में मिंटर पुत्र गोविंद के घर जानवरों को खेत में जाने से रोकने का उलाहना देने लगा तो विपक्षी ने अपने भाई रावेंद्र पुत्र हेतराम और इच्छाराम के साथ मिलकर उसके पुत्र को गाली गलौज किया। गाली देने से मना करने पर आरोपियों ने उसे मारा पीटा। उसका पुत्र भागकर अपने घर में आ गया।विपक्षी लाठी डंडे और तमंचा लेकर उसके घर में घुस आए और उसके पुत्र को लाठियों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल परीक्षण करवाया है। पुलिस आरोपियों को तलाश कर रही है।

## बुजुर्ग पर हमला करने वाले पिता पुत्र गिरफ्तार

**हरियावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पुलिस ने बीती रात को दबिश देकर पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया।थाना प्रभारी वीर बहादुर सिंह ने बताया है कि 16 जुलाई, 2025 को वादी सत्यप्रकाश पुत्र रामेश्वर निवासी ग्राम मदरावा थाना हरियावां जनपद हरदोई द्वारा थाना हरियावां पर तहरीर दी गयी कि अभियुक्तमुन्ना पुत्र बलजीत सिंह, नीरज पुत्र मुन्ना निवासीगण ग्राम मदरावा थाना हरियावां जनपद हरदोई व 02 अन्य द्वारा वादी एवं वादी के परिवार के सदस्यों के साथ गाली.गलौज व मारपीट कर घायल कर दिया गया था। इस संबंध में थाना हरियावां पर मु0अ0सं0 150/25 धारा 109/115(2)/352/351(3)/118 (1) बीएनएस पंजीकृत किया गया। थाना हरियावां पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद अभियुक्त मुन्ना पुत्र बलजीत सिंह, नीरज पुत्र मुन्ना निवासीगण ग्राम मदरावा थाना हरियावां जनपद हरदोई को गिरफ्तार किया गया है। वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 राजेश कुमार चौधरी, का0 शैलेन्द्र कुमार, का0 राहुल कुमार थाना हरियावां जनपद हरदोई टीम शामिल रही। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए सार्थक प्रयास जारी है।



# भविष्य के हथियार

ऑपरेशन सिंदूर सही मायनों में भारतीय वायु सेना की श्रेष्ठता का एक अद्भुत प्रदर्शन था। निस्संदेह, भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का पाकिस्तान को न केवल कड़ा जवाब दिया बल्कि नये दौर के युद्ध कौशल का सफल परीक्षण भी किया। लेकिन हम सिर्फ इससे आत्मसंतुष्ट होकर नहीं बैठ सकते। भारतीय सेना के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ यानी सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने दुनिया के मौजूदा परिदृश्य पर बिल्कुल सही कहा है कि आज का युद्ध कल की तकनीक से लड़ा जाना चाहिए, न कि बीते जमाने की हथियार प्रणालियों से। दरअसल, हर पल बदलती युद्ध कौशल की तकनीकों में बात बढ़त लेने की है। यह एक हकीकत है कि जो भी देश ऐसा करने में विफल रहेगा, निश्चित रूप से उसकी सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। उनका कहना सही ही है कि मानवरहित हवाई वाहन यानी यूएवी आमने-सामने की लड़ाई के विपरीत गैर-संपर्क युद्ध के तेजी से विकसित होते परिदृश्य में एक बदलावकारी शक्ति के रूप में उभरे हैं। ड्रोन तकनीक के लगातार विकसित होते रहने से यह एक ऐसा घातक हथियार बन चुका है, जो दुश्मन देश के प्रमुख रक्षा प्रतिष्ठानों जैसे लक्ष्यों को तुरंत पहचानकर उन पर हमला कर सकता है। वास्तव में, भारत ऑपरेशन सिंदूर के संघर्ष के दौरान पाकिस्तान सशस्त्र बलों द्वारा इस्तेमाल किए गए अधिकांश ड्रोनों को मुख्य रूप से अपनी मजबूत वायु रक्षा प्रणाली के बूते ही बेअसर करने में सक्षम रहा। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भविष्य के किसी युद्ध में पाकिस्तान के करीबी सहयोगी उसे बेहतर यूएवी की आपूर्ति करेंगे ताकि पाकिस्तान की स्थिति को बेहतर बनाया जा सके। इस खतरे के प्रति सतर्क रहते हुए भारत के लिये जरूरी हो जाता है कि हम यूएवी और मानवरहित स्वदेशी प्रणालियों के विकास पर अपना विशेष ध्यान केंद्रित करें। साथ ही इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि ये भारतीय परिस्थितियों और जरूरतों के भी अनुकूल हों। तभी हम आसन्न चुनौतियों का मुकाबला बेहतर ढंग से कर पाने में सक्षम हो सकेंगे। इसमें दो राय नहीं कि हाल ही के दिनों में यूरोप और एशिया में जारी संघर्ष के दौरान ड्रोन व मानवरहित विमानों ने निर्णायक भूमिका निभायी है। इस दिशा में भारत पूर्वी यूरोप में ड्रोन-प्रधान संघर्ष से सबक ले सकता है। जहां यूक्रेन ने सैन्य शक्ति, तोपखाने और टैंकों के मामले में रूस की बढ़त का मुकाबला करने लिये यूएवी का भरपूर इस्तेमाल किया है। यही वजह है कि यूक्रेन की इस रणनीति ने रूस को अपना ध्यान यूएवी तकनीक पर केंद्रित करने के लिये बाध्य किया है। रक्षा विशेषज्ञों का आकलन है कि दोनों देश प्रतिवर्ष चौंका देने वाली लाखों की दर से ड्रोन बना रहे हैं। ड्रोन उत्पादन के क्षेत्र में यूक्रेन के एक महाशक्ति के रूप में उदय ने भारत को ऐसे क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिये प्रेरित किया है, जहां अत्याधुनिक नवाचार ही सब कुछ है, अब चाहे इनका उपयोग किसी भी निश्चित उद्देश्य के लिये किया जाए। मसलन स्ट्राइक ऑपरेशन की निगरानी के लिये तथा रडार से छिपकर ये उड़ने वाली मशीनों को सुरक्षित बनाने के लिये। भारत के लिये यह सुनिश्चित करना एक चुनौती है कि उसके ड्रोन और ड्रोन-रोधी प्रणालियां दुश्मन के ड्रोन तकनीक से बेहतर सिद्ध हों। निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में यूएवी परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में निर्णायक साबित होगा। ऐसे में परंपरागत युद्ध कौशल से आगे जाकर हमें नई चुनौतियों का मुकाबला करना है। हमें न केवल अपनी सुरक्षा को सुनिश्चित करना है बल्कि ड्रोन व यूएवी तकनीक में ऐसी महारथ हासिल करनी है कि हम इनके निर्यातक के रूप में हथियार बाजार में अपनी पहचान बना सकें। निश्चित रूप से हम इससे अपनी विशाल युवा शक्ति के बूते और नई पीढ़ी के कौशल विकास से इन लक्ष्यों को हासिल कर सकते हैं। इससे जहां हम बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करा सकेंगे, वहीं दुर्लभ विदेशी मुद्रा भी अर्जित कर सकेंगे। हम देख रहे हैं कि दुनिया में आज उन्हीं देशों की कूटनीति का वर्चस्व है, जिनका हथियार उद्योग व तकनीकी नवाचार में बोलबाल है।

> **भारतीय सेना के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ यानी सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने दुनिया के मौजूदा परिदृश्य पर बिल्कुल सही कहा है कि आज का युद्ध कल की तकनीक से लड़ा जाना चाहिए, न कि बीते जमाने की हथियार प्रणालियों से। दरअसल, हर पल बदलती युद्ध कौशल की तकनीकों में बात बढ़त लेने की है। यह एक हकीकत है कि जो भी देश ऐसा करने में विफल रहेगा, निश्चित रूप से उसकी सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। उनका कहना सही ही है कि मानवरहित हवाई वाहन यानी यूएवी आमने-सामने की लड़ाई के विपरीत गैर-संपर्क युद्ध के तेजी से विकसित होते परिदृश्य में एक बदलावकारी शक्ति के रूप में उभरे हैं।**

# विचार अभिव्यक्ति की मर्यादा

हृदयनारायण दीक्षित

> **भारत विश्व प्रतिष्ठित देश है। हम भारत के लोग अपने परिजनों/देशवासियों से शब्द संयम की न्यूनतम अपेक्षा तो कर ही सकते हैं। यह बात सही है कि विचार अभिव्यक्ति आवश्यक है, लेकिन इससे भी ज्यादा यह बात आवश्यक है कि अभिव्यक्ति का सौंदर्य और उसका प्रवाह अश्लील अभद्र और आक्रामक न हो। संप्रति सोशल मीडिया में सदाचार और अभद्र आचरण को भी जाति वर्ग में बांटने का प्रचार चल रहा है। आखिरकार विचार अभिव्यक्ति का अर्थ क्या है? अस्तित्व सत्य है, अस्तित्व सुंदर है और शिव भी है। हमारे उद्भव का स्रोत अस्तित्व है।**

अभिव्यक्त की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है। संविधान निर्माताओं ने सच्चे लोकतंत्र की स्थापना के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मौलिक अधिकार बनाया है, लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का यह अधिकार असीम नहीं है। इसकी सीमा है। संविधान के अनुच्छेद 19 में यह अधिकार स्पष्ट है। कहा गया है, ''सभी नागरिकों को वाक स्वातंत्र्य और अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य का अधिकार होगा।'' वहीं इसी अनुच्छेद के खण्ड 2 में इस अधिकार की मर्यादा बताई गई है। आगे कहा गया है, ''भारत की संप्रभुता, अखण्डता, सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बंध, लोकव्यवस्था, शिष्टाचार या सदाचार के हितों में अथवा न्यायालय अवमान के सम्बंध में विद्यमान विधि के प्रवर्तन पर फर्क नहीं पड़ेगा।'' बीते कुछ समय से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के इस अधिकार का दुरुपयोग बढ़ रहा है। इस पर पर राष्ट्रीय बेचैनी है। सर्वोच्च न्यायालय ने कई मामलों में स्पष्ट किया है कि विचार अभिव्यक्ति की यह स्वतंत्रता निरपेक्ष नहीं है। दरअसल सोशल मीडिया में सक्रिय एक बड़े वर्ग द्वारा आभासी आक्रमण दंगा भड़काने वाले पोस्ट डाले जा रहे हैं। अश्लील चित्र और अवैध संबंधों का महिमामण्डन किया जा रहा है। ऐसे में सोशल मीडिया जैसे विशाल मंच के दुरुपयोग की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। देश चिंतित है। सांप्रदायिक संघर्ष भड़काने वाली झूठी सूचनाएं भी राष्ट्रीय एकता और आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरनाक बताई जा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने विकलांग व्यक्तियों पर आपत्तिजनक टिप्पणियों को गंभीरता से लिया है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने अटॉर्नी जनरल से सोशल मीडिया के दिशा-निर्देश तैयार करने की अपेक्षा की है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का निरंकुश दुरुपयोग राष्ट्र के लिए अच्छा नहीं है। एक अन्य मुकदमे में सर्वोच्च न्यायपीठ ने कहा है, ''अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मूल्यवान है। आखिरकार देश के नागरिक स्वयं अपना नियमन क्यों नहीं कर सकते? भारत विश्व प्रतिष्ठित देश है। हम भारत के लोग अपने परिजनों/देशवासियों से शब्द संयम की न्यूनतम अपेक्षा तो कर ही सकते हैं। यह बात सही है कि विचार अभिव्यक्ति आवश्यक है, लेकिन इससे भी ज्यादा यह बात आवश्यक है कि अभिव्यक्ति का सौंदर्य और उसका प्रवाह अश्लील अभद्र और आक्रामक न हो। संप्रति सोशल मीडिया में सदाचार और अभद्र आचरण को भी जाति वर्ग में बांटने का प्रचार चल रहा है। आखिरकार विचार अभिव्यक्ति का अर्थ क्या है? अस्तित्व सत्य है, अस्तित्व सुंदर है और शिव भी है। हमारे उद्भव का स्रोत अस्तित्व है। अस्तित्व प्रतिपल अभिव्यक्त हो रहा है। सत्य, शिव और सुंदर को प्रकट करना और राष्ट्र को आनंद आपूरित करना अभिव्यक्ति का उद्देश्य है। संगीत, कला, काव्य और साहित्य सहित सभी सृजन विचार स्वातंत्र्य में ही खिलते हैं। आधुनिक विश्व के सभी देशों में इनका सम्मान है। लेकिन भारत और शेष विश्व में इनके उद्देश्यों में मौलिक अंतर है। भारतीय संगीत, कला, काव्य और साहित्य का लक्ष्य लोकमंगल है। यहां जो लोकमंगल नहीं साधता वह साहित्य नहीं हो सकता। यहां श्रीकृष्ण भी बांसुरी वादक हैं और शिव नटराज। ऋग्वेद में अग्नि देवता व बृहस्पति को भी कवि बताया गया है। यहां विचार अभिव्यक्ति का लक्ष्य किसी की भावनाओं को चोट पहुंचाना नहीं था। भारतीय भाषाओं के सबसे लोकप्रिय कवि तुलसीदास ने रामचरित मानस लिखी थी। यहां पहले से ही इस्लामी शासन था लेकिन उनकी रामकथा में इस्लाम या तत्कालीन शासकों पर कोई टिप्पणी नहीं है। संविधान निर्माता सजग थे। उन्होंने विचार अभिव्यक्ति का स्वातंत्र्य दिया, साथ ही मर्यादा के बंधन भी लगाए। संविधान सभा (1.12.1948) में प्रो. केटी शाह ने बंधनों का विरोध किया, कहा, ''यहां मुख्य प्राविधान के बजाय अपवादों पर अधिक जोर दिया गया है, वास्तव में दांए हाथ से जो कुछ दिया गया है उसे तीन, चार बार बांए हाथों से छीन लिया गया है।'' शाह ने समाचार पत्रों को अधिकार देने की मांग की। कहा, ''संयुक्त राष्ट्र संघ के घोषणा पत्र में समाचार पत्रों की स्वाधीनता को प्रमुख स्थान दिया गया है। हमारे मसौदाकारों ने इसे क्यों छोड़ा?'' दामोदर स्वरूप सेठ ने भी कहा, ''इस अनुच्छेद में जिन अधिकारों को दिया गया है उनका उसी अनुच्छेद की धारा से खण्डन हो जाता है।'' अनेक तर्क हुए लेकिन अंततः बंधनों पर ही सहमति हुई। समाचार पत्रों को इसी अधिकार में सम्मिलित माना गया। मर्यादाओं की सूची में अपराध प्रेरण, शिष्टाचार, सदाचार, न्यायालय अवमान; आदि शब्द रखे गए थे। लेकिन चीनी हमले के समय वामपंथी समूहों ने राष्ट्रीय संप्रभुता को भी चुनौती दी। तब 'भारत की संप्रभुता और अखण्डता' को प्रभावित करने वाली अभिव्यक्ति पर मर्यादा की बात 1963 के 16वें संविधान संशोधन में जोड़ी गई। राष्ट्र का संवर्द्धन हरेक नागरिक का कर्तव्य है। संविधान का अनुच्छेद 51क (42वां संविधान संशोधन) मूल कर्तव्यों का है। प्रख्यात संविधानविद् न्यायमूर्ति डीडी वसु की टिप्पणी पठनीय है, ''मूल कर्तव्य न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है। इनका उल्लंघन भी दण्डनीय नहीं है लेकिन न्यायालय ऐसे व्यक्ति की प्रेरणा पर मूल अधिकार का प्रवर्तन करने से इंकार कर सकता है जिसने संवैधानिक कर्तव्यों में से किसी एक का उल्लंघन किया है।'' इस सूची में संविधान का पालन, संवैधानिक संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रगान का आदर, राष्ट्र की संप्रभुता, एकता, अखण्डता का सम्मान, समानता व भाईचारा बढ़ाने, सांस्कृतिक परम्परा का सम्मान और परिरक्षण आदि 11 संवैधानिक कर्तव्य व्यों का पालन किए जाने की अपेक्षा की गई है। लेकिन अनेक लोग विचार अभिव्यक्ति के अधिकार का प्रयोग करते समय संवैधानिक कर्तव्यों का ध्यान नहीं रखते। भारत संघ बनाम नवीन जिन्दल मामले (2004) में न्यायालय ने राष्ट्रध्वज के लहराने को भी विचार अभिव्यक्ति मानकर अनुच्छेद 19(1) की परिधि में मौलिक अधिकार बताया था। वाक स्वातंत्र्य का अधिकार बड़ा है। शब्द सत्ता बड़ी है-शब्द संयम में प्रीति होती है, रस होता है। शब्द दुरुपयोग में उत्तेजना है, भावना और आस्था पर आक्रमण हैं। विश्वविख्यात कलाकार एमएफ हुसैन ने सरस्वती व सीता के अश्लील चित्र बनाए थे। इसे विचार अभिव्यक्ति कहेंगे या विकार अभिव्यक्ति? सोशल मीडिया में आपत्तिजनक सामग्री की आंधी है। शब्द संयम में ही सौन्दर्य प्रकट होता है और शब्द अनुशासनहीनता में अश्लीलता। सर्वोच्च न्यायालय ने 2005 में मौन रहने को भी अनु. 19(1क) के अधीन विचार अभिव्यक्ति का अधिकार बताया था। राजनीति शब्दों का ही खेल है। लेकिन राजनैतिक शब्दकोष से शालीनता के तत्व गायब हैं। यहां आरोप-प्रत्यारोप हैं। संसद और विधानमण्डल में बोले गए शब्दों पर न्यायालय कार्यवाही नहीं कर सकते। इसलिए संसदीय शब्द अराजकता अपनी सीमा पार कर गई है। वाक स्वातंत्र्य के अधिकार का सदुपयोग सामाजिक परिवर्तन में होना चाहिए। वाद-विवाद में मधुमय सम्वाद की प्राचीन संस्कृति को बढ़ाना चाहिए। समाज के छोटे से हिस्से की भी भावनाओं को आहत करने वाले शब्दों का प्रयोग अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग है। इसी तरह बात बे-बात किसी विचार, संगीत, कला, काव्य या फिल्म को लेकर हल्ला बोलना भी स्वतंत्र समाज के लिए बहुत घातक है। राष्ट्र राज्य अपना कर्तव्य निभाए और नागरिक अपना।

# सृष्टि का आधार हैं शिव

अरूण कुमार

> **सावन का भारतीय संस्कृति में अति महत्व है। सृष्टि का आधार शिव हैं। पूरे सावन माह देवाधिदेव महादेव का पूजन अर्चन किए जाने के भारतीय धार्मिक ग्रन्थो में निर्देश हैं। वह आदि देव हैं। उन्हें महादेव कहा गया है। वे उमापति अर्थात वे मां पार्वती के पति हैं। वह ही अर्धनारीश्वर हैं। राम जब श्रीलंका युद्ध के लिए प्रस्थान करते हैं उससे पूर्व समुद्र तट पर शिवलिंग की स्थापना करते हैं। वही रामेश्वरम शंकर ही हैं। शिव शक्ति अनादि है। पार्वती शक्ति का अंश है।**

सावन चहुँदिश उल्लास लाता है। प्रकृति श्रृंगार करती है। वनस्पतियों का सौंदर्य आकर्षित करता है। नदियों झीलों सरोवरों में जल प्रवाह बढ़ जाता है। सावन मनुष्यों के साथ प्रत्येक जीव को आनंदित करता है। दादुर (मेंढक) कोयल, पपीहा भी गीत गाने लगते हैं। सब तरफ हरियाली दिखाई देती है। सावन की हरीतिमा प्रत्येक का आकर्षण है। आकाश में जल भरे मेघ देखकर ही हृदय प्रफुल्लित होता है। तपिश की विदाई हो जाती है। वह बार-बार मुड़कर देखती है पर उसे जाना ही पड़ता है। मेघों की प्रत्येक अमृत बूंद सबको ताजगी स्फूर्ति से भर देती है। खेती किसानी का कार्य आरंभ हो जाता है। किसानों के हृदय से गीत उठने लगते हैं। वह भी बरसात में आनंदित होते हैं। सावन में धान की खेती का कार्य अधिकतम होता है। धान से ही अक्षत निकलते है। धान बाद में अक्षत ( चावल)हो जाता है। भारतीय संस्कृति में अक्षत का बड़ा महत्व है। मांगलिक कार्यक्रमों में अक्षत का प्रयोग हर जगह है। माटी का कलश रखा जाता है कलश पर सतरंगी अक्षतों की छटा सबने देखी है। सावन का भारतीय संस्कृति में अति महत्व है। सृष्टि का आधार शिव हैं। पूरे सावन माह देवाधिदेव महादेव का पूजन अर्चन किए जाने के भारतीय धार्मिक ग्रन्थो में निर्देश हैं। वह आदि देव हैं। उन्हें महादेव कहा गया है। वे उमापति अर्थात वे मां पार्वती के पति हैं। वह ही अर्धनारीश्वर हैं। राम जब श्रीलंका युद्ध के लिए प्रस्थान करते हैं उससे पूर्व समुद्र तट पर शिवलिंग की स्थापना करते हैं। वही रामेश्वरम शंकर ही हैं। शिव शक्ति अनादि है। पार्वती शक्ति का अंश है। वह ही शिव की अर्धांगिनी हैं। कहा जाता है श्रावण मास में पार्वती ने शिव को पति के रूप में पाने की तपस्या की थी। जब हम अपनी भीतर की यात्रा में होते हैं अपने अंतस की वाणी को सुनते हैं। अन्तस् में स्थिर होकर वह शक्ति बाहर गतिशील होती है। जीवन में शुभ अशुभ, दिन रात, प्रकाश अंधकार, हर्ष-विषाद, अमृत-विष, मंगल- अमंगल साथ-साथ हैं। शिव सृजन और प्रलय के देवता हैं। रुद्र संहिता में शिव ने दक्ष से कहा मैं अपने सगुण स्वरूप के गोपनीय रहस्य को धर्म की दृष्टि से तुम्हारे सामने प्रकट करता हूँ। जगत का मैं ही परम कारण ब्रह्मा और विष्णु हूँ। मैं सबका आत्म ईश्वर और साक्षी हूँ। अपनी त्रिगुणात्मिका शक्ति को स्वीकार करके मैं ही जगत की सृष्टि पालन और संहार करता हूँ। ब्रह्मा विष्णु और रुद्र नाम धारण करता हूँ। गीता के दसवें अध्याय विभूति योग में श्री कृष्ण कहते हैं, रुद्रो में मैं ही शंकर हूँ। मैं देवताओं का महर्षियों का आदि हूँ। इससे पूर्व वे कहते हैं कि जो मनुष्य अजन्मा अनादि और संपूर्ण लोकों को ईश्वर जानता है संदेह रहित स्वीकारता है वह मनुष्यों में ज्ञानवान है। परमात्मा सभी शक्तियों विद्याओं का स्रोत है। शक्ति चिन्मय परम तत्व में ही रहती है। शिव महापुराण में महादेव ने पार्वती से कहा यदि साधक के मन में श्रद्धा भक्ति न हो तो पूजन, कर्म, तपस्या, जप, आसन आदि अन्य साधन से भी मैं वशीभूत नहीं होता हूँ। मैं श्रद्धा से वश में होता हूँ। फिर वह मेरा दर्शन स्पर्श पूजन और संभाषण भी कर सकता है। श्रद्धा स्वधर्म के हेतु है। वही इस लोक में रक्षा करने वाली है। मेरे बताएं मार्ग से ही मुझमें स्थिर भाव से चित लगाने वाले साधक द्वारा जो अंतःकरण की वृत्तियों का निरोध किया जाता है। उसी को योग कहते हैं। फिर कहते हैं देवी चित को निर्मल एवं प्रसन्न बनाना अश्वमेध यज्ञों के समूह से श्रेष्ठ है। वही मुक्ति प्रदाता है। आगे कहते हैं प्राणियों पर दया करनी चाहिए। ज्ञान का संग्रह आवश्यक है। मुझ में श्रद्धा करना। इंद्रियों का संयम वेद पढ़ना यज्ञ, करना मेरा चिंतन करना आवश्यक है। प्रिये, कर्ममय यज्ञ द्वारा मेरी पूजा करके फिर ज्ञान योग का साधक अभ्यास करें। मेरा पूजन दो तरह का है वाह्य है और आभ्यंतर। मन वाणी और शरीर। त्रिविध साधनों के भेद से मेरा भजन तीन प्रकार माना गया है। तप,कर्म, जप, ध्यान और ज्ञान। मेरे भजन के पांच स्वरूप हैं। मूर्ति पूजन वाह्य पूजन है। वहीं, भजन पूजन जब मन के द्वारा होने से केवल अपने ही अनुभव का विषय होता है। तब आभ्यन्तर कहा जाता है। मुझ में लगा चित्त मन कहलाता है। जो वाणी मेरे नाम जप कीर्तन में लगी हुई है वही वाणी कहलाने योग्य है। शरीर नहीं। शास्त्र में बताए हुए त्रिपुण्ड्र आदि चिन्हों से अंकित है निरंतर मेरी सेवा पूजा में लगा है वही शरीर है दूसरा नहीं। मेरे स्वरूप का चिंतन स्मरण ही ध्यान है। मैं सदा ही कृतकृत्य हूँ। शिव का रुद्राभिषेक, जलाभिषेक अनेक तरह के पदार्थों से वस्तुओं से किया जाता है। वे ही नील कंठ हैं। समुद्र मंथन में अमृत के साथ निकले विष को भी शिव ने लोक मंगल के लिये पान किया। यह भी समझना है कि जब शिव को विष पान करना पड़ा तब साधारण मनुष्य को विषपान करके ही उसके भी मनोरथ पूरे होंगे। मनोरथ चाहे स्वयं के हो अथवा राष्ट्र समाज के लोकमंगल के हों। बाधाएं हैं। बाधा रूपी विषपान के बाद ही शिवत्व घटित होता है। फिर राम हों, कृष्ण हों परशुराम हो विष बाधा प्रत्येक को पार करनी पड़ती है। तभी शिवत्व घटित होता है। प्रत्येक मनुष्य के अंतस में एक स्त्री भाव है। नारी भाव है। प्रत्येक स्त्री के अंतस में पुरुष भाव है। यही कारण है कि प्रत्येक पुरुष स्वयं को अकेला समझता है। जानता है। वह संपूर्ण पुरुष नहीं है। वह पुरुष आधा है। वह स्त्री भी आधी है। इसलिए बात पूर्ण की एकत्व की होती है। जो तत्व जो भाव पुरुष में है वह स्त्री में नहीं है। जो भाव ऊर्जा स्त्री में है वह पुरुष में नहीं है। जब दो मिलते हैं तब वह संपूर्ण होते हैं। ऊर्जा भी धनात्मक और ऋणात्मक है। यह विज्ञान की भाषा है। विज्ञान का भी काम कम दो से ही चलता है। एक से नहीं। दोनों के मिलने से ही एकत्व ऊर्जा घटित होती है। ऊर्जा प्रवाहित होती है। सघन होती है। तभी सावन माह शिव के लिए समर्पित है। सावन में चंपा, चमेली, रातरानी, नरगिस, मधु मालती मनोकामिनी, अपराजिता, सावनी, लिली सहित हजारों लाखों पुष्पों की प्रजातियां पुष्पों से भर जाती हैं। वातावरण महक लहक जाता है।सावन में ही झूला झूलने का परंपरा रही है। अब यह परंपरा लगभग क्षीण हो रही है। साथ ही कजरी, सावन गीत गाँव गली में गूँजते थे। सावन के गीतों को भारतीय सिनेमा ने विशेष रूप से दर्शाया है। नायक नायिकाओं के मिलन और विरह की कहानियां भी फिल्मों में प्रदर्शित की गई हैं। अनेक साहित्यकारों ने भी सावन को विषय बनाया है। सावन की बरसात और मस्ती सबको मद मस्त बनाती ही है। एक गीत है सावन की घटाओं में इन मस्त फिजाओं में आग सी लगती है जिया में इन सावन की घटाओं से तुमको, तुमको भी तो ऐसा कुछ होता होगा ओ सजनी। और टिप टिप बरसा पानी। आग लगा दो सावन को। सावन ने आग लगाई। सावन का महीना पवन करे शोर जियरा रे झूमे ऐसे जैसे वनमा नाचे मोर यह प्रसिद्ध गीत मनमोहक है। सावन और शिवत्व की अमृत बूंदें वर्षा ऋतु में सबको अभिसिंचित करती हैं।

# स्कूलों को उड़ाने की धमकियांः सुरक्षा पर मंडराता

ललित गर्ग

> **मई 2024 में एक ही दिन में दिल्ली के 100 से अधिक स्कूलों को एक साथ बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं थी। राजधानी के प्रतिष्ठित स्कूलों जैसे पश्चिम विहार इलाके में रिचमंड ग्लोबल स्कूल और रोहिणी सेक्टर-3 स्थित अभिनव पब्लिक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इनमें तीन कॉलेज शामिल हैं। डीपीएस, मदर्स इन्टरनेशनल, संस्कृति स्कूल आदि प्रतिष्ठित स्कूलों को इस भयावह चक्रव्यूह में शामिल किया गया है। ताजा धमकियों में हो सकता है, जांच में कुछ भी चिंताजनक न मिले, पर ऐसी धमकी से तात्कालिक रूप से जो तनाव पैदा होता है, उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ई-मेल से दी गई धमकी की जो भाषा है, उस पर अवश्य गौर करना चाहिए।**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के करीब 45 स्कूलों में बम विस्फोट की धमकी बेहद गंभीर और चिंताजनक है। चूंकि ऐसी धमकियां लगातार आ रही हैं, इसलिए हमारे सुरक्षा तंत्र को बहुत सजग हो जाना चाहिए। यह पुलिस एवं प्रशासन के सामने एक बड़ी चुनौती एवं गंभीर प्रश्न है, क्योंकि बीते कुछ ही दिनों में करीब चार बार ऐसी धमकियों के ई-मेल अथवा फोन से डराने एवं धमकाने वाले सन्देश मिले हैं। इसी बुधवार को ही सात स्कूलों को विस्फोट की धमकी मिली थी। अगर यह किसी की सोचा-समझी साजिश है तो बहुत गंभीर है। किसी की शरारत भी है, तब भी अक्षम्य अपराध है। दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में स्कूलों को उड़ाने की मिल रही ऐसी धमकियां न केवल सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं, बल्कि यह हमारे भविष्य, यानी बच्चों की मानसिक शांति और शिक्षा के अधिकार पर भी गहरा आघात है। कई बार ये धमकियां फर्जी साबित हुईं, लेकिन हर बार छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों में भारी दहशत का माहौल बना, जिससे न केवल शिक्षण प्रभावित हुआ बल्कि प्रशासन की सजगता और तत्परता भी सवालों के घेरे में आ गई। मई 2024 में एक ही दिन में दिल्ली के 100 से अधिक स्कूलों को एक साथ बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं थी। राजधानी के प्रतिष्ठित स्कूलों जैसे पश्चिम विहार इलाके में रिचमंड ग्लोबल स्कूल और रोहिणी सेक्टर-3 स्थित अभिनव पब्लिक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इनमें तीन कॉलेज शामिल हैं। डीपीएस, मदर्स इन्टरनेशनल, संस्कृति स्कूल आदि प्रतिष्ठित स्कूलों को इस भयावह चक्रव्यूह में शामिल किया गया है। ताजा धमकियों में हो सकता है, जांच में कुछ भी चिंताजनक न मिले, पर ऐसी धमकी से तात्कालिक रूप से जो तनाव पैदा होता है, उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ई-मेल से दी गई धमकी की जो भाषा है, उस पर अवश्य गौर करना चाहिए। पुलिस और प्रशासन की तत्काल प्रतिक्रिया एवं सतर्कता के चलते सुरक्षा के कदम उठाते हुए स्कूलों को खाली कराया गया, बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और फोरेंसिक टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। हालांकि बाद में अधिकतर धमकियां फर्जी ही पाई गईं, लेकिन जिस प्रकार बार-बार ये घटनाएं हो रही हैं, वह एक सुनियोजित मानसिक आतंकवाद की ओर इशारा करती हैं। इसमें मुख्यतः साइबर सुरक्षा में चूक भी दिख रही है। इन डराने एवं खौफ पैदा करने वाली घटनाओं की अभी तक की जांच में पुलिस ने पाया है कि ये सभी धमकी भरे संदेश फर्जी हैं। फर्जी होने के बावजूद जांच को एक पुख्ता एवं सटीक समाधान तक पहुंचाना चाहिए। कौन अपराधी है, जो ऐसी धमकियां दे रहा है? अगर वह कोई बिगड़ैल बच्चा भी है, तो उसे इलाज की जरूरत है। वैसे इतने सुनियोजित तरीके की भेजी जा रही धमकियां किसी बिगडैल एवं शरारती बच्चे की नहीं हो सकती, जरूर इसके पीछे किसी बड़े षडयंत्रधारी का हाथ है। धमकाने की यह परिपाटी या किसी को डराने का यह तरीका अनियंत्रित नहीं होना चाहिए। अधिकांश ईमेल और धमकियां विदेशी सर्वरों से भेजी गई थीं-रूस, यूक्रेन जैसे देशों से। यह भारत की साइबर सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरी और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्किंग के माध्यम से की जा रही साजिशों की ओर संकेत करती है। यह संकट केवल सुरक्षा का नहीं, मानसिक आघात का है। हर धमकी के बाद छात्रों की परीक्षा, पढ़ाई, उपस्थिति और मनोवैज्ञानिक स्थिति पर प्रतिकूल असर पड़ा है। बच्चों के भीतर असुरक्षा, भय और अविश्वास की भावना उत्पन्न हो रही है, जो उनके समग्र विकास के लिए बेहद खतरनाक है। अभिभावक-समाज में भी गहरा असंतोष और चिंता व्याप्त है, जो सरकार और पुलिस प्रशासन पर भरोसे को कम कर रही है। इन डराने एवं असुरक्षा का वातावरण पैदा करने वाली धमकियों के बावजूद स्कूल प्रशासन की यह सराहनीय बात है कि ज्यादातर स्कूल खुले रहे और सबने सावधानी से काम लिया। कहीं भी अफरा-तफरी नहीं होने दी गयी। फिर भी ऐसी धमकियों के मनोवैज्ञानिक एवं संवेदनशील असर को गहराई से समझने की जरूरत है। क्या ऐसी बार-बार मिल रही धमकियों से हम एक डरा हुआ समाज ही नहीं, बल्कि एक लापरवाह समाज भी बना रहे हैं? आज ऐसी धमकियों से हमें डर लग रहा है, लेकिन कल हो सकता है, ये धमकियां हमें लापरवाह बना दें। तब शरारती तत्व किसी बड़ी घातक एवं अनहोनी घटना को अंजाम दे देने में सफलता पा ले। जरूरत है स्कूलों की सुरक्षा व्यवस्था सिर्फ अस्थायी जांच और अलार्म तक सीमित न रहे। एक स्थायी और आधुनिक सुरक्षा फ्रेमवर्क लागू किया जाना चाहिए, जिसमें सीसीटीवी, बायोमैट्रिक एंट्री, इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम आदि अनिवार्य हों। साथ ही, स्कूलों को अपने स्तर पर भी पुख्ता सुरक्षा के प्रबंध रखने चाहिए। बच्चों के आने और स्कूल तक पहुंचने के मार्ग खुले, चौड़े व स्पष्ट होने चाहिए। यह परखना चाहिए कि स्कूलों में अग्निशमन की व्यवस्था है या नहीं? इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्कूल सुरक्षित है या नहीं? अलार्म और निगरानी व्यवस्था चौकस है या नहीं? जो स्कूल टूटे-फूटे हुए हैं, जिन स्कूलों में जल भराव या फिसलन की समस्या है, वहां विशेष रूप से उपाय करने की जरूरत है। इस तरह की धमकी देने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो। आईटी एक्ट और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत त्वरित कार्यवाही से ही ऐसे अपराधियों को रोका जा सकता है। धमकियां झूठी भी हों, तो भी दोषियों को ऐसी सजा मिलनी चाहिए कि सभी को सबक मिले। यह अच्छी बात है कि दिल्ली के अनेक स्कूलों ने अपने विद्यार्थियों को ऐसी स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित कर रखा है। शुक्रवार को जब धमकी की बात सामने आई, तब भी अनेक स्कूलों में कक्षाओं को बहुत आसानी से खाली करा लिया गया। सारे विद्यार्थी अपेक्षाकृत ज्यादा सुरक्षित जगहों पर पहुंच गए। वास्तव में, यह एक अनिवार्यता है कि सभी स्कूल अपने विद्यार्थियों को समय-समय पर प्रशिक्षित करें और मानसिक रूप से मजबूत रखें एवं ऐसी आपातकालीन स्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण दें। स्कूलों में मनोवैज्ञानिक परामर्श की व्यवस्था हो ताकि ऐसे हादसों से बच्चों और शिक्षकों पर पड़ने वाले मानसिक दुष्प्रभावों को कम किया जा सके। बार-बार मिल रही इन धमकियों ने परिवारों में अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता में डाल दिया है और लोग सरकार से यह उम्मीद कर रहे हैं कि वह इन धमकियों की तह में जाकर ठोस समाधान करें। सुरक्षा एजेंसियों के लिए यह बड़ा मौका है कि वे अपनी योग्यता प्रमाणित करें। दोषियों तक जल्द पहुंचने की क्षमता विकसित होनी चाहिए। धमकियां अगर साइबर माध्यम से आ रही हैं, तो क्या हम उनके स्रोतों तक पहुंचने की क्षमता नहीं रखते हैं? कोई दोराय नहीं कि अगर ऐसी धमकियों को रोका न गया, तो इससे विशेष रूप से खुफिया एजेंसियों की साख पर बट्टा लगेगा। अतः ऐसी धमकियों के प्रति अत्यधिक गंभीरता बरतने की जरूरत है। इस तरह की ईमेल धमकियों का सूत्रधार अक्सर विदेशी या वर्चुअल नेटवर्क होते हैं। भारत को अपनी साइबर सेल को और अधिक प्रशिक्षित, तकनीकी और संसाधन-सम्पन्न बनाना होगा ताकि ऐसी साजिशों की जड़ तक पहुँचा जा सके। ध्यान रखना होगा कि स्कूल केवल इमारतें नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के कारखाने हैं। वहां डर और आतंक का माहौल नहीं, बल्कि ज्ञान और विश्वास की नींव मजबूत होनी चाहिए। आज की आवश्यकता है कि सरकार, प्रशासन, स्कूल प्रबंधन, अभिभावक और समाज मिलकर ऐसी धमकियों को केवल सुरक्षा का मुद्दा न मानें, बल्कि इसे राष्ट्रहित और बच्चों के भविष्य के संकट के रूप में देखें। जब तक स्कूलों में सुरक्षा की पूरी गारंटी नहीं होगी, तब तक शिक्षा व्यवस्था में विश्वास बहाल नहीं हो सकेगा। सरकार और सुरक्षा एजेंसियों को इन घटनाओं पर सख्त होना होगा, अन्यथा जो देश अपने बच्चों की सुरक्षा नहीं कर सकता, वह अपने भविष्य को खो देता है।

# प्रशासक के पद पर आसीन होते ही कंाट को संवारने की कवायद शुरू

- ददरौल विधायक के साथ सुबह छः बजे कांट पहुंचे उपजिलाधिकारी
- सफाई कर्मियों के साथ नगर के दो मोहल्लों में खुद उपजिलाधिकारी और विधायक ने की सफाई
- घर-घर जाकर महिलाओं से खुले में कूड़ा ना फेंकने की अपील

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





शाहजहांपुर। नगर पंचायत कंाट में ददरौल विधायक अरविन्द कुमार सिंह, मा0 विधायक, विधानसभा व अपर जिलाधिकारी (प्रशासक नगर पंचायत कंाट) अरविंद कुमार ने नगर पंचायत कंाट के वार्डो में स्वच्छता मिशन के तहत चलाये जा रहे विशेष सफाई अभियान का भ्रमण किया गया तथा स्वच्छता अभियान में भी भाग लिया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार द्वारा वार्ड वासियों को गीला एवं सूखा कूड़ा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी साथ ही घर से निकलने वाले कूड़े को डस्टबिन में रखकर, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन चालक को देने का आग्रह किया गया। कुछ लोग जो छतों से रोड पर कूड़े फ़ेकते हैं, को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये अपर जिलाधिकारी ने बताया कि मेन रोड चौडीकरण कारण हटाये गये स्ट्रीट लाइट के पोलों के स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था के अन्तर्गत स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जा रही है । इसके बाद ददरौल विधायक अरविंद सिंह के साथ अपर जिलाधिकारी के साथ कावड़ यात्रा मार्ग पर नगर पंचायत कंाट द्वारा बनाये गये कावड़ शिविर का निरीक्षण किया गया। ददरौल विधायक अरविन्द सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा स्वच्छता अभियान के रूप में एक बडा अभियान चलाया गया है इसमें हम सभी की भागीदारी भी जरूरी है क्योंकि स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ। आज प्रमुख रूप से ददरौल विधायक अरविंद सिंह, अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार, अधिशासी अधिकारी नूरजहां,सहित नगर पंचायत स्टॉप एवम सभासद गण मौजूद रहे।

विधायक ददरौल अरविन्द सिंह ने लोगों से अपील किया कि नगर पंचायत आपकी संपत्ति इसको जितना साफ और स्वच्छ रखेंगे उतना ही सुंदर आपका नगर पंचायत बनेगी इसी के साथ कई योजनाएं जल्दी ही नगर वासियों को मिलने जा रहा है जिसमें तालाबों का सुंदरीकरण, शीतला मंदिर का सुंदरीकरण, रोड पर तिराहे पर शहीदों की मूर्ती और झंडे आदि जल्दी ही शासन से धनराशि आवंटित होगा। जिसकी पहल लगातार की जा रही है। वही अधिशासी अधिकारी द्वारा बताया गया कि कांवड़ियों को ध्यान में रखते हुए मुख्य मार्ग पर लाइट की व्यवस्था और झंडा लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है हालांकि रोड चौड़ीकरण के कारण पोल उखड़ गए हैं जिस कारण से लाइट की व्यवस्था डैमेज हो गई थी इसलिए अभी यह कावड़ियों की सुविधाओं को देखते हुए अस्थाई तौर पर लगाया जा रहा है। इसके साथ ही रोड के दोनों तरफ झंडा लगाने की कार्यवाही की जाएगी । वही नगर पंचायत कंाट में प्रवेश पर आपका हार्दिक स्वागत है का बोर्ड लगेगा। मुख्य मार्ग व कावड़ियों के राहत शिविर पर विधायक ददरौल अपर जिलाधिकारी व सभी सभासद झाड़ू लगाकर कावड़ियों के मार्ग में साफ सफाई किया तथा लोगों को यह संदेश दिया नगर पंचायत एक मंदिर है, साफ सफ़ाई हमारा कर्तव्य है, हर व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है साफ-सफाई सुनिश्चित रहे।इसलिए साफ सफाई अभियान लगातार चलती रहेगी ।

इसके साथ ही जल्दी शहर का जाम हटाने के लिए रोड मैप तैयार किया जा रहा है जिसमें टैक्सी स्टैंड बस स्टैंड में रोड पर लगने वाली गाड़ियों को भेजा जाएगा तथा रोड पर अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा ।

# सांसद ने डीआरएम मुरादाबाद के साथ शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशन पर कार्य चल रहा है। कार्य में देरी होने पर भाजपा सांसद अरुण सागर ने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन से मुलाकात कर लापरवाही की शिकायत की थी। रविवार को सांसद अरुण सागर और राजकुमार डीआरएम मुरादाबाद ने रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया है। इस दौरान सांसद ने फोन कॉल नही उठाने पर डीआरएम से नाराजगी जताई। सांसद ने कहा कि कार्य को जल्द से पूरा किया जाए। बजट की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। योजना में रेलवे स्टेशन को शामिल करने पर सांसद ने प्रधानमंत्री का भी आभार जताया है। करीब डेढ़ घंटे तक सांसद ने स्टेशन पर अलग-अलग जगह चल रहे कार्यों को देखा और जल्द से जल्द कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत शाहजहांपुर के रेलवे स्टेशन का सुदृढीकरण और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। अपने तय समय पर कार्य पूरा नहीं किया जा सका। जिससे वहां पर आने वाले यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सांसद अरुण सागर कई बार कार्यों को जल्द पूरा करने के लिए विभागीय अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर चुके लेकिन अधिकारी मनमानी करने से बाज नही आ रहे। सांसद ने कुछ दिन पहले रेलवे स्टेशन पर धीमी गति से चल रहे कार्यों की रेलवे बोर्ड चेयरमैन सतीश कुमार से मुलाकात कर शिकायत की थी। रविवार को सांसद अरुण सागर ने डीआरएम मुरादाबाद समेत रेलवे के अधिकारियों के साथ रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। सबसे पहले सांसद ने रेस्ट रूम में बैठकर डीआरएम और रेलवे अधिकारियों से बातचीत की। वहां पर डीआरएम और अन्य अधिकारियों ने सांसद को भरोसा दिया कि सितंबर 2026 तक रेलवे स्टेशन पर किए जा रहे कार्यों को पूरा कर लिया जाएगा।

# डीजे की धुन पर नाचते गाते निकला कांवड़ियों का जत्था



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। पवित्र श्रावण मास में जगह जगह से कांवरियों का जत्था देवघर के लिए नाचते गाते अपने अपने स्थानों से प्रस्थान कर रहे हैं। रविवार शाम को गौरा रोड भरवारी व इसके आसपास से कांवरिए डी जे की भक्ति गीतों पर नाचते गाते देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम जल चढ़ाने के लिए सैकड़ों की संख्या में निकले इस दौरान पुरानी बाजार भरवारी से डी जे के साथ नाचते गाते निकल रहे कांवरियों के जयजयकार से माहौल भक्तिमय बना रहा। सुरक्षा के लिए स्थानीय पुलिस उपस्थित रही। सभी कांवरिए अपने निजी साधन से मूरतगंज होते हुए प्रयागराज के लिए निकले जहां से ट्रेन द्वारा देवघर के लिए जाएंगे तथा वहां सुल्तानगंज से जल भरकर बाबा बैद्यनाथ को जल चढ़ाने के लिए देवघर स्थान को निकलेंगे। पूर्व में भरवारी स्टेशन पर लालकिला एक्सप्रेस ट्रेन का स्टापेज होता था जिससे बड़ी संख्या में भरवारी स्टेशन से हजारों की संख्या में कांवरिए पहुंचकर उक्त ट्रेन से बाबा बैद्यनाथ धाम जल चढ़ाने के लिए प्रस्थान करते थे लेकिन उक्त ट्रेन का स्टापेज बंद हो जाने से अब छोटे छोटे जत्थे में निकलकर प्रयागराज से ट्रेन द्वारा निकलते हैं।

## भूजल का महत्व बताकर संरक्षण व उपयोग के प्रति किया जागरूक

बांदा। भूजल सप्ताह के तहत आयोजित संगोष्ठी में ग्रामीणों को भूजल का महत्व बताकर जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर भू-गर्भ जल विभाग अधिकारियों के साथ अन्य लोगों ने ग्राम प्रधान के दिवंगत पुत्र की स्मृति में हरिशंकरी का पौधा लगाया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने रोपे गए पौधे के साथ जल संरक्षण की जिम्मेदारी ली। भूगर्भ जल विभाग भूजल सप्ताह के अवसर पर पूरे जिले में लगातार जागरूकता अभियान के साथ पौधारोपण कर रहा है। इसी क्रम में महुआ ब्लाक क्षेत्र के पतौरा गांव में जल संगोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भूजल के महत्व, उसके संरक्षण तथा स्थायी उपयोग के प्रति आमजन को जागरूक करना रहा। जिला प्रशिक्षण अधिकारी व प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा महुआ ज्ञानेन्द्र सिंह व विशिष्ट अतिथि अधिशासी अभियंता भूगर्भ जल विभाग शिवम द्विवेदी और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि भारत में जल की कुल खपत का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा भूजल से पूरा होता है।

# नगर पालिका के सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप, जेडीयू नेत्री ने साधा निशाना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। नगर पालिका परिषद बाँदा द्वारा बुंदेली ओवरब्रिज के नीचे नाली एवं सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। जनता दल (यूनाइटेड) की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल ने कहा है कि यह निर्माण कार्य पूरी तरह से मानकों को दरकिनार करते हुए किया जा रहा है, जिससे सरकारी धन की बर्बादी और जनता के साथ धोखा हो रहा है। शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि पूर्व में बनाई गई नाली भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। अब उसी स्थान पर बगैर बुनियादी तैयारी के, सिर्फ ऊपर से काम कर सड़क निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निर्माण में कपलिंग ब्रिक्स को हटाए बिना ही रोड बनाई जा रही है, और आवश्यक निर्माण प्रक्रियाएँ जैसे लोअर डेंसिटी कंक्रीट व वाटर बाउंड मैकडम को भी पूरी तरह नज़रअंदाज़ किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पालिका परिषद द्वारा चहेते ठेकेदारों को निर्माण कार्य सौंपा गया है और सामग्री की गुणवत्ता बेहद निम्न स्तर की है। सीमेंट, बालू व मौरंग का अनुपात भी तय मानकों के विपरीत है। करीब 100 मीटर लंबी सड़क के एक हिस्से में सीमेंट वाली ईंटें पहले से बिछी हुई हैं, जिन्हें हटाए बिना ही सड़क डाली जा रही है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि मटेरियल की चोरी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। शालिनी सिंह पटेल ने नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि वह मौके पर निरीक्षण के लिए नहीं आते, क्योंकि पूरा खेल उनके संरक्षण में चल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि इस निर्माण कार्य को तत्काल रोका जाए और पूरे प्रकरण की टीएसी (टेक्निकल ऑडिट कमेटी) से उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही इस विषय में संज्ञान नहीं लिया गया तो जिला प्रशासन को लिखित शिकायत सौंपकर जांच की विधिवत मांग की जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

## शाहजहांपुर के आरसी मिशन थाना क्षेत्र में चल रहा था धर्मांतरण का खेल, पुलिस ने दो आरोपियों पर दर्ज किया केस दर्ज

शाहजहांपुर। जनपद शाहजहांपुर के एक बंद मकान के भीतर पैसे का लालच देकर धर्मांतरण कराने की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों की सूचना पर आरसी मिशन थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और दो आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला थाना आरसी मिशन इलाके का है। बताया जा रहा है कि एक सुनसान मकान में कुछ लोग इलाके के गरीब और जरूरतमंद लोगों को इकट्ठा करके उन्हें पैसों का प्रलोभन दे रहे थे और धर्म बदलने के लिए दबाव बना रहे थे। जब आसपास के लोगों को इसकी भनक लगी तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो मकान का दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा खुलवाकर तलाशी ली गई तो वहां कई दर्जन लोग मौजूद मिले। पूछताछ में दो लोग धर्मांतरण कराने की कोशिश करते पकड़े गए। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर धार्मिक स्वतंत्रता कानून के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस काम में और कौन कौन शामिल है।बताते चले इस समय शाहजहांपुर जनपद में चोरी छिपे कई स्थानों पर धन्यांतरण का घिनौना खेल चल रहा है।

## बिना जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई, लेखपाल पर शिकायत

बांगरमऊ (उन्नाव)। क्षेत्र के गांव महोलिया निवासी अतुल पटेल ने शनिवार को समाधान दिवस के दौरान शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया कि क्षेत्रीय लेखपाल ने बिना किसी जांच-पड़ताल के उसके खिलाफ राजस्व संहिता के तहत कार्रवाई कर दी। युवक ने बताया कि वह लखनऊ में रोजगार करता है। उसे 17 जुलाई को नोटिस प्राप्त हुआ, जिसमें एक भूमि पर अवैध कब्जेदारी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की जानकारी दी गई। पीड़ित का कहना है कि वह उस भूमि से संबंधित नहीं है, लेकिन राजनीतिक रंजिश के चलते उसके खिलाफ साजिशन रिपोर्ट बनाई गई है। उसने किसी अन्य लेखपाल से जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। चर्चा है कि अतुल पटेल ने ग्राम समाज की भूमि पर हो रहे अवैध खनन को लेकर उच्चाधिकारियों को शिकायतें भेजी थीं, जिससे दबाव बनाने के लिए उसके खिलाफ यह कार्रवाई की गई।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 138 मरीजों का हुआ उपचार

शुक्लागंज (उन्नाव)। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का सफल आयोजन किया गया। मेले में नगर व आस-पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। मेला स्थल पर एलोपैथिक व होम्योपैथिक दोनों विधाओं के चिकित्सकों ने मरीजों की जांच की। डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ. अर्चना, होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. हरि प्रसाद व विमल किशोर ने मरीजों को परामर्श व मुफ्त दवाएं प्रदान कीं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कुल 138 मरीजों का उपचार किया गया।

## लो-वोल्टेज की समस्या से मिली राहत, लगा नया ट्रांसफार्मर

शुक्लागंज (उन्नाव)। लो-वोल्टेज से परेशान मालवीय नगर क्षेत्र के लोगों को अब स्थायी राहत मिल गई है। बिजली विभाग ने रविवार को क्षेत्र में नया 100 केवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित किया। अब तक इस क्षेत्र की बिजली आपूर्ति श्रीनगर के ट्रांसफार्मर से होती थी, जो अत्यधिक लोड के कारण पर्याप्त आपूर्ति नहीं दे पा रहा था। क्षेत्रीय लोगों ने समस्या को विभाग के संज्ञान में लाया था, जिसके बाद एसडीओ राजेंद्र प्रसाद के निर्देश पर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया।

## पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

बांदा। जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना बबेरु पुलिस द्वारा चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को चोरी के सामान साथ गिरफ्तार कर लिया गया है । थाना बबेरु क्षेत्र के ग्राम मझींवा के रहने वाले बबुआ पुत्र स्वंयवर पाल ने 18 जुलाई 25 को अपने घर में अज्ञात चोरों द्वारा 13 जुलाई 25 की रात्रि को चोरी करने के सम्बन्ध में सूचना दी थी । जिसके सम्बन्ध में थाना बबेरु पर तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया । इस क्रम में थाना बबेरु पुलिस द्वारा अभियुक्तों की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तों को ग्राम मझींवा के गडरा नाला चन्देल की पुरानी कोठरी के पीछे से गिरफ्तार कर लिया गया । पूंछताछ में अभियुक्तों द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया तथा उनके कब्जे से चोरी के सामान बरामद किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों में श्यामू पाल पुत्र छददु नि0ग्राम जमोहा थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर व चुनकाई यादव पुत्र चुनुवाद यादव नि0ग्राम मझीवा गंधी का डेरा थाना बबेरू जनपद बांदा है।

## मंतशा को मिलेगा विश्व भूषण सम्मान

बांदा। समाजसेविका मंतशा को लखनऊ में विश्व भूषण सम्मान -2025 के लिए चयन किया गया। ड्रीम्स ऑफ लाइफ फाउंडेशन के सामाजिक कार्यों को देखते हुए व शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए चुना गया है। सम्मान का आयोजन निहारिका साहित्यिक कंट्री ऑफ़ इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट लखनऊ संस्था के तीसरे वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में किया जाएगा। 11 अगस्त 2025 को संस्था की संस्थापिका डा. रीमा सिंहा व राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अब्दुल अज़ीज़ सिद्दीकी के ने यह घोषणा करते हुए समाजसेविका को आमंत्रित किया है। यह सम्मान समारोह भव्य तरीके सेमुंशी प्रेम चंद्र हिन्दी संस्थान हजरत गंज लखनऊ उत्तर प्रदेश में किया जाएगा । मंतशा को इससे पहले भारत रत्न अटल सम्मान, रवींद्र नाथ टैगोर देश भक्त सम्मान, कबीर कोहिनूर सम्मान, कई सम्मानों से नवाजी जा चुकी है इस सम्मान को मिलने से साहित्यकार, सामाजिक कार्यकर्ताओं का , मनोबल और बढ़ जाएगा। मंतशा की पहली पुस्तक (अब तलक महफूज है) उत्तराखंड से प्रकाशित हो चुकी हैं । जो साहित्य जगत की खूबसूरत गजलों से भरपूर है। यह सम्मान मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत है और मैं इसे उन तमाम स्त्रियों , पुरुषों को समर्पित करती हूँ, जो कलम से बदलाव की राह बना रही हैं। और सामाजिक कार्य कर रही है । और हमारे सभी अपनो का बहुत साथ मिला और उनकी मेहनत रंग लाई बताते हुए बहुत खुशी महसूस हो रही है कि (ड्रीम्स ऑफ लाइफ फाउंडेशन) संस्था के कार्य को देखते हुए सम्मान पाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ ।

# बाँदा रोटी बैंक टीम ने जरूरतमंदों को बांटे कपड़े

- लगभग 300 ग्रामीणों को आवश्यक जानकारी दी एवं सामान देकर किया लाभान्वित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। प्रत्येक रविवार की तरह आज भी बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम के नेतृत्व में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील यादव ग्राम कनवारा ब्लाक बड़ोखर तहसील बाँदा जनपद बाँदा की उपस्थित में शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के द्वारा दिए गए कपड़े, किताबें,जूते चप्पल,पर्स,बिस्किट, माचिस, मोमबत्ती आदि का वितरण पूर्व में बाढ़ग्रस्त कनवारा के ग्राम ब्रम्हाडेरा में जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को बाढ़, सर्पदंश,स्वास्थ्य तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की टीम के संगठन मंत्री सुनील सक्सेना, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती तरन्नुम फ़ात्मा और सदस्य फरज़ाना बेगम के द्वारा जागरूक किया गया। उक्त कपड़े,किताबें,जूते चप्पल,पर्स, बिस्किट,मोमबत्ती,माचिस आदि पाकर ग्रामवासियों में अपार खुशी दिखाई दी सभी लोगों को दुआएं आशीर्वाद से नवाजा इसके पूर्व पिछले रविवार को ग्राम कनवारा के ग्रामीणों को भी जागरुक कर आवश्यक सामान का वितरण किया गया था। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप में अध्यक्ष रिज़वान अली, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, कोषाध्यक्ष इरफ़ान खान, अब्दुल मुजीब मीडिया प्रभारी, महिला महामंत्री रिया खान,शाखा प्रमुख गूलर नाका मोहम्मद हामिद,शाखा प्रमुख खाईपार इरफ़ान खान चाँद, सदस्य शहाना खान आदि पदाधिकारी,सदस्यों एवं समाजसेवियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## अवैध तमंचे के साथ दो गिरफ्तार

बांदा। जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में बांदा पुलिस द्वारा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तों के कब्जे से अवैध तमंचा बरामद हुआ है । जिनमें थाना मटौंध व बदौसा पुलिस द्वारा 01-01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । थाना मटौंध पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान ग्राम गोयरामुगली चौराहे से एक शातिर अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार करते हुए थाना मटौंध में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया । अभियुक्त अमानत पुत्र शराफत पर डेढ़ दर्जन से अधिक मामलें दर्ज है । इसी क्रम में थाना बदौसा पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान चंदौर पुलिया बुन्देलखण्ड हाईवे के पास से एक अभियुक्त को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार करते हुए धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया । थाना मटौंध पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त का नाम अमानत अली पुत्र शराफत अली निवासी गोयरामुगली थाना मटौंध जनपद बांदा है।

# डा. बृजेश कुमार गुप्ता को 'नाजी नामन पुरस्कार 2025' से किया गया सम्मानित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। बाँदा जनपद के सुदामापुरी मोहल्ले निवासी और अंग्रेजी साहित्य में दस पुस्तकों के रचयिता प्रतिष्ठित साहित्यकार डा. बृजेश कुमार गुप्ता को उनके साहित्यिक योगदान के लिए 'लेबनान के साहित्य जगत में प्रतिष्ठित पुरस्कार 'नाजी नामन पुरस्कार - 2025' से किया गया सम्मानित किया गया है। 2002 में शुरू किए गए नाजी नामान के साहित्यिक पुरस्कार (जवाज़ नाजी नामान अल-अदबिया) मानवीय मूल्यों को पुनर्जीवित करने और बढ़ावा देने के लक्ष्य के साथ, सामग्री और शैली में सबसे मुक्त साहित्यिक कार्यों के लेखकों को प्रतिवर्ष प्रदान किए जाते हैं। 2003 और 2009 के बीच, पुरस्कारों ने दुनिया भर के 350 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित और प्रकाशित किया। 2019 तक, पुरस्कारों ने अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त कर ली थी, 67 देशों से 27 भाषाओं में 2,386 प्रविष्टियाँ आकर्षित कीं और 60 पुरस्कार विजेताओं का चयन किया। मुक्त सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के एक प्रमुख वकील, नाजी नामान ने इन पुरस्कारों का उपयोग खुले साहित्यिक वितरण, सीमाओं को आगे बढ़ाने वाले लेखन के समर्थन और कला को अधिक सुलभ बनाने वाले संस्थानों के निर्माण के माध्यम से संस्कृति को लोकतांत्रिक बनाने के अपने व्यापक मिशन के हिस्से के रूप में किया है। तेईसवें चयन सत्र (2025) में दुनिया भर के 92 देशों से 4321 प्रतिभागी एकत्रित हुए।

# न्यायिक अधिकारियों ने बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर में किए दर्शन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



परियर (उन्नाव)। रविवार को जनपद के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर न्यायिक अधिकारियों का आस्था भरा भ्रमण हुआ। जिला जज वाणी रंजन अग्रवाल, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सुशील वर्मा, अपर जिला जज विवेकानंद विश्वकर्मा, शैलेन्द्र सिंह, जयवीर नागर, पूनम निगम, शिप्रा आर्या तथा सीजीएम भाव्या तिवारी ने अपने परिवार सहित बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन-पूजन कर मंगलकामना की।

इसके पश्चात सभी अधिकारी मिर्ज़ापुर स्थित हिंगलाज देवी मंदिर व जानकी कुंड आश्रम पहुंचे, जहां विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति के अध्यक्ष रविशंकर मिश्रा व देवी प्रसाद ने जिला जज को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंदिर के हरिनारायण पांडेय ने रामायण काल से जुड़े मंदिर के पौराणिक महत्व की जानकारी दी। मौके पर राजेश कुमार दीक्षित, मनीष निगम, देवेंद्र त्यागी, पंकज सिंह सहित अन्य न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

## कस्बाई प्रतिभाएं अब पीछे नहीं: वेणु रंजन भदौरिया

सफीपुर (उन्नाव)। कस्बे के खुर्रम नगर स्थित सन डी सन पब्लिक इंटर कॉलेज में शनिवार देर शाम वार्षिकोत्सव एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एनबीजीईआई समूह के वरिष्ठ प्रबंधक वेणु रंजन भदौरिया ने कहा कि कस्बों और गांवों से निकलकर छात्र-छात्राएं अब प्रतियोगी परीक्षाओं में न केवल स्थान पा रहे हैं बल्कि आत्मविश्वास के साथ अपनी मंजिल तक पहुंच रहे हैं। मुख्य अतिथि ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छोटे कस्बों के छात्र अब बड़े शहरों के बराबर ही नहीं, कई बार उनसे आगे निकलते दिख रहे हैं। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में छात्राओं रुत्वी चौधरी, योग्य गौड़, नबा फारूकी, जान्हवी, आराध्या, अरीबा फातिमा, भूमि, अंकिता सहित दो दर्जन से अधिक मेधावियों को पुरस्कार व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अशीमा ने किया।

# उन्नाव को बड़ी सौगात: शताब्दी एक्सप्रेस को मिला स्टॉपेज, साक्षी महाराज ने दिखाई हरी झंडी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। जिलेवासियों के लिए गर्व और राहत की खबर है। लखनऊ से नई दिल्ली के बीच चलने वाली वीआईपी ट्रेन शताब्दी एक्सप्रेस को अब उन्नाव रेलवे स्टेशन पर भी ठहराव मिल गया है। रविवार को स्टेशन पर इसका औपचारिक शुभारंभ किया गया। सांसद साक्षी महाराज ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, कई वरिष्ठ भाजपा नेता और रेलवे अधिकारी मौजूद रहे। यह ठहराव सांसद साक्षी महाराज की पहल पर संभव हो सका है। उन्होंने लंबे समय से उन्नाव के यात्रियों की इस मांग को रेल मंत्रालय तक पहुंचाया था। सांसद के प्रस्ताव पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सकारात्मक निर्णय लेते हुए शताब्दी एक्सप्रेस को उन्नाव में ठहराव देने की स्वीकृति प्रदान की।

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि ट्रेन संख्या 12003 शताब्दी एक्सप्रेस लखनऊ जंक्शन से दोपहर 3:30 बजे रवाना होकर शाम 4:21 बजे उन्नाव पहुंचेगी और दो मिनट रुकने के बाद आगे बढ़ेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 12004 सुबह 11:56 बजे उन्नाव पहुंचेगी और दो मिनट बाद लखनऊ के लिए रवाना होगी। अब तक यह ट्रेन लखनऊ से नई दिल्ली के बीच केवल कानपुर, फफूंद, इटावा, टूंडला, अलीगढ़ और गाजियाबाद स्टेशनों पर ही रुकती थी। अब उन्नाव भी इस सूची में शामिल हो गया है। इस निर्णय से जिले के हजारों यात्रियों को तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक सफर का विकल्प मिलेगा। सांसद साक्षी महाराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताते हुए कहा कि यह उन्नाव के विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि वे आगे भी जिले के हित में प्रयासरत रहेंगे।

# सावन माह के दूसरे सोमवार मंदिर दर्शन के लिये प्रशासन ने बनाई रणनीति

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। कोतवाली गोला में सावन मेले को लेकर थाना प्रांगण में उपजिलाधिकारी युगांतर त्रिपाठी की अध्यक्षता में प्रेसवार्ता का किया गया आयोजन।माह के दूसरे सोमवार को भारी संख्या में कावड़ियों के पहुंचने की सम्भावना को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गोला नगर के स्थान या भक्तों से भी अपील की गई है कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं का सहयोग करें । व्यवस्था में किसी को अड़चन ना पैदा करने दें। कांवड़यात्रियों के लिये रूट डायवर्जन किया गया है,जिसमें श्रद्धालूओं के लिए अशोक चौराहा से अलीगंज रोड होते हुए छोटे चौराहे से स्टेशन रोड पर मंदिर जाने का एक मुख्यद्वार होगा, मंदिर के आसपास के सभी रास्ते बंद रहेंगे। विशेष तौर पर नगर में खाने-पीने की वस्तुओं पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।उनको प्रशासन द्वारा चेक भी किया जाएगा। नगर में ट्रैफिक व्यवस्था सख्त रहेगी कांवरियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था करना पुलिस प्रशासन के लिए सर्वोपरि है। गोला नगर में कवार्थी के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था सभी मार्गो पर सुनिश्चित की गई जैसे कि लखीमपुर रोड से आने वालों श्रद्धालुओं के लिए रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने व अलीगंज रोड से श्रद्धालुओं के पार्किंग की व्यवस्था मंडी समित, मोहम्मदी रोड से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग की व्यवस्था मिल यार्ड मे रहगी। सुरक्षा व्यवस्था में प्रशासन की ओर से 4 क्षेत्राधिकारी ,8 इंस्पेक्टर ,14 एस.आई और लगभग 500 पुलिस के जवान रहेंगे साथ ही दो सौ वॉलिंटियर सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद रहेंगे।इसके अतिरिक्त तीसरी आंख 60 सीसीटीवी कैमरों से पूरे मेले क्षेत्र पर नजर रखी जायेगी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार, प्रभारी निरीक्षक गोला अंबर सिंह ,मेला प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र पांडे , क्राइम इंस्पेक्टर मनबोध तिवारी व तमाम पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## ताबड़ तोड़ चोरियों से ग्रामीणों में दहशत

पपरेन्दा/बांदा। चिल्ला थाना क्षेत्र के बिछवाही गांव में लगातार चोरियों से ग्रामीणों में दहशत फैली हुई है ग्रामीणों ने बताया 2 दिन पूर्व रूद्र पाल के घर से लाखों रुपए के जेवरात कर ले गए थे पुलिस ने अभी तक मुकदमा पंजीकृत नहीं किया है एक महीने में तीन चोरियों हो चुकी है जिसके चलते पुलिस सुस्त पड़ी हुई है वही आज बिछवाही गांव में अवधेश सिंह पुत्र स्वर्गीय विजय सिंह के घर पर रात पर चोरों ने धावा बोल दिया जहां चोर बाउंड्री कूद गए और बाहर वाले कमरे में मां कुंता सोई हुई थी मां का बक्सा रखा हुआ था जिसमें 10000 एक जोड़ी सोने की टॉप्स, एक जोड़ी तोड़िया रखी हुई थी वही मां सुबह कुंता जागी तो देखा इसका बक्सा गायब था वहीं अंदर सो रहे अपने बेटे अवधेश वह बहू शिखा को बताया तो गांव पर सनसनी फैली और वह बक्सा घर से 500 मीटर की दूरी पर जूनियर तालाब के किनारे खुला हुआ मिला जिसमें बताया कि ताला लटका हुआ है कुंडी तोड़कर सामान ले गए हैं साड़ी वह अन्य सामग्री वहीं पर बिखरी पड़ी हुई है ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस बिल्कुल सुस्त बनी हुई है।

# साइकिल सवार शराबी को बचाने के चक्कर में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





गोला गोकर्णनाथ खीरी। सीतापुर के सिधौली नेशनल हाईवे पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। एक साइकिल सवार शराबी को बचाने के चक्कर में बाइक पर सवार तीन युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को फोन किया, लेकिन एंबुलेंस रेंज से बाहर होने के कारण उपलब्ध नहीं हो पा रही थी। स्थानीय एंबुलेंस प्रभारी राजन कुमार की तत्परता और एंबुलेंस टीम की मेहनत से एंबुलेंस को उपलब्ध कराया गया। एंबुलेंस पर मौजूद ईएमटी मोनू मिश्रा और पायलट अभिषेक ने घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार दिया और उनकी स्थिति को देखते हुए नजदीकी अस्पताल सिधौली में शिफ्ट कर दिया। एंबुलेंस टीम की इस त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों और अस्पताल स्टाफ ने सराहना की। घायलों को समय पर इलाज मिलने से उनकी जान बच गई। एंबुलेंस सेवा उत्तर प्रदेश सरकार से सम्बन्ध ई एम आर आई ग्रीन हेल्थ सर्विस के द्वारा संचालित की जाती है, जो प्रदेश में आपातकालीन सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# अजान कस्बे में रेडीमेड कपड़े की दुकान में लगी आग, 2 लाख का नुकसान



- चौकी इंचार्ज पर शराब पीकर जाच करने का लगाया आरोप, रोड जाम कर किया हंगामा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अजान खीरी। थाना हैदराबाद की पुलिस चौकी अजान कस्बा में बीती रात करीब 9 बजे एक रेडीमेड कपड़े की दुकान में अज्ञात लोगों द्वारा आग लगा दी गई। इस घटना में दुकान मालिक को लगभग 2 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम कुईयाडीह निवासी विशाल वर्मा की अजान कस्बे में रेडीमेड कपड़े की दुकान है। रोजाना की तरह विशाल अपनी दुकान बंद कर घर चला गया था, लेकिन इस बीच कुछ अज्ञात लोगों ने दुकान के शटर में पाइप डालकर आग लगा दी।

रोड से गुजर रहे लोगों ने दुकान में आग लगी देखकर फोन से सूचना देने पर दुकानदार बाइक से तुरंत आकर अपनी दुकान खोलकर देखते ही मार्केट के दुकानदारों और स्थानीय लोगों की मदद से पानी डालकर आग बुझाई गई। इस घटना में दुकानदार का काउंटर और सारे कपड़े जलकर राख हो गए। पीड़ित विशाल ने अजान चौकी को फोन कर जानकारी दी, जिस पर दल बल के साथ अजान चौकी प्रभारी अशोक सिंह मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण करने के दौरान वहां मौजूद लोगों ने चौकी प्रभारी पर शराब पीने का आरोप लगाया। जिससे लोग भड़क गए और रोड जाम कर हंगामा करने लगे। सूचना मिलने पर हैदराबाद थाना प्रभारी सुनील मलिक दल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी ने कहा कि जो भी आग लगाने वाले हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। तब जाकर मामला शांत हुआ। पीड़ित दुकानदार ने अजान चौकी पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, लेकिन अभी तक आग लगाने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा नहीं लिखा गया है। गौरतलब है कि इससे पहले भी इसी दुकान में 3 जुलाई की रात चोरी की बड़ी वारदात हुई थी, जिसमें चोरों ने दुकान का शटर का ताला खोलकर 90 हजार रुपये के रेडीमेड कपड़े और 5 हजार रुपये नगदी चोरी कर ली थी। यह घटना अजान चौकी से महज 100 मीटर की दूरी पर हुई थी।

## थाना मैलानी पुलिस की बड़ी सफलताः दो शातिर लुटेरो को किया गिरफ्तार

कुकरा खीरी। थाना मैलानी पुलिस, स्वाट टीम और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने दो शातिर लुटेरो को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक अदद अवैध तमंचा, जिन्दा कारतूस, एक मोटर साइकिल प्लेटिना, एक मोबाइल सैनसंग मोबाइल और घटना में प्रयुक्त 02 अदद डंडे बरामद किए गए हैं। अभियुक्तों की पहचान पुनीत कुमार पुत्र राकेश निवासी ग्राम ककराही थाना मैलानी जिला खीरी उम्र करीब 19 वर्ष और साजन कुमार पुत्र सीताराम निवासी ग्राम ककराही थाना मैलानी जिला खीरी उम्र करीब 21 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक खीरी और अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में अपराध की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह सफलता हासिल हुई है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मौर्य, उप निरीक्षक जय प्रकाश यादव, सत्य प्रकाश सिंह, ओम मिश्रा गोल्डन, सिकंदर चौधरी, अरुण कुमार, विकास चौहान, विकास यादव, शरद शुक्ला, महताब, योगेंद्र सिंह, प्रेमचंद, देवेंद्र शर्मा, विशाल चौधरी, दिनेश कुमार, चकित यादव और अनुराग सिंह सहित थाना मैलानी पुलिस बल मौजूद था।

# स्व. डॉ0 श्रीचंद्र वर्मा की स्मृति में शतरंज प्रतियोगिता आयोजित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। रोटरेक्ट क्लब गोला यूथ के द्वारा डॉक्टर श्री चंद वर्मा स्मृति शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 20 जुलाई को लखीमपुर रोड स्थित स्थानीय शहनाई गेस्ट हाउस मे किया गया । यह कार्यक्रम रोटरेक्ट क्लब गोला यूथ के द्वारा 2011 से किया जा रहा है जिसमें नगर के प्रख्यात समाजसेवी डॉ विवेक वर्मा अपने पिताजी स्वर्गीय डॉक्टर श्री चंद वर्मा की स्मृति में प्रतियोगिता का प्रतिवर्ष आयोजन करवाते हैं। कार्यक्रम में गोला, लखीमपुर खीरी, पलिया, भीरा , मितौली, अलीगंज, शाहजहांपुर , मोहम्मदी,सीतापुर, रायबरेली आदि स्थानों के 70 खिलाड़ियों मे अधिक और कम उम्र के प्रतिभागियों ने प्रतिभा किया। कार्यक्रम मैं मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अमन अरविंद गिरी और विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू , योगेश कुमार मुख्य प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, डॉ संजय तोमर, राजेश गिरी प्रधान गोला देहात , विजय माहेश्वरी समाज सेवी , ईश्वरदीन वर्मा, डॉ कौशल वर्मा, डॉ



अभिषेक महरोत्रा, व्यवसाई कृष्णांग गुप्ता सहित रोटरी क्लब गोला सेंट्रल अध्यक्ष वह सचिव मौजूद रहे।

कार्यक्रम में रोटरेक्ट क्लब गोला यूथ के अध्यक्ष रो सर्वेंद्र अनुराग सचिव रो आनंद अर्कवंशी कोषाध्यक्ष रो आनंद सिंह, कार्यक्रम के प्रभारी रो फरीद अहमद ,पीडीआरआर कर्म सिंह, पी डी आर आर रिशु माहेश्वरी, रो. आदेश वर्मा, रो.अभिषेक वर्मा, रो. गौरीश सिंह, रो. दिलीप वर्मा, पटेल सुशील वर्मा, डॉ आशुतोष विश्वास, हर्षित गुप्ता , कुलदीप तिवारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## 10 लीटर कच्ची शराब सहित एक व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोला गोकर्णनाथ खीरी। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के आदेश अनुसार नशीले पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत पुलिस क्षेत्र अधिकारी के निर्देशन में चलाए जा रहे हैं घर पकड़ अभियान के तहत 10 लीटर कच्ची शराब सहित एक अभियुक्त को विस्तार किया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि बनुखिया जंगल वृहद ग्राम हमीदाबाद के पास से एक व्यक्ति को प्लास्टिक कि पिपिया मैं 10 लीटर कच्ची शराब ले जाते हुए उप निरीक्षक सुरेंद्र मिश्रा कॉन्स्टेबल विनय कुमार विशाल गौतम द्वारा गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक ने अपना नाम रामपाल पुत्र राम अवतार वर्मा 46 वर्ष निवासी ग्राम बख़्शीशपुर थाना गोला बताया। पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली में धारा 60 एकशाइज एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के सुपुर्द किया गया।

## गायत्री परिवार गोला में आगामी साधना एवं प्रशिक्षण आवासीय शिविर का आयोजन

गोला गोकर्णनाथ खीरी। युग चेतना विस्तार केन्द्र, गायत्री परिवार गोला में दिनांक 21 जुलाई से 25 जुलाई तक एक महत्वपूर्ण साधना एवं प्रशिक्षण आवासीय शिविर का आयोजन होने जा रहा है। इस शिविर में 24 साधक पूर्ण कालिक एवं 3 साधक अंश कालिक प्रतिभाग कर रहे हैं। इस शिविर की पूर्व तैयारी के रूप में कल दिनांक 20 जुलाई को सायं 6 बजे एक सामूहिक संकल्प गोष्ठी आयोजित की गई है। इस गोष्ठी में सभी प्रतिभागी साधकों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने साथ आवश्यक सामग्री जैसे कि बिछाने और ओढ़ने की चादर, दैनिक दिनचर्या की सामग्री आदि लेकर समय से पहुंचें। यह शिविर शांति कुंज हरिद्वार से प्राप्त निर्देशानुसार एवं शांति कुंज की दिनचर्या पर आधारित एक अभिनव प्रयोग है। सभी सम्मानित साधक भाई-बहनों से अपेक्षा की गई है कि वे शांति कुंज के अनुशासनों को धारण करते हुए शिविर का समुचित लाभ प्राप्त करें और अपने जीवन को परिष्कृत करें।

## एचटी लाइन की चपेट में आया किसान, हालत गंभीर

बबेरू /बांदा। ग्राम पंचायत मझिला में रविवार को एक किसान खेत में अन्ना मवेशियों को हांकते समय बिजली विभाग की लापरवाही का शिकार हो गया। खेत के ऊपर से महज पांच फीट की ऊंचाई पर झूल रही 11000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर किसान अजय पाल सिंह पटेल पुत्र देव प्रसाद सिंह बुरी तरह झुलस गए। हादसे के तुरंत बाद परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उन्हें ट्रामा सेंटर बांदा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताकर कानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। फिलहाल उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि उक्त विद्युत लाइन की स्थिति बेहद खतरनाक थी और इसकी शिकायत पहले भी विद्युत विभाग को की जा चुकी थी, लेकिन विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया। खेतों में इतनी नीची लाइन किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकती थी, जिसकी चेतावनी ग्रामीण लगातार दे रहे थे। बावजूद इसके कोई सुधार कार्य नहीं किया गया।घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है।

## अमवां और तेंदुरा में बाढ़ राहत के तहत दो सैकड़ा किटों का हुआ वितरण

बांदा। जिलाधिकारी श्रीमती जे. रीभा के आदेशानुसार और अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राजेश कुमार वर्मा के देख रेख में तहसील अतर्रा के अमवाँ और तेंदुरा में बाढ़ राहत के तहत 200 किटों का वितरण असहाय लोग जिनका घर और अनाज बाढ़ के दौरान खराब हो गया था। शासन के द्वारा मानक में जो कि बाढ़ कीट में लोगों को दिया गया है जिसमें लाई 2.5 किलो, चना 2 किलो, भुना चना 02 किलो, चीनी 1 किलो, बिस्कुट 10 पैकेट, आलू 10 किलो आदि कुल 26 प्रकार के सामान का वितरण किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कल्लू राजपूत, ब्लाक प्रमुख शंभू प्रसाद, तहसीलदार दीपेन्द्र कुमार, जिला आपदा विशेषज्ञ डा0 प्रभाकर सिंह, नायब तहसीलदार शिवम् कुमार मौर्य, और ग्राम प्रधान, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, ग्राम सचिव और गांव की समस्त जनसंख्या के सामने वितरण किया गया ही। जिला अध्यक्ष जी ने सरकार की इस कार्यक्रम को काफ़ी सराहा है और घरों के सर्वे किए जा रहे है जिसकी तत्काल धनराशि लाभार्थी के खाते में भेज दी जाएगी।

# जब-जब धरती पर अत्याचार बढ़ता है तब- तब भगवान का अवतार होता है

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। छोटी काशी गोला स्थित साईं मैरिज लाइन में चल रही सात दिवसीय संगीत मयी श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास संजीवनी मिश्रा ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वर्णन सुनाया। कथा के दौरान विभिन्न प्रकार की सजीव झांकियां प्रस्तुत की गई। कथा वाचिका ने कहा कि जब धरती पर धर्म की हानि होती है धर्म पर अत्याचार बढ़ता है तब उसके अंत के लिए अलग-अलग रूपों में भगवान अवतार लेते हैं। जैसे कंस का का वध करने के लिए भगवान श्री कृष्णा ने जन्म लिया। उन्होंने कहा कि कृष्ण का जन्म भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मथुरा में हुआ था। उनका पालन पोषण माता देवकी व पिता वासुदेव ने वृंदावन में किया था। जन्माष्टमी भगवान कृष्ण के जन्म का उत्सव है जो दुनिया भर में हिंदुओं के द्वारा मनाया जाता है। कंस के अत्याचारों को समाप्त करने के लिए एवं धर्म की स्थापना के लिए भगवान विष्णु ने कृष्ण के रूप में जन्म लिया। यह उत्सव भगवान कृष्ण के जन्म की खुशी और उनके द्वारा स्थापित धर्म के महत्व को दर्शाता है। आयोजक जिला पंचायत सदस्य पटेल शिखा कनौजिया, पटेल अशोक कनौजिया, सतीश वर्मा, संजील वर्मा, मुनेंद्र, जनार्दन मौर्य, कवि संजय, कमलेश, नवीन, सूरज वर्मा आकाश आदि दर्जनों श्रोता मौजूद रहे।

## हिन्दू-मुस्लिम एकता की अनूठी मिशाल मुस्लिम युवाओं ने कांवरियों को कराया जलपान

मितौली खीरी। कस्बा मितौली में कावड़ यात्रा के दौरान हिन्दू - मुस्लिम एकता की अनूठी मिशाल देखने को मिली है। कस्बा निवासी समाजसेवी ने लखीमपुर मैगलगंज मार्ग पर स्टाल लगाकर कांवरियों को जलपान कराया है। कस्बा मितौली निवासी समाजसेवी महबूब हसन ने अपने साथियों के साथ कस्बे से गुजर रहे कांवरियों को फल समोसा व पानी की बोतल का वितरण किया। कांवरिया भी इस सद्भावना को खुशी-खुशी स्वीकार करते दिखे। कांवरियों और मुस्लिम युवाओं के बीच यह आपसी सम्मान और सेवा भाव समाज में एकता का संदेश दे रहा है। वहीँ इस पुण्य काम के लिए कस्बे वासी भी समाजसेवी महबूब हसन की सराहना कर रहे हैं। महबूब हसन ने कहा कि यह पहल सिर्फ सेवा ही नहीं बल्कि एकता और सौहार्द का प्रतीक है। हम सभी एक देश के निवासी हैं, और एक दूसरे की खुशियों भावनाओं का सम्मान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

# कोरैया में रैली के माध्यम से चला जागरूकता अभियान

## बच्चों के भविष्य और स्वास्थ्य को लेकर दिया गया संदेश

- गायन-नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया उत्साह, विजेताओं को बांटे गए पुरस्कार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला तहसील के ग्राम कोरैया की पर्यावरण संरक्षण सेवा समिति के तत्वावधान में संचारी रोग नियंत्रण एवं स्कूल चलो अभियान के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को बच्चों की प्राथमिक शिक्षा और संक्रामक बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। रैली की अगुवाई समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि कक्षा एक से पांच तक के बच्चों का नामांकन प्राथमिक विद्यालयों में जरूर कराएं, ताकि उन्हें जीवन की बुनियादी शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है, इसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। इस मौके पर गांव की आशा बहुएं सोमवती वर्मा और उमा देवी ने घर-घर जाकर संचारी रोगों के कारण, लक्षण और उनसे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में गंदगी से बीमारियां तेजी से फैलती हैं, इसलिए साफ-सफाई, पानी उबालकर पीने और समय पर टीकाकरण जैसे उपाय बेहद जरूरी हैं।रैली के समापन के बाद एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ जिसमें बच्चों ने गायन और नृत्य प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेताओं को समिति के उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, सचिव विनय कुमार, और कोषाध्यक्ष लोकेश वर्मा ने पुरस्कार वितरित किए।कार्यक्रम में गांव के प्रबुद्ध जन जैसे गोकरन प्रसाद, ओमप्रकाश, विकास और नैमिस ने सक्रिय सहभागिता निभाई। बच्चों की उपस्थिति और प्रतिभा ने पूरे आयोजन को सार्थक और प्रेरणादायक बना दिया समिति ने ऐलान किया कि भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों को गांव-गांव में चलाया जाएगा ताकि स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता के प्रति ग्रामीण समाज को सतत रूप से जागरूक किया जा सके।

# श्रीराम क्षत्रिय सेना लखनऊ जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। श्रीराम क्षत्रिय सेना लखनऊ जिला कार्यकारिणी की बैठक जय अम्बे विद्यालय, पारा रोड, राजाजीपुरम,लखनऊ में आयोजित की गयी। प्रभु श्रीराम जी व वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। संगठन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुना बक्स सिंह ''निर्भय'' ने संगठन का विस्तार करने व जरूरतमंदों की सहायता करने को कहा। बैठक की अध्यक्षता जिला संरक्षक अनिल सिंह गहरवार जी ने की। बैठक में राष्ट्रीय प्रवक्ता अध्यात्म सिंह एडवोकेट ,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह चौहान,प्रदेश मंत्री मुसाफिर सिंह, जिला अध्यक्ष विजय सिंह धाकरे, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह गहरवार व बृजेन्द्र बहादुर सिंह चौहान,जिला संगठन मंत्री संजय सिंह, जिला संगठन मंत्री सम्राट सिंह राजावत ,जिला संगठन मंत्री गुलाब सिंह सोमवंशी ,जिला मंत्री विमल सिंह सोमवंशी ,जिला मीडिया प्रभारी डी पी सिंह चौहान,जिला महामंत्री शैलेन्द्र सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे । राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिला कार्यकारिणी सदस्य सत्येंद्र प्रताप सिंह परिहार को जिला मंत्री,मान सिंह तोमर को जिला मंत्री व शिव हरि सिंह को जिला मंत्री के पद पर नियुक्त किया । बैठक के अंत में वरिष्ठ साहित्यकार व पूर्व प्रधानाचार्य तथा जिला मंत्री सत्येंद्र प्रताप सिंह परिहार के अग्रज स्वर्गीय कृष्ण प्रताप सिंह ''सुमन'' को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

## ई-रिक्शा चालक की संदिग्ध हालात में मौत हत्या की आशंका

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांगरमऊ (उन्नाव)। थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के गांव कमलापुर में रविवार दोपहर एक ई-रिक्शा चालक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के छप्पर से लटका मिला। मृतक की पहचान राहुल तिवारी (26) पुत्र स्व. उमा शंकर तिवारी के रूप में हुई है। परिजनों ने आत्महत्या की थ्योरी पर सवाल उठाते हुए हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि मृतक के पैर फांसी के फंदे से सीधे नहीं थे और रस्सी भी ढीली थी। मृतक की मां ने बताया कि कुछ दिन पहले ही बेटे को अनहोनी की आशंका जताकर गांव से बाहर जाने की सलाह दी थी। राहुल अविवाहित थे। उनका एक भाई शुक्लागंज में नौकरी करता है जबकि मां किराए के मकान में रहती हैं। ग्रामीणों के अनुसार मृतक का किसी युवती से प्रेम-प्रसंग भी चल रहा था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

# जालसाजी का शिकार हुआ युवा किसान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर लगाई न्याय की गुहार

बांदा। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम जमालपुर के किसान अभिषेक शुक्ला ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर आरोप लगाते हुए बताया कि अनुज अवस्थी पुत्र रामप्रकाश अवस्थी व सुरेश अवस्थी पुत्र चन्द्रदेव अवस्थी निवासी ग्राम पचनेही थाना कोतवाली देहात पीड़ित ने जय सिंह पुत्र विन्दा सिंह निवासी पचनेही से मौजा पचनेही की कृषि भूमि गाटा संख्या 227 रकबा 0.731हे. भूमि को 04 मार्च व 21 मार्च को क्रय किया है। उक्त अनुज अवस्थी व सुरेश अवस्थी तथा जय सिंह ने धोखाधडी व फ्राड, जालसाजी करके उक्त भूमि को मु 29,08,000/- रुपये में पीड़ित को विक्रय किया है। जबकि बैनामें में विक्रय धनराशि 6,58,000 रुपये ही अंकित की गई है। पीड़ित ने उक्त जय सिंह को पंजाब नेशनल बैंक शाखा मवई में चेक के माध्यम से 2,50,000 रुपये तथा 4,00,000 रुपये जरिये आरटीजीएस उक्त जय सिंह के खाते में ट्रान्सफर करके दिया और उसी दिन ही पीड़ित के पक्ष में उक्त भूमि का शर्ती बैनामा जय सिंह ने किया। और 6,58,000 रुपये नगद पीड़ित से उक्त जय सिंह ने प्राप्त किया। पुन 21मार्च को उक्त शर्ती बैनामा का पूरक बैनामा पीड़ित के पक्ष में हुआ। और उक्त जय सिंह के खाते में 10,00,000 रुपये और पुनःपीड़ित ने उक्त जय सिंह के खाते में 5,00,000/- रुपये इसके बाद दिन 20,000 रुपये 30,000रुपये व 20,000 रुपये 30,000 रुपये उक्त जय सिंह के खाते में पीड़ित ने भेजा। इस प्रकार पीड़ित ने उक्त जय सिंह पुत्र विन्दा सिंह को कुल 29.08,000 रुपये उक्त को दिया। उक्त जय सिंह ने फ्राड व घोखाधडी करके किसी अन्य की भूमि में फर्जी तरीके से अपना नाम दर्ज करवाकर उक्त भूमि पीड़ित को विक्रय किया है। पीड़ित जब उक्त भूमि को जोतने के लिए ट्रैक्टर लेकर 10.जुलाई को गया तो पता चला कि उक्त भूमि तो योगेन्द्र सिंह आदि की है।जब पीड़ित तहसील आकर मुआइना करवाया और अभिलेखागार के अभिलेख निकलवाया तब जानकारी हुई कि उक्त जय सिंह पुत्र विन्दा सिंह ने 1989 को उक्त गाटा 227 का रकबा 1.125000 का 1/3 भाग यानि 0.3750हे0 भूमि जयकरन सिंह पुत्र टेरन सिंह निवासी पचनेही से कया किया था। जय सिंह द्वारा जय करन सिंह से क्रय किये गये है। इसके बाद उक्त जय सिंह ने अपनी सम्पूर्ण भूगि श्रीमती कुन्ती पत्नी विष्णु कुमार निवासी पचनेही को विक्रय किया है। इसके बाद उक्त जय सिंह के पास कोई भी भूमि शेष नहीं बचती है। खतौनी फसली सन् 1417-1422 के खाता संख्या 577 गाटा संख्या 227 में भी न्यायालय परगनाधिकारी बांदा 2009 में भी स्पष्ट किया गया कि उक्त गाटे में जय सिंह पुत्र विन्दा का 1/3 हिस्सा दर्ज हो। इसके बाद जब नयी खतौनी फसली रान् 1423-1428 बनायी गयी है तो उक्त जय सिंह ने तहसील कर्मचारियों से मिली भगत करके उक्त गाटे में तनहा नाम दर्ज होने पर जय सिंह ने फ्राड करके पीड़ित को उक्त भूमि विक्रय करके पीड़ित से 29,08,000 रुपये ऐंठ लिया है। इस प्रकार उक्त जय सिंह पुत्र विन्दा व अनुज अवस्थी पुत्र रामप्रकाश अवस्थी तथा सुरेश अवस्थी पुत्र चन्द्रदेव अवस्थी ने फ्राड धोखाधडी करके पीड़ित का 29,08,000 रुपये ऐंठ कर किसी अन्य की भूमि को पीड़ित को विक्रय कर दिया है। उक्त साठ गांठ में तत्कालीन तहसील के कर्मचारी व अधिकारी भी संलिप्त है जिन्होंने फर्जी तरीके किसी अन्य की भूमि को जय सिंह पुत्र विन्दा सिंह के नाम दर्ज कर दिया है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर फाड व धोखाधडी व छल कूटरचना करने वालो के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में नई ट्रॉफी का हुआ नामकरण

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाली टेस्ट क्रिकेट सीरीज को अब सचिन तेंदुलकर-जेम्स एंडरसन ट्रॉफी के नाम से जाना जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (डएइ) और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (बएइ) ने संयुक्त रूप से यह निर्णय लिया। पहले यह सीरीज पटौदी ट्रॉफी के नाम से आयोजित होती थी, जो भारत के पूर्व कप्तान इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके पुत्र मंसूर अली खान पटौदी की याद में थी। इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने इस सम्मान पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने स्काई स्पोर्ट्स को बताया, ''अपना नाम सचिन तेंदुलकर जैसे दिग्गज के साथ ट्रॉफी पर देखना मेरे लिए अजीब और सम्मानजनक है। सचिन क्रिकेट इतिहास के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक हैं। मैंने बचपन से उन्हें खेलते देखा और उनके खिलाफ भी खेला। उन्होंने पूरे करियर में एक देश की उम्मीदों का बोझ उठाया। उनके साथ यह सम्मान साझा करना मेरे लिए गर्व की बात है। सचिन तेंदुलकर ने टेस्ट क्रिकेट में 200 मैच खेले और इस प्रारूप में सबसे ज्यादा रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। दूसरी ओर, जेम्स एंडरसन, जिन्होंने पिछले साल क्रिकेट से संन्यास लिया, ने 188 टेस्ट मैचों में 704 विकेट हासिल किए। वे टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज हैं। सचिन-एंडरसन ट्रॉफी न केवल दो महान क्रिकेटरों के योगदान को सम्मानित करती है, बल्कि भारत और इंग्लैंड के बीच क्रिकेट की ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता को भी नया आयाम देती है। यह नामकरण क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक विशेष क्षण है, जो इन दोनों दिग्गजों की विरासत को हमेशा याद रखेगा।

## इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट से पहले अंशुल कंबोज भारतीय टीम में शामिल

नई दिल्ली। इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट से पहले तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। अंशुल को तेज गेंदबाज आकाश दीप और अर्शदीप सिंह के चोटिल होने के कारण बैकअप के रूप में टीम में जोड़ा गया है। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय टीम की एजबेस्टन में ऐतिहासिक टेस्ट जीत के हीरो आकाश दीप के बारे में कहा जा रहा है कि वह चोट से उबर रहे हैं, जिसके कारण वह मैनचेस्टर में होने वाले चौथे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। लॉर्ड्स टेस्ट में तेज गेंदबाज को इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान 30वां ओवर फेंकने के बाद कूल्हे को पकड़कर सावधानी से चलते हुए देखा गया। इसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए। आकाश थोड़ी देर बाद मैदान पर लौटे, लेकिन उन्होंने कोई और ओवर नहीं फेंका। वह दिन के अंत में भारतीय टीम के तीन विकेट गिरने के बाद नाइट वॉचमैन के तौर पर बल्लेबाजी करने आए और 11 गेंदें खेली थीं।

## प्रिया मलिक ने 76 किग्रा फ्रीस्टाइल में जीता रजत पदक

एजेंसी



बुडापेस्ट। दो बार की वर्ल्ड कैडेट्स चैंपियन प्रिया मलिक ने पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल 2025 कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं की 76 किग्रा फ्रीस्टाइल कैटेगरी में रजत पदक जीता। हंगरी के बुडापेस्ट में शनिवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में भारत की प्रिया मलिक को ब्राजील की थामिरेस मार्टिन्स माचाडो के खिलाफ 4-3 के बेहद करीबी अंतर से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय पहलवान ने टूर्नामेंट की शुरुआत क्वार्टरफाइनल में रियो 2016 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता कजाकिस्तान की एलमिरा सिजदिकोवा को 7-2 से हराकर की। इसके बाद उन्होंने सेमीफाइनल में वैलेरिया ट्रिफोनोवा पर 11-1 की जबरदस्त जीत दर्ज की। हमवतन मनीषा ने 62 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। जहां कांस्य पदक मुकाबले में मनीषा ने क्रिस्टिना को 9-0 से पटखनी देकर जीत हासिल की। क्वार्टरफाइनल में मनीषा को अमीना टंडेलोवा से 11-0 से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने रेपचेज राउंड के जरिए वापसी करते हुए फ्रांस की ओलंपियन अमेलिन डोआर को 8-2 से हराया। वहीं, नॉर्डिक सिस्टम के तहत 55 किग्रा वर्ग में खेल रहीं पुष्पा को अमेरिका की क्रिस्टेल नोएल रोड्रिगेज और कनाडा की वर्ल्ड चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता कार्ला गोडिनेज से हार का सामना करना पड़ा। ग्रीको-रोमन कुश्ती में करण कंबोज (87 किग्रा) क्वालिफिकेशन से, अंकित गुलिया (72 किग्रा) प्रीक्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए। शनिवार को जीते गये पदकों के साथ भारत के पदकों की संख्या आठ हो गई है। जिसमें तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सिग्नेचर ग्लोबल सितंबर तिमाही में गुरुग्राम में 6,000 करोड़ रुपये की आवासीय परियोजना पेश करेगी

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल ने अंतिम उपयोगकर्ताओं और निवेशकों की मांग को पूरा करने के लिए चालू तिमाही में गुरुग्राम में 6,000 करोड़ रुपये मूल्य के घरों की पेशकश की योजना बनाई है। सिग्नेचर ग्लोबल पिछले वित्त वर्ष (2024–25) में बिक्री बुकिंग के मामले में पांचवीं सबसे बड़ी सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनी थी। सिग्नेचर ग्लोबल से आगे गोदरेज प्रॉपर्टीज, डीएलएफ, लोढ़ा समूह और प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड थीं। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में 10,290 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बिक्री बुकिंग दर्ज की थी। सिग्नेचर ग्लोबल के चेयरमैन प्रदीप कुमार अग्रवाल ने कहा कि कंपनी ने जून तिमाही के दौरान गुरुग्राम में एक आवासीय परियोजना शुरू की है, जिसकी कुल राजस्व क्षमता लगभग 3,500 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा, हम चालू तिमाही में 35–40 लाख वर्ग फुट क्षेत्रफल वाली आवासीय परियोजना शुरू करने की योजना बना रहे हैं। इसकी कुल बिक्री क्षमता लगभग 6,000 करोड़ रुपये होगी। अग्रवाल ने कहा कि मांग, खासकर अच्छे ब्रांड के लिए लगातार मजबूत बनी हुई है। उन्होंने कहा, सबसे ज्यादा मांग दो–चार करोड़ रुपये की श्रेणी में है। हाल ही में, एक रियल एस्टेट सम्मेलन के दौरान, अग्रवाल ने जोर देकर कहा था कि गुरुग्राम के आवास बाज़ार में कोई बुलबुला नहीं है। उन्होंने कीमतों में किसी भी तरह की गिरावट की संभावना से इनकार किया था। अग्रवाल को चालू वित्त वर्ष में 12,500 करोड़ रुपये मूल्य के घर बेचने के अपने लक्ष्य को हासिल करने का भरोसा है। हालांकि, जून तिमाही में कंपनी की बिक्री बुकिंग में 15 प्रतिशत की गिरावट आई है।

### कोल्डप्ले कॉन्सर्ट के वीडियो पर विवाद के बाद प्रौद्योगिकी कंपनी एस्ट्रोनॉमर के सीईओ का इस्तीफा

**वाशिंगटन।** संगीत बैंड कोल्डप्ले के कार्यक्रम में एक कर्मचारी को गले लगाते समय का अपना वीडियो प्रसारित होने के बाद सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एस्ट्रोनॉमर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने शनिवार को पेशेवरों के सोशल मीडिया मंच 'लिंक्डइन' पर एक बयान में कहा कि एंडी बायरन ने सिनसिनाटी स्थित एस्ट्रोनॉमर इंक के सीईओ पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने पोस्ट में कहा, एस्ट्रोनॉमर उन मूल्यों और संस्कृति के प्रति प्रतिबद्ध है जो हमारी स्थापना के समय से ही हमारा मार्गदर्शन करते रहे हैं। हमारे नेतृत्वकर्ताओं से आचरण और जवाबदेही, दोनों के मानक स्थापित करने की अपेक्षा की जाती है, और हाल ही में, उस मानक को पूरा नहीं किया गया। यह कदम कंपनी द्वारा यह कहे जाने के अगले दिन उठाया गया है कि बायरन को छुट्टी पर भेज दिया गया है और निदेशक मंडल ने वायरल हुई जंबोट्रॉन (बड़ी स्क्रीन) घटना की औपचारिक जांच शुरू कर दी है। कंपनी के एक प्रवक्ता ने बाद में एपी को दिए एक बयान में पुष्टि करते हुए कहा कि वीडियो में बायरन और एस्ट्रोनॉमर की मुख्य लोक अधिकारी क्रिस्टिन कैबोट ही थे। इस छोटी वीडियो क्लिप में बायरन और कैबट को बुधवार को कोल्डप्ले के कार्यक्रम के दौरान मैसाचुसेट्स के फॉक्सबोरो स्थित जिलेट स्टेडियम में जंबोट्रॉन पर कैद किया गया है।

### आईओबी को आगामी तिमाहियों में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के शुद्ध लाभ की उम्मीद

**चेन्नई।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) को आगामी तिमाहियों में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध लाभ बनाए रखने की उम्मीद है। बैंक ने जनवरी–मार्च, 2025 तिमाही में 1,051 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा, यह सौ प्रतिशत निश्चित है। हमें इसे बनाए रखने और आगे भी इसे बढ़ाने का पूरा भरोसा है। अगर आप पिछले दो वर्षों के हमारे शुद्ध लाभ के आंकड़े देखें, तो तिमाही दर तिमाही, यह बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में बैंक ने 1,051 करोड़ रुपये का उस समय तक का सबसे ज्यादा शुद्ध लाभ दर्ज किया था और जून, 2025 की तिमाही में शुद्ध लाभ बढ़कर 1,111 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया, जो बैंक का अब तक का सबसे अधिक शुद्ध लाभ है। उन्होंने आगे कहा, हमें इसे बनाए रखने और आगे भी बढ़ने का पूरा भरोसा है। श्रीवास्तव ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष के दौरान बैंक के समग्र व्यावसायिक क्षेत्र में पिछले वर्ष की तरह 12 प्रतिशत की वृद्धि होगी।

### एएमएनएस इंडिया ने गुजरात के हजीरा संयंत्र में 'कन्टीन्यूअस गैल्वनाइजिंग लाइन' शुरू की

नयी दिल्ली। आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) ने रविवार को गुजरात के हजीरा स्थित अपने प्रमुख संयंत्र में एक नई और अत्याधुनिक 'कंटीन्यूअस गैल्वनाइजिंग लाइन' (सीजीएल) शुरू की है। कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी देते हुए बताया कि इसके साथ ही एएमएनएस इंडिया भारत की एकमात्र ऐसी कंपनी बन गई है जो 1,180 मेगापास्कल तक की मजबूती वाले 'उन्नत अत्यधिक मजबूत इस्पात' (एएचएसएस) का उत्पादन कर रही है। यह इस्पात वाहन उद्योग के लिए अत्यधिक सुरक्षित, पर्यावरण अनुकूल और ईंधन की बचत करने वाला है। कंपनी विभिन्न सक्षम सुविधाओं को विकसित करने के लिए 60,000 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी विस्तार परियोजना को क्रियानवित कर रही है। इसको देखते हुए इस लाइन की शुरुआत बहुत महत्वपूर्ण कदम है। एएमएनएस इंडिया ने बताया कि उसके एकीकृत इस्पात संयंत्र का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2022 में किया था। इसकी विस्तार परियोजना का उद्देश्य उभरती मांग को पूरा करने के लिए इस्पात ग्रेड के विविध पोर्टफोलियो में उत्पादन क्षमता को बढ़ाना है। कंपनी ने बताया कि नई सीजीएल इकाई कंपनी की मूल कंपनियों — आर्सेलरमित्तल और निप्पॉन स्टील के वैश्विक अनुभव और तकनीक पर आधारित है।

## अर्जुन और प्रज्ञानानंदा पर जीत के बाद कार्लसन तीसरे स्थान के लिए खेलेंगे

लास वेगास (अमेरिका)। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने लय में वापसी करते हुए फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में अर्जुन एरिगेसी को 2-0 और आर प्रज्ञानानंदा को 3-1 से शिकस्त दी। अब 750,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट के फाइनल में हैंस मोके नीमन का सामना अमेरिका के लेवोन अरोनियन से होगा जबकि कार्लसन तीसरे स्थान के लिए दुनिया के दूसरे नंबर के अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा से भिड़ेंगे। कार्लसन के लिए दोनों मैच काफी रोमांचक रहे क्योंकि इससे पहले प्रज्ञानानंदा ने उन्हें टूर्नामेंट जीतने का मौका हासिल करने से महरूम कर दिया था। भारतीय खिलाड़ी ने इस मिनी-मैच के पहले गेम में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत की लेकिन नॉर्वे के खिलाड़ी ने 'रिटर्न गेम' में वापसी की और जीत हासिल कर टूर्नामेंट में वापसी की। वहीं अर्जुन ने पहले गेम में बढ़त हासिल की लेकिन इसे कायम नहीं रख सके जबकि दूसरे गेम में कार्लसन सर्वश्रेष्ठ साबित हुए।

# विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में भारत बनाम पाकिस्तान मैच रद्द

एजेंसी



बर्मिंघम। शिखर धवन सहित भारतीय खिलाड़ियों के बहिष्कार के कारण बर्मिंघम में रविवार को विश?व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जाने वाला वेटरन्स क्रिकेट मैच रद्द कर दिया गया है। धवन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने बयान का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया जिसमें लिखा, यह औपचारिक रूप से दोहराया जाता है कि श्री शिखर धवन आगामी डब्ल्यूसीएल में पाकिस्तान टीम के खिलाफ किसी भी मैच में भाग नहीं लेंगे। यह चर्चा 11 मई 2025 को कॉल और व्हाट्सएप पर हमारी बातचीत के दौरान पहले ही हो चुकी थी। हमारी वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति और भारत-पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनाव को देखते हुए, श्री धवन और उनकी टीम ने उचित विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया है। हम इस मामले में लीग से सम्मानपूर्वक समझ और सहयोग का अनुरोध करते हैं। डब्ल्यूसीएल के आयोजकों ने एक बयान में कहा कि उन्होंने यह खबर सुनने के बाद कि पाकिस्तान हॉकी टीम इस वर्ष भारत का दौरा करेगी और दोनों देशों की अंडर-16 टीमों के बीच हाल ही में वॉलीबॉल मैच को देखने के बाद टूर्नामेंट में इस मैच की योजना बनाई थी। टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज की टीमें भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, ल्इस मैच से अनजाने में हमारे भारतीय क्रिकेट दिग्गजों को असुविधा हुई है, तो हम इस मैच का रद्द करते हैं। डब्ल्यूसीएल का दूसरा संस्करण 18 जुलाई को बर्मिंघम में शुरू हुआ और अब तक तीन मैच खेले जा चुके हैं। पाकिस्तान ने टूर्नामेंट का पहला मैच खेला था, लेकिन रविवार का मैच भारत का पहला मैच होने वाला था। युवराज सिंह भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे हैं जबकि मोहम्मद हफीज पाकिस्तान के कप्तान हैं। टूर्नामेंट की छह टीमें एक-दूसरे से एक-एक बार भिड़ेंगी, उसके बाद शीर्ष चार टीमें 31 जुलाई को होने वाले सेमीफाइनल और दो अगस्त को होने वाले फाइनल में भिड़ेंगी। टूर्नामेंट बर्मिंघम, नॉर्थम्प्टन, लीसेस्टर और लीड्स में खेला जाएगा।

## नामीबिया को हराकर जिम्बाब्वे ने रग्बी विश्वकप 2027 के लिए किया क्वालीफाई

कंपाला। जिम्बाब्वे की राष्ट्रीय 15एस रग्बी टीम, सैबल्स ने रग्बी अफ्रीका कप के रोमांचक फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी नामीबिया को 30-28 से हराकर रग्बी विश्व कप 2027 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। कंपाला के मंडेला नेशनल स्टेडियम में कप्तान हिल्टन मुदारिकी की अगुवाई वाली जिम्बाब्वे ने शानदार प्रदर्शन कर जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया में होने वाले इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया। कड़ी टक्कर वाले पहले हाफ 16-16 से बराबरी पर समाप्त हुआ, लेकिन सैबल्स ने ब्रेक के बाद मजबूत वापसी की। गॉडफ्रे मुजानार्ग्वो और ब्रैंडन मुडजेकेन्येद्जी के प्रयासों और इयान प्रायर के त्रुटिहीन रूपांतरणों की बदौलत जिम्बाब्वे ने 30-16 की बढ़त बना ली। नामीबिया ने दो प्रयासों और एक रूपांतरण के साथ देर से वापसी की और अंतर को केवल दो अंकों तक सीमित कर दिया। अंतिम क्षणों में एक पेनल्टी चूकने के कारण अंततः उन्हें मैच हारना पड़ा।

# एचडीएफसी बैंक का पहली तिमाही में शुद्ध लाभ में 12.24 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 18155.21 करोड़ रुपये रहा

मुंबई। देश के सबसे बड़े सबसे बड़े निजी ऋणदाता बैंक, एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को वित्त वर्ष 26 की अपनी पहली तिमाही के नतीजे घोषित किए। बैंक के नतीजे शानदार रहे। टैक्स के बाद बैंक का प्रॉफिट रु. 18,155.21 करोड़ रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के रु. 16,174.75 करोड़ की तुलना में 12.24% अधिक है। शानदार नतीजों के साथ-साथ बैंक ने अपने शेयरधारकों को तोहफा दिया है। बैंक ने अंतरिम डिविडेंड और बोनस शेयर (HDFC Bank Bonus Issue) देने का ऐलान किया है। जून में समाप्त तिमाही में बैंक ने रु. 77,470 करोड़ का इंटरेस्ट इनकम दर्ज की। यह पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में दर्ज रु. 73,033 करोड़ से 6% अधिक है। एचडीएफसी बैंक का ब्याज खर्च कुल रु. 46,032.23 करोड़ रहा। पिछले साल यह ?43,196 करोड़ था। इसमें 6.6% की वृद्धि रही। एचडीएफसी बैंक ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए शुद्ध ब्याज आय (अर्जित ब्याज और व्यय किए गए ब्याज के बीच का अंतर) 5.4% बढ़कर रु. 31,439 करोड़ हो गई। यह 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए रु. 29,839 करोड़ थी। वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में बैंक की स्टैंडअलोन शुद्ध ब्याज आय (NII) 5.4 प्रतिशत बढ़कर 31,438 करोड़ रुपये हो गई। वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में ऑपरेटिंग खर्च साल-दर-साल 4.9 प्रतिशत बढ़कर 17,434 करोड़ रुपये हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में यह 16,621 करोड़ रुपये था। इसमें 6,158 करोड़ रुपये कर्मचारी लागत और 11,276 करोड़ रुपये अन्य खर्चे शामिल हैं। अप्रैल-जून तिमाही में एचडीएफसी बैंक का ऑपरेटिंग रेवेन्यू ?35,734 करोड़ दर्ज किया गया। 30 जून, 2025 तक ग्रॉस एडवांस रु. 26.53 लाख करोड़ तक पहुंच गया, जो वर्ष-दर-वर्ष 6.7% की वृद्धि दर्शाता है। बैंक का कुल जमा 16.2% बढ़कर रु. 27.64 लाख करोड़ हो गया। CASA अनुपात 33.9 प्रतिशत रहा। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में यह 38.2 प्रतिशत था। एचडीएफसी बैंक के बोर्ड ने वित्त 5 रुपये प्रति शेयर के विशेष अंतरिम लाभांश और 1:1 बोनस इश्यू की भी मंजूरी दे दी है। यह विशेष अंतरिम लाभांश उन शेयरधारकों को दिया जाएगा जिनके नाम 25 जुलाई तक रजिस्टर में दर्ज हैं और भुगतान 11 अगस्त को निर्धारित है। बोनस इश्यू, शेयरधारक और विनियामक अनुमोदन के अधीन है। शेयरधारकों को प्रत्येक शेयर के बदले एक बोनस शेयर मिलेगा, जिसकी रिकॉर्ड तिथि 27 अगस्त निर्धारित की गई है।

## विदेशी संस्थागत निवेशकों ने जुलाई में किया 5,939 करोड़ रुपये का निवेश

मुंबई। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने जुलाई में अब तक भारतीय पूंजी बाजार में 69.6 करोड़ डॉलर (5,939 करोड़ रुपये) का शुद्ध निवेश किया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, महीने के दौरान विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शेयरों में बिकवाली कर डेट खरीदे। इक्विटी में उन्होंने 64.3 करोड़ डॉलर की बिकवाली की जबकि 134.4 करोड़ डॉलर के डेट की लिवाली की। इसके अलावा म्यूचुअल फंड में उन्होंने 4.6 करोड़ डॉलर लगाये जबकि हाइब्रिड इंस्ट्रूमेंट से पांच करोड़ डॉलर निकाले। इस महीने की शुरुआत में (एफपीआई) निवेशकों का रुख सकारात्मक था, हालांकि बाद में वे बिकवाल हो गये, खासकर पिछले सप्ताह। इससे पहले जून में एफपीआई निवेशक बिकवाल रहे थे। उन्होंने शुद्ध रूप से बाजार से 90.4 करोड़ डॉलर निकाले थे। पूरे कैलेंडर वर्ष के दौरान उन्होंने भारतीय पूंजी बाजार से 682.2 करोड़ डॉलर की शुद्ध निकासी की है।

# उत्तर प्रदेश सरकार, विजन इंडिया ने कुशल युवाओं को उद्योग से जोड़ने के लिए किया समझौते का नवीनीकरण

एजेंसी

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के आईटीआई प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए कौशल विकास और परामर्श सेवाओं से जुड़ी कंपनी विजन इंडिया सर्विसेज प्राइवेट लि. के साथ रणनीतिक सहयोग का तीन साल के लिए नवीनीकरण किया है। कार्यबल समाधान प्रदाता विजन इंडिया ने रविवार को जारी बयान में कहा कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर उत्तर प्रदेश सरकार के प्रशिक्षण निदेशालय में निदेशक अभिषेक सिंह और विजन इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विवेक कुमार ने लखनऊ में हस्ताक्षर किए। तीन साल का यह समझौता ज्ञापन विजन इंडिया और प्रशिक्षण विभाग के बीच समन्वय को सुगम बनाएगा। इसका मकसद छात्र पंजीकरण,डिजिटल प्रशिक्षण और संस्थागत समन्वय के माध्यम से युवाओं को उद्योगों में रोजगार के विभिन्न अवसरों से जोड़ना है। बयान के अनुसार, इस सहयोग का केंद्र विजन इंडिया द्वारा संचालित नौकरी पोर्टल जस्टजॉब है, जो औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) और डिप्लोमा अभ्यर्थियों के लिए नौकरियों के बारे में सूचना प्रदान करता है। यह पोर्टल विशेष रूप से कुशल युवाओं को उद्योग की मांग के अनुरूप वास्तविक समय में उपयुक्त अवसर से जोड़ने के लिए तैयार किया गया है। इस मौके पर विजन इंडिया के सीईओ विवेक कुमार ने कहा, जस्टजॉब पोर्टल के जरिये हमारा मिशन देश के कुशल युवाओं को भारत के सबसे तेजी से बढ़ते उद्योगों से जोड़ना है। उत्तर प्रदेश सरकार के साथ यह निरंतर साझेदारी हमें अपना प्रभाव बढ़ाने और रोजगार तक समान पहुंच सुनिश्चित करने में मदद करेगी।

## शहरी गैस कंपनियों पर कसा शिकंजा, पाइप वाली रसोई गैस की होगी एक समान कीमत

नयी दिल्ली। पेट्रोलियम क्षेत्र के नियामक पीएनजीआरबी ने शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को आदेश दिया है कि वे खाना पकाने के लिए घरों में पाइप से आने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के लिए एक समान कीमत वसूलें, चाहे खपत का स्तर कुछ भी हो। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि एक निश्चित उपयोग सीमा से अधिक उपयोग पर अधिक कीमत वसूलने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके। सरकार, शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को बाजार मूल्य से कम कीमत पर प्राकृतिक गैस आवंटित करती है, जिसे एपीएम गैस कहा जाता है। यह गैस घरों में पाइप से आने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के रूप में बिक्री के लिए उपलब्ध होती है। चूंकि सरकार यह आवंटन बाजार मूल्य से कम पर करती है, इसलिए उम्मीद की जाती है कि शहरी गैस खुदरा विक्रेता इसका लाभ उपयोगकर्ताओं को देंगे। घरेलू रसोई के लिए इस्तेमाल होने वाली गैस की कीमत बाजार मूल्य से कम होती है, जबकि होटल जैसे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को आपूर्ति की जाने वाली गैस की कीमत बाजार मूल्य पर होनी चाहिए। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने एक नोटिस में कहा कि यह पाया गया है कि ''कुछ शहरी गैस वितरण (सीजीडी) कंपनियां पीएनजी के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बढ़ती हुई मूल्य निर्धारण संरचना लागू कर रही हैं, जहां खपत पूर्वनिर्धारित सीमा से अधिक होने पर प्राकृतिक गैस की प्रति इकाई (मानक घन मीटर) कीमत बढ़ जाती है।

# कंपनियों के तिमाही परिणाम, वैश्विक कारकों से तय होगी बाजार की चाल

एजेंसी



मुंबई। लगातार तीन सप्ताह की गिरावट के बाद अगले सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करने में घरेलू स्तर पर कंपनियों के तिमाही परिणाम और वैश्विक स्तर पर अमेरिका में स्टेबलकॉइन को लेकर बने नये कानून की अहम भूमिका होगी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को गाइडिंग एंड इस्टेब्लिशिंग नेशनल इनोवेशन फॉर यू.एस. स्टेबलकॉइन्स' (जीनियस) एक्ट पर हस्ताक्षर कर दिये जिसका असर सोमवार को बाजार खुलते ही दिखेगा। खासकर स्टेबलकॉइन जारी करने वालों के लिए शत-प्रतिशत रिजर्व रखने के प्रावधान से डॉलर और अल्पावधि अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड की मांग बढ़ेगी और ये मजबूत होंगे। इससे विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसा निकाल सकते हैं। अमेरिका द्वारा नये टैरिफ को लेकर अंतिम समझौते से पहले निवेशक सतर्कता बरत रहे हैं और उनका यह रूख आगे भी जारी रहने की संभावना है। सप्ताह के दौरान 21 जुलाई को इटरनल, 23 जुलाई को इंफोसिस और 25 जुलाई को बजाज फाइनेंशियल सर्विसेज के परिणाम जारी होने हैं। आईडीबीआई, यूको बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और कोटक महिंद्रा बैंक समेत कई बैंकों के परिणाम भी सप्ताह के दौरान जारी होने हैं। निवेशकों की नजर सोमवार को जारी होने वाले आठ प्रमुख उद्योगों के आँकड़ों पर भी रहेगी। बीते सप्ताह प्रमुख सूचकांकों में जहाँ लगातार तीसरी साप्ताहिक गिरावट रही, वहीं मझौली और छोटी कंपनियों के निवेशक लाभ में रहे। बीएसई का सेंसेक्स और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 मंगलवार और बुधवार को छोड़कर शेष तीन दिन लाल निशान में बंद हुआ। सेंसेक्स 0.90 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट के साथ शुक्रवार को 81,757.73 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 0.72 प्रतिशत लुढ़ककर 24,968.40 अंक पर आ गया। यह दोनों का एक महीने का निचला स्तर है। निफ्टी-100 में 0.53 फीसदी की गिरावट रही। दूसरी तरफ, मिडकैप और स्मॉलकैप में साप्ताहिक तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 में 0.99 प्रतिशत का उछाल देखा गया और यह शुक्रवार को 16,645.40 अंक पर रहा। निफ्टी स्मॉलकैप-100 भी 1.04 प्रतिशत की बढ़त में 18,959.65 अंक पर बंद हुआ।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242

Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सत्ाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सावन माह के दूसरे सोमवार की पूर्व संध्या पर काशी हुई शिवमय

- बाबा विश्वनाथ के दरबार में आस्था की कतार
- गौरी योग में होगा बाबा का विशेष श्रृंगार, श्रद्धालुओं को मिलेगा गौरीशंकर स्वरूप का दुर्लभ दर्शन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। श्रावण मास के दूसरे सोमवार की पूर्व संध्या पर रविवार को ही श्री काशी विश्वनाथ के स्वर्णिम दरबार में दर्शन-पूजन के लिए शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। भीषण उमस और गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं का रेला मंदिर परिसर में अलसुबह से ही बोलबम और हर–हर महादेव के उद्घोष के बीच नंगे पांव पहुंचता रहा। श्रद्धालु दशाश्वमेधघाट पर पवित्र गंगा नदी में डुबकी लगाने के बाद जल लेकर श्री काशी विश्वनाथ के दरबार में दर्शन-पूजन के लिए कतारबद्ध होते रहे। मंदिर के गर्भगृह में भोर की मंगला आरती के बाद शुरू हुआ दर्शन-पूजन का सिलसिला अनवरत चलता रहा। मंदिर के गर्भगृह के बाहर से ही शिव भक्त बाबा का झांकी दर्शन पाकर आह्लादित दिखे। पावन ज्योर्तिलंग पर जल चढ़ाने के लिए लोहे के पात्र लगाए गए हैं। इन पात्रों से होकर गंगाजल और बेलपत्र,चंदन सहित अन्य पूजन सामग्री सीधे बाबा के ज्योर्तिलंग तक पहुंच रही है।घरों में भी लोगों ने अवकाश के दिन रूद्राभिषेक कर बाबा से सुखमय जीवन और वंशबेल में वृद्धि की कामना की। वहीं,सावन के दूसरे सोमवार को बाबा का झांकी दर्शन पाने के लिए रविवार शाम से ही श्रद्धालु कतार में जाकर बैठ गए। शिवभक्त पूरी रात कतार में महादेव का स्मरण कर खड़े होकर या बैठ कर गुजारेंगे। सोमवार को भोर में मंगलाआरती के बाद मंदिर का पट खुलते ही श्रद्धालु अपनी बारी आने पर दर्शन पूजन करेंगे। बाबा विश्वनाथ के प्रति उनकी अगाध आस्था को देख विदेश पर्यटक चकित हैं। उधर, मंदिर में सावन के दूसरे सोमवार को बाबा के गौरीशंकर स्वरूप का श्रृंगार होगा। शाम को शिवभक्त बाबा के इस स्वरूप का दर्शन पाएंगे। मंगला आरती से लेकर शयन आरती तक दर्शन-पूजन का सिलसिला अनवरत चलता चलता रहेगा। इस बार सावन मास का दूसरा सोमवार बेहद खास है। शिवभक्त गौरी योग में दरबार में दर्शन पूजन करेंगे। सावन मास के दूसरे सोमवार को कामिका एकादशी, वृद्धि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का भी सुखद संयोग है। ज्योतिषविद रविन्द्र तिवारी बताते है कि 21 जुलाई सोमवार को रोहिणी नक्षत्र में चंद्रमा वृषभ राशि में गोचर करेगा, जिससे गौरी योग का निर्माण हो रहा है।

## केदारघाट के नागेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन–पूजन से मिलती है कालसर्प दोष से मुक्ति

**वाराणसी।** सावन मास में भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व होता है। शिवलिंग पर जलाभिषेक कर श्रद्धालु अपने जीवन के कष्टों से मुक्ति की कामना करते हैं। बाबा विश्वेश्वर (श्री काशी विश्वनाथ) की नगरी में कदम—कदम पर शिवालय है। हर मंदिर की अपनी महिमा है। इन्हीं में से एक प्राचीन नागेश्वर महादेव मंदिर है जो केदारघाट पर स्थित है। इस मंदिर का उल्लेख शिवपुराण, काशी खंड, वेद, और उपनिषदों में भी मिलता है। मान्यताओं के अनुसार, इस मंदिर में विधिवत दर्शन–पूजन और जलाभिषेक करने से कालसर्प दोष से मुक्ति मिलती है। साथ ही, श्रद्धा और भक्ति भाव से पूजा करने पर भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। स्थानीय समाजसेवी रामयश मिश्र बताते हैं कि श्रावण मास में इस मंदिर में विशेष भीड़ उमड़ती है। दूर–दूर से श्रद्धालु कालसर्प दोष से मुक्ति के लिए यहां आते हैं और बाबा नागेश्वर का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालु इस मंदिर में दर्शन करना शुभ मानते हैं। उन्होंने बताया कि यह मंदिर न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि आस्था और विश्वास का भी केंद्र है।



## करंट की चपेट में आने से मासूम की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

**मीरजापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के मवई कला गांव में रविवार की सुबह करंट की चपेट में आकर एक मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। 9 वर्षीय बालक सुंदरम दुकान से सामान लेकर लौट रहा था, तभी घर से लगभग 200 मीटर पहले बिजली के पोल में लगे स्टे तार से प्रवाहित करंट की चपेट में आ गया। घटना स्थल पर ही उसकी तड़प–तड़प कर मौत हो गई। रास्ते से गुजर रहे गांव के सूर्यमणि और वीरेंद्र सिंह की नजर जब गिरे हुए बच्चे पर पड़ी तो उन्होंने आनन–फानन में परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और बांस–बल्ली की मदद से करंट लगे तार से बच्चे को अलग किया। फिर उसे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सुंदरम को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। लोगों का कहना है कि कई बार विभाग को स्टे तारों में करंट आने की सूचना दी गई थी, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। मृतक सुंदरम, सभाजीत का बेटा था और मवई कला प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया बिजली के करंट से मौत की पुष्टि हुई है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव फांसी पर लटका मिला

**औरैया।** अजीतमल कोतवाली इलाके के बाबरपुर देहात में एक महिला का शव रविवार को फांसी पर लटका मिला। नीचे उतारने पर उसकी मौत हो चुकी थी। मुहल्ला सिद्धार्थ नगर निवासी बाबूराम मजदूरी करता है। पुत्र रणवीर, जितेंद्र, पुष्पेंद्र बाहर रहकर गुजर बसर करते हैं। घर पर बाबूराम पत्नी अमरवती, और पुत्रवधू प्रतिमा देवी (25) पत्नी जितेंद्र और छोटा बेटा विवेक के साथ रह रहा है।

# ऐतिहासिक दंगल में देश विदेश से हिस्सा लेने आएंगे 150 पहलवान : जितेंद्र पांडेय



- 300 सालों से चली आ रही है दंगल की प्रथा
- 30 महिला पहलवान भी दंगल में लेंगी हिस्सा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर। नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जागेश्वर मंदिर परिसर में सोमवार को ऐतिहासिक दंगल का आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन मंदिर की 300 साल पुरानी परंपरा का हिस्सा है। जो हर वर्ष सावन माह में पूरी श्रद्धा और जोश के साथ किया जाता है, जिसे लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। दंगल कार्यक्रम में देश ही नहीं बल्कि पड़ोसी देश नेपाल से भी करीब 150 पहलवान हिस्सा लेंगे, जिनमें 30 महिला पहलवान भी शामिल रहेंगी। यह जानकारी रविवार को दंगल संयोजक जितेंद्र पांडेय ने दी। यह पारंपरिक दंगल न केवल कुश्ती का उत्सव है। बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत और गौरवशाली इतिहास का प्रतीक भी है। यह दंगल कार्यक्रम का आयोजन करीब 300 सालों से किया जा रहा है, जिसे लेकर लोग काफी उत्साहित रहते हैं। दंगल कार्यक्रम में कानपुर, पंजाब, हरियाणा और नेपाल से करीब 120 पुरुष पहलवान और 30 महिला पहलवान हिस्सा लेने आ रहे हैं। दंगल कार्यक्रम सोमवार दोपहर ढाई बजे से शुरू होगा। संयोजक जितेंद्र उर्फ जीतू पांडेय ने बताया कि दंगल कमेटी की ओर से प्रतियोगिता प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले पहलवानों को क्रमशः 51, 31 और 21 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि दी जाएगी। पहलवानों को कुश्ती के दौरान किसी प्रकार की कोई समस्या न हो,इसका भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इसलिए अखाड़े की मिट्टी को नर्म और मुलायम बनाने के लिए उसमे छाछ, दूध और दही मिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी हमारी जमीनी और प्राचीन परंपराओं को भूलती जा रही है। कार्यक्रम के माध्यम से हम उन्हें अपने देश की मिट्टी और परंपराओं से रूबरू करवा रहे हैं। हमें समाज का भरपूर सहयोग भी मिल रहा है।

## कार की टक्कर से ई रिक्शा सवार दो लोगों की मौत, पांच घायल

**बलरामपुर।** पचपेड़वा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एनएच 730 पर शंकरपुर गांव के पास अर्टिगा कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। इस हादसे में ई रिक्शा सवार दो लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। थानाध्यक्ष सत्येंद्र बहादुर ने बताया कि बलरामपुर–सिद्धार्थ नगर मुख्य सड़क मार्ग आज सुबह शंकरपुर कला गांव के पास एक अनियंत्रित अर्टिगा कार ने ई–रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई–रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में ई–रिक्शा सवार मुस्ताक उर्फ बब्बू (40) निवासी शंकरपुर कला, पचपेड़वा और हुसैन (75) निवासी ढुढ़वालिया, पचपेड़वा की मौत हो गई। वहीं चालक इब्राहिम (35) निवासी जियाभरी, सिद्धार्थनगर, राज बहादुर (60) निवासी धनौरा बुजुर्ग बढ़नी, झूलन (50) निवासी बसंतपुर महादेव सिद्धार्थनगर, मृतक मुस्ताक की पत्नी साफिया (35) और खैरुन्निसा (50) निवासी संग्रामपुर, पचपेड़वा गंभीर रूप से घायल हो गए।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह संपादक**
डॉ. सुशीलचन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**सलाहकार संपादक**
डा. एम.ए.ए.खान (लखनऊ)
(आई.ए.एस. से.नि.)

**डा. ओम प्रकाश**
(आई.ए.एस. से.नि.)

स्थानीय संपादक नोएडा/एनसीआर
**समन्वय संपादक**
आशुतोष रंजन

**समन्वय संपादक/महाप्रबंधक**
अनिल तिवारी

**साहित्यक संपादक**
आर.पी. शुक्ल, आई.ए.एस(से नि.)

**आध्यात्मिक संपादक**
श्री राम महेश मिश्र

**सह संपादक**
ताहिर इकबाल
आई.ए.एस (से नि.)

**सह संपादक**
मेजर. के. किशोर

**सह संपादक**
हरीशंकर शुक्ल (पी.पी.एस. से.नि.)

**उप सम्पादक**
प्रभात वर्मा

**स्टेट क्वार्डिनेटर**
विपिन सोनी



**संपर्कमुख्यालय**
कार्यालय फोन नं. : 0522-46 43988
www.rashtriyaprastavana.com
ईमेल : noidarp@gmail.com
प्रधान कार्यालय : - एफ1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज लखनऊ,(उप्र)


# प्रदेश में बाढ़ से निपटने की सारी तैयारी पूरी: स्वतंत्र देव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बाराबंकी। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने लोधेश्वर महादेवा के सुप्रसिद्ध शिव मंदिर में जाकर पूजन अर्चन व रुद्राभिषेक कर मानव कल्याण की कामना की। रविवार को दोपहर 12बजे प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश चंद्र शर्मा सदस्य विधान परिषद अंगद सिंह पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी भाजपा जिला उपाध्यक्ष शेखर हयारण ने शिव मंदिर जाकर भगवान शिव का पूजन अर्चन जलाभिषेक व रुद्राभिषेक कर मानव कल्याण की कामना की। पत्रकारों से रूबरू होते हुए जल शक्ति मंत्री ने कहा कि प्रदेश में बाढ़ से निपटने के लिए सरकार द्वारा पूरी तरह से तैयारी कर ली गई है। बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के लिए शासन व प्रशासन पूरी तरह तैयार है सरयू नदी में संभावित बाढ़ के मद्देनजर अग्रिम तैयारिया की जा चुकी है तथा अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है सभी क्षेत्रीय अधिकारी लगातार जमीन पर निगरानी कर रहे हैं उन्होंने यह भी कहा कि 200 से अधिक परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है लगभग 80% कार्य पूरा किया जा चुका है किसी भी प्रकार की जनहानि न हो इसके लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी रामनगर विवेकशील यादव क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे चौकी इंचार्ज संतोष त्रिपाठी महादेवा मंडल अध्यक्ष अमित सिंह सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इस्लामिया ग्राउंड में देर रात मुठभेड़: ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, एक बदमाश घायल

बरेली । शहर के कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस्लामिया ग्राउंड के खंडहर में छिपे तीन बदमाशों को घेरने गई पुलिस टीम पर फायरिंग हुई, जिसमें जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि दो अन्य को मौके से दबोच लिया गया। पुलिस के मुताबिक, शनिवार रात कोतवाली प्रभारी अमित कुमार पांडेय पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि इस्लामिया ग्राउंड के पास स्थित खंडहर में कुछ संदिग्ध युवक किसी बड़ी वारदात की फिराक में छिपे हुए हैं। पुलिस टीम ने बिना देर किए चारों ओर से घेराबंदी कर दी। खुद को घिरा देख बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में सावेज पुत्र जमीर अहमद निवासी बास की मंडी के पैर में गोली लग गई। पकड़े गए बदमाशों में मोबिन पुत्र रईस अहमद निवासी स्वाले नगर और कलीम पुत्र समीम निवासी घेर शेख मिट्टू शामिल हैं। पुलिस ने बदमाशों के पास से तमंचा, कारतूस, दो चाकू, पीली धातु की दो अंगूठियां और पिघली हुई धातु के टुकड़े बरामद किए हैं। पुलिस को संदेह है कि बरामद धातु चोरी या लूट से जुड़ी हो सकती है। पुलिस पूछताछ में तीनों बदमाशों ने कबूला कि वे राहगीरों को बहला-फुसलाकर उनका ब्रेनवॉश करते थे और फिर उनसे ठगी, चोरी और लूट की वारदात को अंजाम देते थे। इनका नेटवर्क बरेली के अलावा शाहजहांपुर और बदायूं तक फैला हुआ है। पुलिस रिकॉर्ड में तीनों के खिलाफ पहले से गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

# श्रावण मास के दूसरे सोमवार को महादेवा में उमड़ेगी भारी भीड़, सुरक्षा चाक चौबंद



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बाराबंकी। सावन मास के दूसरे सोमवार पर लोधेश्वर महादेवा के प्रसिद्ध शिव मंदिर पर श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा होगा। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने चाक चौबंद प्रबंध किए हैं। रविवार से ही प्रदेश के विभिन्न जिलों झांसी, जालौन, फतेहपुर, कानपुर, उन्नाव, लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर, गोंडा, बहराइच सहित तमाम जगहों से भारी संख्या में श्रद्धालुओं का दोपहिया व चौपहिया वाहनों से महादेवा आगमन शुरू हो चुका था। दूर दराज के जिलों से ट्रेनों के माध्यम से शिव भक्त पहुंच रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि श्रावण मास के दूसरे सोमवार को देखते हुए महादेवा मंदिर में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के तहत मेले में छह क्षेत्राधिकारी, 10 इंस्पेक्टर, 17 थानाध्यक्ष, 116 उपनिरीक्षक, 16 महिला उप निरीक्षक, 379 सिपाही, 116 महिला सिपाही, छह यातायात निरीक्षाक, 42 ट्रैफिक पुलिस, 20 होमगार्ड और एक कंपनी पीएसी के जवान सुरक्षा की कमान संभालेंगे। मंदिर व मेला परिसर में लगे कई दर्जन सीसीटीवी कैमरे भी मेले की निगरानी में मुस्तैद रहेंगे। सावन का दूसरा सोमवार को लेकर उप जिलाधिकारी रामनगर विवेकशील यादव, क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत, तहसीलदार विपुल कुमार मेले में कैंप कर सुरक्षा व कानून व्यवस्था पर विशेष नजर रखेंगे। इसके अलावा थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडे, चौकी इंचार्ज महादेवा संतोष कुमार त्रिपाठी भी अपने सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ सुरक्षा में मुस्तैद रहेंगे।

# डीएम ने मानसिक चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

- आपत्तिजनक शब्दों 'कोठारी', 'लॉकअप', 'जंगी वार्ड' के स्थान पर मानवीय शब्दावली के प्रयोग का दिया निर्देश



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने रविवार को पांडेयपुर स्थित मानसिक चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया और अस्पताल की व्यवस्थाओं का गहनता से जायज़ा लिया। उन्होंने मानसिक चिकित्सालय के निदेशक व प्रमुख अधीक्षक से मरीजों के उपचार, भोजन, निवास और अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने अस्पताल के अग्निशमन कक्ष, गार्ड रूम, ओपीडी, इमरजेंसी, फैमिली वार्ड और मरीजों के रहने वाले कक्षों का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों की सुरक्षा, स्वच्छता और सुविधाओं को लेकर संतोष व्यक्त किया। मरीजों के बेड, चादरें और कमरों की सफाई व्यवस्था को सराहा। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल के रिकॉर्ड रजिस्टर की जांच करते हुए अस्पताल में प्रचलित कुछ शब्दों जैसे 'कोठारी', 'लॉकअप' और 'जंगी वार्ड' को असंवेदनशील बताया। उन्होंने इन शब्दों के स्थान पर अधिक मानवीय और संवेदनशील भाषा के उपयोग के लिए शासन को पत्र भेजने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने गार्ड रूम के रजिस्टर की जांच करते हुए निर्देश दिया कि अस्पताल में आने-जाने वाले हर व्यक्ति की एंट्री अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। बिना रजिस्ट्रेशन के किसी को अंदर प्रवेश न देने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण करते हुए ओपीडी और फैमिली वार्ड की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने फैमिली वार्ड के रजिस्टर की जांच करते हुए निर्देश दिया कि प्रत्येक मरीज और उनके अभिभावकों का पूरा विवरण जैसे नाम, मोबाइल नंबर, पहचान पत्र आदि सही ढंग से दर्ज होना चाहिए। साथ ही, गार्जियन के परिचय पत्र भी बनाए जाने के निर्देश दिए गए। अस्पताल के निदेशक डॉ. प्रकाश चंद मल्ल ने जानकारी दी कि अस्पताल में बाह्य और आंतरिक दोनों तरह के मरीजों के लिए सुविधाएं उपलब्ध हैं। ओपीडी परिसर में बैठने की उचित व्यवस्था, शुद्ध पेयजल और शौचालय की सुविधाएं मौजूद हैं। मानसिक रोगियों की काउंसिलिंग के लिए टेलीमानस सेवा का भी उपयोग किया जा रहा है। प्रशासनिक परिसर में भी मानसिक रोगियां एवं परिजनों के बैठने एवं मिलने (मुलाकात) के लिए एक शेड बना है, जिसमें फिल्टर्ड वाटर कूलर तथा शौचालय की सुविधा उपलब्ध है। पुरुष, महिला और पारिवारिक वार्डों में मरीजों के अलग अलग रहने की व्यवस्था है। इस दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में निर्माणाधीन नए वार्ड और प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज की आधारशिला से संबंधित कार्यों की भी जानकारी ली। इस अवसर पर एडीएम सिटी आलोक वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट रविशंकर सिंह, चिकित्सालय के निदेशक व अधीक्षक प्रकाश चंद मल्ल, सीएमएस जिला अस्पताल भी मौजूद रहे।